आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 32°C |

इनसाइड न्यूज

अब नहीं चलेगी मलाईदार पोस्टिंग की मठाधीशी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 13 जून, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 238 | www.janexpresslive.com/epaper



फडणवीस और राज ठाकरे की डेढ़... 12

# एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद में क्रैश

## भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक जिंदा बचा

## बाकी 241 यात्रियों की मौत, एअर इंडिया की फ्लाइट लंदन जा रही थी, पूर्व सीएम रूपाणी का भी निधन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद

अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचने की बात आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले न्यूज एजेंसी ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी थी कि एक अन्य व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल हैं। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे।





### विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और कनाडाई नागरिक थे सवार

एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि अहमदाबाद से लंदन गैटविक जाने वाली उड़ान संख्या एआई 171 उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अहमदाबाद से दोपहर 1338 बजे रवाना हुई इस उड़ान में बोइंग 787-8 विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 169 भारतीय नागरिक हैं, 53 ब्रिटिश नागरिक हैं, 1 कनाडाई नागरिक है और 7 पुर्तगाली नागरिक हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया जा रहा है।

### गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी सवार थे, उनका भी निधन

हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने 𝕏 पर यह जानकारी दी। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी।

### मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ की सहायता राशि देगा टाटा संस

इस हादसे पर टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन शोक जताते हुए कहा- एयर इंडिया फ्लाइट 171 से जुड़ी दुखद घटना से हम बहुत दुखी हैं। इस समय हम जो दुख महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो घायल हुए हैं। टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवारों को 1 करोड़ की सहायता राशि देगा। हम घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त, हम बीजे मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे। हम इस अकल्पनीय समय में प्रभावित परिवारों और समुदायों के साथ खड़े हैं।

### विमान दुर्घटना के बाद जर्मनी, चीन, रूस, फ्रांस ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की

जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने कहा कि जर्मनी अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की चौंकाने वाली तस्वीरों पर नजर रख रहा है और भारत के लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा है एक्स पर एक पोस्ट में, वेडफुल ने कहा, हम अहमदाबाद में उड़ान के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान की चौंकाने वाली तस्वीरों पर नजर रख रहे हैं। चूंकि हम अभी विवरण जान रहे हैं, इसलिए मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं भारत में हमारे मित्रों और वर्तमान में अपने प्रियजनों के लिए आशा कर रहे सभी लोगों के साथ हैं।

### अहमदाबाद से अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगा रेलवे

अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर पश्चिमी रेलवे ने कहा, दुखद अहमदाबाद विमान दुर्घटना के जवाब में, पश्चिमी रेलवे की आपदा प्रबंधन टीम राज्य के साथ निकट समन्वय बनाए रखते हुए, घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से पूर्ण सहायता प्रदान कर रही है। बचाव कार्यों में सहायता के लिए पश्चिमी रेलवे मेडिकल टीम और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) के जवानों को भी पहले ही तैनात किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी रेलवे मांग के आधार पर अहमदाबाद से अतिरिक्त ट्रेनें संचालित करेगी। फिलहाल, अहमदाबाद से मुंबई के लिए एक ट्रेन और दिल्ली के लिए एक ट्रेन चलाने की योजना बनाई जा रही है।

### अहमदाबाद हवाई अड्डे के बाहर बनाया जा रहा है सहायता डेस्क

लंदन जाने वाली एयर इंडिया विमान दुर्घटना के यात्रियों के रिश्तेदारों के लिए अस्थायी रूप से बंद अहमदाबाद हवाई अड्डे के बाहर एक सहायता डेस्क और सहायता क्षेत्र स्थापित किया जा रहा है।

### एयर इंडिया के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन का बयान

मैं अत्यंत दु:ख के साथ पुष्टि करता हूं कि अहमदाबाद लंदन गैटविक से उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट 171 आज दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हमारी संवेदनाएं इस विनाशकारी घटना से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं।इस समय, हमारा प्राथमिक ध्यान सभी प्रभावित लोगों और उनके परिवारों का सपोर्ट करने पर है। हम साइट पर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों की सहायता करने और प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता और देखभाल प्रदान करने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ कर रहे हैं। एक इमरजेंसी सेंटर को सक्रिय कर दिया गया है ।

### सीएम सिद्धारमैया ने विमान हादसे पर जताया शोक

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा, अहमदाबाद में विमान दुर्घटना हुई। इंडियन एयरलाइंस का विमान लंदन जा रहा था। विमान में 242 लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार सभी 242 लोगों की मौत हो गई है। यह बहुत बड़ी त्रासदी है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। इस घटना से सभी को दुख होना चाहिए। सभी मृतकों की आत्मा को शांति मिले। मैं प्रार्थना करता हूं कि परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति मिले।

### हम इस घटना से बहुत दुखी हैं: मजूमदार

केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा, हम इस घटना से बहुत दुखी हैं। मेरी प्रार्थनाएं 242 लोगों के परिवारों के साथ हैं... हमने अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं और हम कल से फिर से कार्यक्रम शुरू करेंगे क्योंकि हम आज किसी भी तरह की राजनीति नहीं करना चाहते।

### अहमदाबाद विमान हादसे के बाद गृह मंत्री ने की बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और अन्य के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

### पंजाब भाजपा ने विजय रूपाणी को दी श्रद्धांजलि

पंजाब के लुधियाना में भाजपा ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब के पार्टी प्रभारी विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि दी, जिनकी अहमदाबाद में हुई लंदन जाने वाली एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

### घायलों से मिले अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घायलों से मुलाकात की, जिनमें एक घायल व्यक्ति भी शामिल है, जो आज सुबह दुर्घटनाग्रस्त हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान AI171 का एकमात्र जीवित बचा यात्री प्रतीत होता है।

### घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया

अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है। घायल यात्रियों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया जा रहा है। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं।

### पायलट ने आखिरी समय पर मे-डे कॉल किया था

विमान के पायलट सुमित सुब्बरवाल ने आखिरी मौके पर मे-डे कॉल दिया था। यह एक अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन कॉल है, जिसे पायलट उस स्थिति में भेजता है जब विमान गंभीर संकट में हो और उसे इमरजेंसी हेल्प की जरूरत हो। मे-डे शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द मे-डे से हुई है, जिसका अर्थ होता है मदद कीजिए । इसे तीन बार दोहराया जाता है... मे-डे मे-डे मे-डे

### विमान जिस बिल्डिंग पर गिरा, उसमें 50-60 डॉक्टर थे

एयर इंडिया का विमान जिस बिल्डिंग से टकराया, वह इंटर्न डॉक्टर्स का हॉस्टल था। जानकारी के मुताबिक यहां 50 से 60 इंटर्न डॉक्टर्स थे। सभी के मारे जाने की आशंका है। इससे सटे ब्लॉक में रेजिडेंट डॉक्टर्स रहते थे।

### पायलट को 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव

विमान के कैप्टन सुमीत सब्बरवाल थे। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमीत सब्बरवाल एक एलटीसी थे। उनके पास 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव था। को-पायलट के पास 1100 घंटे का उड़ान का अनुभव था। एलटीसी का मतलब है लाइन ट्रेनिंग कैप्टन। ये अनुभवी पायलट होते हैं जो दूसरे पायलटों को ट्रेनिंग देते हैं।

### अहमदाबाद के लिए दो फ्लाइट चलाएगी एअर इंडिया

एअर इंडिया ने ट्वीट बताया कि, एअर इंडिया दिल्ली और मुंबई से अहमदाबाद के लिए दो राहत उड़ानों का आयोजन कर रही है, जो यात्रियों और एअर इंडिया कर्मचारियों के परिजनों के लिए होंगी... दिल्ली और मुंबई में यात्रियों और कर्मचारियों के परिजन जो इन उड़ानों से यात्रा करना चाहते हैं, वे हमारी हॉटलाइन 1800 5691 444 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा, जो लोग अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से आ रहे हैं और यात्रा करना चाहते हैं, वे हमारी हॉटलाइन +91 8062779200 पर कॉल कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख

राष्ट्रपति भवन की तरफ से एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा गया- अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत दुखी हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

### पीएम मोदी ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे हृदय विदारक है। इस दुख की घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने हादसे पर जताया दुख

अहमदाबाद में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने हमें एक विनाशकारी मानवीय त्रासदी का सामना करने पर मजबूर कर दिया है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस घटना से प्रभावित हुए हैं। दुख की इस घड़ी में, पूरा देश उनके साथ एकजुटता से खड़ा है।

### विमान हादसे पर यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने जताया दुख

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ट्वीट किया, भारत से अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर आई है। इस भयानक नुकसान से पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। हम आपके दर्द को साझा करते हैं। यूरोप इस दुख की घड़ी में आपके और भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### राहुल गांधी ने विमान हादसे पर जताया दुख

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, अहमदाबाद एयर इंडिया दुर्घटना दिल दहला देने वाली है। यात्रियों और चालक दल के परिवारों को जो दर्द और चिंता हो रही होगी, वह अकल्पनीय है। इस अविश्वसनीय रूप से कठिन क्षण में मेरी संवेदनाएं उनमें से प्रत्येक के साथ हैं। प्रशासन द्वारा तत्काल बचाव और राहत प्रयास महत्वपूर्ण हैं - हर जीवन मायने रखता है, हर सेकंड मायने रखता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमीन पर मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### पुर्तगाल के पीएम ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर पुर्तगाल के पीएम लुइस मोंटेनेग्रो ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मुझे भारत में हुए दुखद विमानन हादसे के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ, जिसमें पुर्तगाली राष्ट्रीयता के 7 नागरिक शामिल थे। मैं अपनी और सरकार की ओर से पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और गहरी एकजुटता व्यक्त करना चाहता हूं।

### अहमदाबाद विमान हादसे पर राष्ट्रपति पुतिन ने जताया शोक

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए यात्री विमान हादसे पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संवेदना संदेश भेजा।व्लादिमीर पुतिन ने लिखा- आदरणीय राष्ट्रपति महोदया, आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय, अहमदाबाद में हुए यात्री विमान हादसे के दुखद परिणामों पर कृपया गहरी संवेदना स्वीकार करें। कृपया पीड़ितों के परिवारों और उनके करीबी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और समर्थन व्यक्त करें, साथ ही इस आपदा में घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करें।

### भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने जताया शोक

अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, यह दुख की घड़ी है...हम दुखी हैं और जिन लोगों की जान गई है उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जताया शोक

अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, एअर इंडिया के विमान का बहुत दुखद हादसा हुआ है। हम सब बहुत दुखी हैं। मेरी संवेदनाएं उन सभी यात्रियों के परिवारों के साथ हैं जिनकी हादसे में मृत्यु हो गई है...भगवान सभी परिवार के सदस्यों को शक्ति दे, इस दुखद घड़ी में हम सब उनके साथ हैं।

# बिना लाइसेंस मौत का कारोबार

## कब जागेगा लखनऊ का स्वास्थ्य विभाग?

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी में स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे, मोहान रोड पर साईं हॉस्पिटल बेखौफ और बेताज मौत का धंधा चला रहा था बिना किसी पंजीकरण के, बिना किसी डॉक्टर के, और बिना किसी डर के। जांच में साफ हो गया कि यह हॉस्पिटल वर्ष 2024 से बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित हो रहा था, मगर अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। क्या ये महज लापरवाही है या किसी गहरे भ्रष्ट गठजोड़ की बू है?




शेर सिंह यादव साईं हास्पिटल संचालक

श्याम जी यादव साईं हास्पिटल संचालक

### जनता पूछ रही है

- क्या स्वास्थ्य विभाग की आंखें बंद हैं या जेबें भारी?
- क्या पंजीकरण विहीन अस्पताल मौत का लाइसेंस लेकर चल सकते हैं?
- कब तक यूं ही आम जनता प्रशासनिक लापरवाही की कीमत अपनी जान देकर चुकाती रहेगी?

### जन एक्सप्रेस प्रशासन से मांग करता है कि

- साईं हॉस्पिटल को तत्काल सील किया जाए,
- श्याम यादव और शेरा सिंह को तत्काल गिरफ्तार किया जाए,
- और सीएमओ कार्यालय की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए।
- एक मां की मौत से ज़्यादा शर्मनाक कुछ नहीं। अगर अब भी कार्रवाई नहीं होती - तो लखनऊ का स्वास्थ्य तंत्र ही नहीं, इंसानियत भी मर चुकी है।

### डॉक्टर नहीं, संचालक ने की इलाज की नाटकबाज़ी


माँ बनने से पहले ही छीन ली गई साँसें
अब न्याय की उम्मीद भी दम तोड़ रही है?

1 जून को कोमल नाम की 8 माह की गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर साईं हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मगर डॉक्टर की जगह अस्पताल के संचालक श्याम यादव और उसके साथी शेरा सिंह ने इलाज का तमाशा किया। नतीजा - कोमल की दर्दनाक मौत। इतना ही नहीं, जब कोमल की जान जा चुकी थी, तब भी हॉस्पिटल प्रशासन ने झूठ बोलकर उसे कृष्णानगर के दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने स्पष्ट कर दिया कि कोमल की मौत पहले ही हो चुकी थी।

### झूठ की दीवार, मौत की दुकान

जब मामले ने तूल पकड़ा और परिवार ने पुलिस को तहरीर दी, तब जाकर पुलिस ने सीएमओ से जांच रिपोर्ट मांगी। जांच में खुलासा हुआ कि हॉस्पिटल का पंजीकरण ही नहीं था। अब संचालक अपनी गर्दन बचाने के लिए दावा कर रहा है कि अस्पताल तो बंद था। क्या बंद अस्पताल में लोग भर्ती होते हैं? क्या बंद अस्पताल में इलाज होता है? या फिर ये एक और झूठ है, जो प्रशासन के संरक्षण में फल-फूल रहा है?

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी-साजिश या सड़ांध?

नोडल अधिकारी डॉ. अखंड प्रताप सिंह ने कहा है कि जांच चल रही है, आगे कार्रवाई होगी। मगर सवाल यह है कि क्या कोमल की मौत के लिए ज़िम्मेदार लोगों पर सिर्फ जांच से काम चल जाएगा? क्यों नहीं अभी तक एफआईआर दर्ज हुई? क्यों नहीं साईं हॉस्पिटल को सील किया गया? क्यों नहीं संचालकों की गिरफ्तारी हुई?

# कैंचीधाम मेला: श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को लेकर सीएम धामी ने की बैठक, समुचित व्यवस्था के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। देहरादून

कैंचीधाम मेले को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सीएम आवास में उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने मेले की व्यापकता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तात्कालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तात्कालिक उपायों से मेले के वर्तमान संचालन को बेहतर बनाया जाए। वहीं मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं के माध्यम से स्थायी एवं सुदृढ़ प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सेनेटोरियम से भवाली पेट्रोल पंप से आगे तक लगभग तीन किलोमीटर मार्ग पर हो रही कटिंग कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए, जिससे यातायात व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके। जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने जानकारी दी है कि मेले में श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ रही है। एक साल में लगभग 24 लाख श्रद्धालुओं ने कैंची धाम में दर्शन किए, जबकि पूर्व वर्षों में यह संख्या औसतन आठ लाख के आसपास रही थी। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक वृद्धि की संभावना है। कहा कि कैंची धाम की धारण क्षमता कम है, जबकि मेले के दौरान क्षमता से अधिक कई गुना श्रद्धालु आते है। इस वर्ष भी ढाई से तीन लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थित प्लान तैयार किया गया है।





### कैंचीधाम इन शहरों से संचालित होगी शटल सेवा

कैंचीधाम मेले के दौरान प्रशासन प्रमुख शहरों के लिए शटल सेवा और रोडवेज बसों का संचालन करेगा। डीएम वंदना के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दोगुने शटल वाहन चलाए जाएंगे। इसके अलावा कालाढूंगी, हल्द्वानी, नैनीताल, काठगोदाम, गरमपानी, खैरना, भीमताल और भवाली से कैंचीधाम के लिए शटल सेवा चलाई जाएगी।

### शटल से जाएंगे श्रद्धालु

कैंचीधाम मेले के लिए पुलिस ने ट्रैफिक प्लान की तैयारी कर ली है। मेले में श्रद्धालुओं की भारी आमद की संभावना को देखते हुए पुलिस ने 14 और 15 जून को बाहरी दोपहिया वाहनों के पर्वतीय इलाकों में जाने पर रोक लगा दी है। इन्हें काठगोदाम और कालाढूंगी में रोका जाएगा। यहां से दोपहिया वाहन सवार शटल से कैंची धाम भेजे जाएंगे। इन दिनों नैनीताल और कैंचीधाम में पर्यटकों का सैलाब उमड़ा है। इस कारण रोजाना भवाली, भीमताल, नैनीताल, कैंचीधाम और काठगोदाम मार्ग पर वाहनों की कतारें लग रही हैं। पुलिस अस्थायी पार्किंग स्थलों पर व्यवस्था बनाकर यातायात सुचारु कर रही है, लेकिन यह व्यवस्थाएं नाकाफी हैं। पहाड़ों की ओर दोपहिया वाहन ज्यादा संख्या में आने से सड़कों और चौराहों पर जाम की समस्या बन रही है। इसे देखते हुए पुलिस ने कैंचीधाम मेले के दौरान बाहरी दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि पर्यटकों की आमद को देखते हुए फैसला लिया गया है कि 14 व 15 जून को बाहरी बाइकों को काठगोदाम और कालाढूंगी में ही रोका जाएगा जहां से उन्हें शटल टैक्सी व बसों से कैंचीधाम या नैनीताल भेजा जाएगा।

> मेले के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी है। मेले में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के अनुमान को देखते हुए शटल सेवा के साथ पार्किंग स्थलों का चयन किया गया है। सभी से प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है।
>
> **- विवेक राय, एडीएम**

> हल्द्वानी से कैंची धाम तक शटल सेवा से ही श्रद्धालुओं को भेजा जाएगा। दोपहिया वाहनों का भी प्रवेश बंद रहेगा। इसके लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित किराया तय किया गया है।
>
> **- गुरुदेव सिंह, आरटीओ**

# भीषण गर्मी में उबल रहा प्रदेश, 11 जिलों में लू का अलर्ट जारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में गर्म हवा के थपेड़ों के साथ भीषण गर्मी का कहर जारी है। बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिले बीते कई दिनों से लू की चपेट में हैं। बृहस्पतिवार को झांसी, आगरा आदि शहरों में पारा 45 डिग्री के आसपास रहा। वहीं प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, सुल्तानपुर में भी तपिश और गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। शुक्रवार के लिए मौसम विभाग ने बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा समेत 11 जिलों में लू चलने ऑरेंज अलर्ट और अन्य 14 जिलों में लू के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में रातें भी सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी यूपी में 14 जून तक इस प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों से राहत की उम्मीद नहीं है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 14 जून तक हीट वेव की परिस्थितियां है।

### यहां है लू के लिए ऑरेंज अलर्ट

गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी व आसपास के इलाकों में लू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



# प्रोजेक्ट मैनेजर की उदासीनता से जल जीवन मिशन योजना का बेड़ागर्क

जन एक्सप्रेस। सचिन वन्दन

**चित्रकूट।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' का लक्ष्य 2024 तक देश के हर ग्रामीण परिवार को हर घर नल जल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। लेकिन आज भी लोगों को पानी आने का इंतजार है। इस योजना के असफलता का सबसे बड़ा कारण कंपनी के अधिकारियों की नाकामी है, जो दम तोड़ती दिख रही है। सरकार ने इस योजना को लागू करने के भले ही बड़े-बड़े दावे किए गए हों, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। चित्रकूट का पाठा क्षेत्र इन दिनों भीषण जल संकट की मार झेल रहा है। झुलसाने वाली गर्मी में में लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। जल स्तर खिसकने के साथ शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पेयजल के लिए हाहाकार मच गया है। क्षेत्र में पानी की तलाश लोगों के लिए दिनचर्या बन गई है। मिलों दूर से लोग सिर पर डिब्बा और बैलगाड़ी,साइकिल आदि से पानी ढोकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। चित्रकूट में यह योजना पूरी तरह से फेल होकर भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह गई है।

### प्रोजेक्ट मैनेजर से नहीं सम्हल रहा जेजेएम योजना का कार्य

चित्रकूट में जल जीवन मिशन योजना में कार्य कर रही कम्पनी,एल एंड टी, और जीवीपीआर% के प्रोजेक्ट मैनेजर की लापरवाही का नतीजा है कि योजना को गति नहीं मिल पा रही। दोनों कंपनियों के प्रोजेक्ट मैनेजरों के अनुभवहीन वर्क प्लान ने पूरी योजना का बंटाधार कर दिया है। कंपनी के पीएम द्वारा योजना के विस्तार को लेकर बिल्कुल भी रुचि नहीं दिखाई जा रही है। इसी का नतीजा है कि योजना का 50 प्रतिशत कार्य भी नहीं हो पाया। विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया दोनों कंपनियों के प्रोजेक्ट मैनेजर अक्सर गायब भी रहते हैं, ऐसे में योजना को गति कैसे मिलेगी! देश भर में शुरू की गई %हर घर नल से जल% योजना का चित्रकूट में बेड़ागर्क हो गया है। यह योजना भले ही 4 साल पहले शुरू की गई थी लेकिन यह जल शक्ति मिशन यहां आज भी सपना ही बनकर रह गई है। यहां अधिकांश योजनाएं अधूरी हैं और कई योजनाओं में तो काम ही शुरू नहीं हुआ। फिर ऐसे में कैसे हर घर में नल से जल पहुंच पाएगा ?

### ग्रामीणों की पीड़ा

मानिकपुर विकास खण्ड के मगरहाई ग्राम पंचायत जिसको जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नल जल योजना से जोड़ा गया था, लेकिन इस गांव में आज तक पानी नहीं पहुंचा है। यहां गरीब तबके के लोग बहुतायत में रहते हैं। उन्होंने जन एक्सप्रेस से बताया कि जल जीवन मिशन योजना में पाइपलाइन बिछाकर कनेक्शन कर दिए गए हैं, लेकिन पानी नहीं आ रहा। इस भीषण गर्मी के दौर में पेयजल के लिए जूझना पड़ रहा है। बताया काफी दूर से पानी लाना पड़ता है।

### निजी पंप बने सहारा

पाठा क्षेत्र के अधिकांश गावों के लोग पेयजल के लिए निजी बोर से पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। जल जीवन मिशन योजना के कारण ग्राम पंचायतों में टैंकर न चलने से ग्रामीणों की भारी फजीहत हो रही है। लंबे समय से चुरेह कसेरुआ, ऊंचाडीह, इंटवा डुडैला, मनगवां किहुनियां, अमचूर नेरुआ, खिचडरी, रामपुर कल्याणगढ़, करौंहा आदि ग्राम पंचायतें भीषण जल संकट से जूझ रही हैं।

### योजना का बेड़ागर्क

हर घर जल पहुंचाने की योजना चित्रकूट में दम तोड़ दिया है। यह हम नहीं बल्कि आंकड़े बता रहे हैं। इसे अफसरों की लालफीताशाही कहें या सिस्टम का खामियाजा लेकिन हकीकत तो यही है कि गिने- चुने गावों को सायद ही इसका लाभ मिल रहा हो। जिस योजना को एक वर्ष पहले पूर्ण हो जानी चाहिए वह आज भी अधूरी है। पानी उपलब्ध कराने वाली इस योजना में सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाया है, लेकिन आज भी लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं।

# पुरस्कार और सम्मान पाकर गदगद हुए टॉपर विद्यार्थी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गुरुवार को केंद्र और राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान एवं टेबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ लोक भवन सभागार लखनऊ से किया गया। इसी क्रम में जिला कलेक्टरेट सभागार में भी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में जिले में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 की सूची में स्थान बनाने वाले धीरेंद्र कुमार, सूरज कुमार, पीयूष मिश्रा, सुमित यादव, ओमकार निषाद, रविंद्र कुमार सिंह, शिवांश पटेल, तेजस्वी यादव, श्रद्धा सिंह, रविकेश तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षा में टॉप 10 की सूची में स्थान बनाने वाले सरिता, हरिओम अग्रहरि, विनायक भास्करम, अंशु देवी, निहारिका देवी, काजल, रविकांत शुक्ला, गौरव सिंह, आयुष सिंह,? प्रिया देवी, प्राची त्रिपाठी सहित कुल 21 विद्यार्थियों को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल व 21 हजार का डेमो चेक का वितरण गया।

इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि सीएम योगी का उद्देश्य है कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे प्रदेश उत्तम बन सकें। इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा चंदौली, भदोही, मलिहाबाद के विद्यालयों के नवीनीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। जिससे प्रदेश के विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त हो सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में मेधावी छात्राओं का सम्मान बढा है। भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। इसके साथ ही रोजगार में भी वृद्धि हुई है। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला पंचायत सहाकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला महामंत्री मनोज तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रैली निकालकर दिया बाल श्रम उन्मूलन का संदेश




जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को शासन व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशानुसार रैली निकाल कर जनपद में रैली निकालकर बाल श्रम के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही बाल श्रम उन्मूलन अभियान भी चलाया गया।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम उन्मूलन अभियान की शुरुआत रैली निकाल कर की गयी। रैली में नारों-स्लोगन के साथ व्यासायिक प्रतिष्ठानों, होटलों व जोखिम भरे कार्यों में बच्चों से काम न लेने की हिदायत देते हुए पूरे शहर में अभियान चलाया गया। विशेष किशोर पुलिस इकाई, थाना पुलिस, लेवर श्रम विभाग, बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, शिक्षा विभाग, स्वयंसेवी संगठन, पंचायती राज, स्वयं सहायता समूह, यूथ क्लब आदि के सहयोग से बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जो माह भर लगातार चलाया जायेगा एवं बच्चों से काम लेने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करायी जायेगी।इस अभियान में बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह, सहायक श्रम अधिकारी महेन्द्र शुक्ला, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश माथुर, एसजेपीयू प्रभारी राजेश दुबे, सदानन्द सिंह श्रभुवन सिंह, चाइल्ड लाइन सन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी, श्यामानन्द, अरविन्द कुमार, जन शिक्षा प्रसाद समिति शंकर दयाल पयासी, शिवकुमार सवित्री देवी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# हर्ष फायरिंग में चार को घायल करने वाला फरारी गिरफ्तार, बन्दूक बरामद



जन एक्सप्रेस। उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र में पुलिस ने बारात समारोह में हषज़ फायरिंग कर चार लोगों को घायल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बंदूक बरामद कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कारवाई कर दी।

बता दें कि बीते माह 18 मई को न्यामतपुर स्थित दृश्या रिसोटज़् में एक बारात समारोह के दौरान डैनी ने हषज़ फायरिंग की थी। इस फायरिंग में रामशरण सिंह, सोनेलाल, लाखन सिंह और वीरेंद्र सिंह घायल हुए थे। सीओ जालौन शैलेंद्र वाजपेई के अनुसार घायल रामशरण सिंह के भाई राजन सिंह की शिकायत पर थाना सिरसाकलार में मामला दजज़् किया गया था। इसके बाद से पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर भागता रहा। लेकिन थाना प्रभारी राजीव वैश्य ने भी आरोपी को दबोचने के लिए पूरी तरह जाल बुन दिया था और अपने मुखबिर सक्रिय कर दिए थे। गुरुवार 12 जून को सटीक मुखबिर द्वारा आरोपी के क्षेत्र में घूमने की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने टीम सहित मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश दी और टिकरी में निमाज़णधीन सड़क के पास घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। बल्कि पुलिस ने आरोपी की लाइसेंसी बंदूक भी जब्त कर ली है, और उसका शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को पर्यावरण मित्र सम्मान से किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा को मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें मंदाकिनी नदी के संरक्षण और स्थानीय पर्यावरण के संवर्धन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एसपी झा ने ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके प्रयासों को सराहनीय बताया है। प्रो. मिश्रा के कार्यों ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना और जागरूकता को भी प्रोत्साहित किया है।प्रो. मिश्रा के कार्यों ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना और जागरूकता को भी प्रोत्साहित किया है। स्थानीय नागरिकों और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने प्रो. मिश्रा को मिले इस सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया है। उनके नेतृत्व में ग्रामोदय परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रो. भरत मिश्रा ने कहा कि इस सम्मान से पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और भी दृढ़ होगी और वह आगे भी इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

### रेलवे लाइन पर मिला महिला का शव

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में जोल्हुपुर रेलवे क्रासिंग के पास महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। रेलवे लाइन पर महिला के शव को देखकर कमज़्चारीयों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरु कर दी। बताया गया कि मृतक के पास से बैग में मिले आधार काडज़् से उसकी पहचान गीता 45 वषज़् पत्नी प्रकाश निवासी कुरहना आलमगीर के रूप में की गई। पहचान होने पर पुलिस ने तत्काल सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतका के पति ने उसकी पहचान अपनी पत्नी के रूप में की। उसने बताया कि उसके चार पुत्र हैं और वह विगत कुछ वषोज़् से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। जिसके चलते वह लोग उसकी निगरानी भी करते थे लेकिन गुरूवार सुबह वह अचानक गायब हो गयी थी। जिसकी परिवार के लोग खोजबीन करने में लगे हुए थे, लेकिन पुलिस ने उसका शव रेल पटरी पर पडे होने की सूचना दी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमाटज़्म के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### देर रात वृद्ध की कुएं में गिरकर मौत

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली में बुधवार की देर रात लघुशंका करने के लिए गए वृद्ध की कुएं में गिरकर मौत हो गई। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी किसान शिवदयाल 60 वषज़् गांव में रहकर खेती करता था और उसके दो पुत्र मज़दूरी करते हैं। बुधवार की रात को वह और उनकी पत्नी वनमाली अलग-अलग चारपाई पर घर के बाहर सो रहे थे। पुत्र ने बताया कि रात करीब 11 बजे वह लघुशंका को उठे थे। आंखों से कम दिखाई देने के कारण वह कुएं की तरफचले गए और उसमें गिर गए। रात में करीब एक बजे पत्नी जागी तो उन्हें पति चारपाई पर नहीं मिले।

# अटागाँव में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। माधौगढ़



भव्य एवं पारंपरिक वेश में बुधवार से अटागाँव स्थित मीरा बाई आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। ग्राम की कमेटी के नेतृत्व में कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धामिज़्क विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। वृन्दावन से पधारे कथा व्यास पं आशीष कृष्ण जी महाराज ने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीथज़् स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात दिन तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया जाएगा है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धमज़् के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। शास्त्री ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था।

# बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए शुरू हो राष्ट्रीय मिशन- शंकर दयाल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जनपद में कार्य कर रही जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने जिले में बाल श्रम के खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने और इसके लिए पर्याप्त संसाधनों की मांग की है।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जनपद में काम कर रही जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के निदेशक शंकर दयाल ने कहा कि बाल अधिकारों के मोर्चे पर जिला प्रशासन व नागरिक समाज में जो सजगता व समन्वय दिख रहा है, उससे जल्द ही बाल श्रम मुक्त चित्रकूट का सपना साकार होते देखेंगे। बताया कि संगठन ने पिछले एक साल में जिला प्रशासन के सहयोग से बाल श्रम के खिलाफ 51 छापामार अभियान चलाकर 62 बच्चों को मुक्त कराया है, जो अभी भी जारी है। उन्होंने जनपद में बाल मजदूरी के पूरी तरह से खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने व इसके लिए पर्याप्त संसाधनों के आवंटन और जिलों में जिला स्तरीय चाइल्ड लेबर टास्क फोर्स के गठन की मांग की है।

उन्होंने बाल श्रम के खात्मे के लिए समग्र नीतिगत बदलावों, सरकारी खरीदों में बाल श्रम का इस्तेमाल कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति, 18 साल तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा, पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए बाल मजदूर पुनर्वास कोष की स्थापना, खतरनाक उद्योगों की सूची में विस्तार, राज्यों को उनकी विशेष जरूरतों के हिसाब से नीतियां बनाने, बाल मजदूरी के खात्मे के लिए सतत विकास लक्ष्य 8.7 की समयसीमा को 2030 तक बढ़ाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

बताया कि जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कार्य कर रहे देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। बताया कि जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठन देश के 418 जिलों में धरातल पर बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ काम कर

# डीएम ने विद्युत विभाग व जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने देर रात विद्युत विभाग कायाज़्लय व जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निदेज़्श दिए। सबसे पहले डीएम विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम पहुंचे। जहां उन्होंने उपस्थित कमज़्चारियों से शिकायत निस्तारण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने निदेज़्श दिया कि प्राप्त शिकायतों का विधिवत रजिस्टर में अंकन किया जाए तथा शिकायतकताओज़् को समाधान के उपरांत फोन कर अवगत कराया जाए।अधिशासी अभियंता को कंट्रोल रूम में दो-दो कमज़्चारियों की नियमित ड्यूटी लगाने के निदेज़्श दिए। जिससे शिकायत निस्तारण प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने इमरजेंसी वाडज़् सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। भीषण गमीज़् को देखते हुए उन्होंने इमरजेंसी वाडज़् में चार अतिरिक्त एसी स्वीकृत किए और वाडोज़् में दो-दो एसी स्वीकृत किए और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निदेज़्शित किया कि 48 घंटे के भीतर इन्हें लगवाया जाए। निरीक्षण के दौरान कूलर की साफसफाई न होने से ठंडी हवा न होने पर, तीन एसी खराब पाए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत के निदेज़्श सीएमएस को दिए गए। इमरजेंसी कक्ष में तैनात डॉक्टर अमरीश द्वारा मरीज का परीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने रजिस्टर देखा और स्पष्ट निदेज़्श दिया कि मरीज को देखने का समय अवश्य अंकित किया जाए तथा समुचित रजिस्टर मेंटेन किया जाए। डीएम ने वाडोज़् में भतीज़् मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने दवा व भोजन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली, जिस पर तीमारदारों ने बताया कि दवाएं अस्पताल परिसर से ही उपलब्ध कराई जा रही हैं और भोजन समय पर मिल रहा है। हालांकि, सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई गई। सफाई कमज़्चारी फिनायल का प्रयोग नहीं कर रहे थे, जिस पर डीएम ने सीएमएस को निदेज़्श दिया कि सफाई के दौरान फिनायल का प्रयोग अनिवायज़् रूप से किया जाए। निरीक्षण के दौरान एक वाटर कूलर से ठंडा पानी नहीं निकल रहा था। इस पर सीएमएस ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण समस्या आई है, जिसे शीघ्र ठीक कराया जाएगा। डीएम ने स्पष्ट निदेज़्श दिए कि अस्पताल के सभी वाटर कूलर दुरुस्त रखें जाएं और मरीजों एवं तीमारदारों को ठंडा पानी उपलब्ध हो। इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकायज़् नहीं होगी।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरा लालपुर में युवक ने जंगल में बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरा लालपुर निवासी रविन्द्र निशाद 18 बषज़् पुत्र अजय सिंह उफ़ जैना ने वुधवार की देर शाम को अपनी मां और पिता से फोन पर हुई मामूली कहासुनी के बाद सूयज़् मंदिर के पीछे यमुना के जंगल में जाकर बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जब चरवाहे अपने जानवरो को लेकर जंगल की तरफपहुंचे तो उन्होंने युवक को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने सूचना परिजनों को दी। मौत की खबर सुनकर परिजनों सहित ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। जिन्होंने जानकारी पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए फंदे पर लटके हुए युवक के शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक का पूरा परिवार कानपुर में पानीपुरी का धंधा करता और चार दिन पूवज़् ही युवक अपने गांव अकेले आया था।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोडज़् टॉपसज़् को किया सम्मानित, जिले के मेधावियों ने बढ़ाया गौरव

जन एक्सप्रेस। उरई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन के सभागार में यूपी बोडज़् हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 में उत्कृष्ट प्रदशज़्न करने वाले प्रदेश के टॉप विद्याथिज़्यों को सम्मानित किया। इस अवसर का सजीव प्रसारण जिले के विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सदर विधायक गौरी शंकर वमाज़्, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, अशोक राठौर, विभिन्न विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ने देखा व सुना। मुख्यमंत्री जी के उद्देश्य उद्बोधन से प्रेरणा मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाई स्कूल परीक्षा में यूपी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जालौन जनपद के होनहार छात्र यश प्रताप सिंह भदौरिया (प्रथम स्थान), सिमरन गुप्ता (तृतीय स्थान), शिवानी देवी (छठवां स्थान) तथा रिया (दसवां स्थान) को एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। ये सभी छात्र-छात्राएं स्व. श्रीमती रसकेंद्री देवी इंटर कॉलेज, उमरी से हैं। इसके साथ ही जालौन जनपद स्तर पर हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदशज़्न करने वाले विद्याथिज़्यों में शेखर आजाद (पांचवां), साक्षी तिवारी (छठवां), दीक्षा प्रजापति (सातवां), पुनीत यादव (आठवां), हषिज़्त राज (नवां), आस्था तिवारी और हितांशी (संयुक्त रूप से दसवें स्थान) को भी सदर विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा 21-21 हजार रुपये की चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# युग रामराज का आ गया, सामूहिक गीत से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

आनंदेश्वरम संगीत अकादमी द्वारा अयोजित दो दिवसीय आनंदेश्वरम महोत्सव 2025 का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न संगीतों की प्रस्तुतियां देकर श्रोतागणों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अकादमी के संचालक विनय कुमार पाण्डेय ने कहा कि जब लक्ष्य बड़ा हो, तो जन समूह भी बड़ा होना चाहिए। वह इस क्षेत्र के बच्चों को विश्व स्तर पर संगीत के क्षेत्र में पहचान दिलाना चाहते है। बताया कि इस दो दिवसीय आनन्देश्वरम महोत्सव में विभिन्न प्रकार की संगीत प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें से विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बताया कि इस दौरान शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता जूनियर में मानवी सोनी व अर्पित विश्वकर्मा ने प्रथम, आकर्षि पटेल व ऋतम्भरा ने द्वितीय तथा अनन्या मिश्रा व आकांक्षा तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता सीनियर में शुभेक्षा श्रीवास्तव व राघव पाण्डेय ने प्रथम, मुस्कान त्रिपाठी व जान्हवी सिंह ने द्वितीय, देवयानी शुक्ला व रितिक सिंह ने तृतीय, एकल तबला वादन प्रतियोगिता जूनियर में अपराजिता सिंह व शुभ श्रीवास्तव ने प्रथम, समृद्धि द्विवेदी व सात्विक पहारिया ने द्वितीय, आदित्य




तिवारी व अर्श सिंह ने तृतीय, एकल तबला वादन प्रतियोगिता सीनियर में आद्यांश श्रीवास्तव व प्रशांत द्विवेदी ने प्रथम, अक्षत केशरवानी व हृदेश कुमार ने द्वितीय, अनन्या शुक्ला व आरव जायसवाल, सुगम संगीत प्रतियोगिता जूनियर में आराध्या पटेल व इशांत सिंह ने प्रथम, निया श्रीवास्तव व ऋषभ देव त्रिपाठी ने द्वितीय, अग्रिमा द्विवेदी व यथार्थ ने तृतीय तथा सुगम संगीत प्रतियोगिता सीनियर में काव्या निगम व रुद्र कसौंधन ने प्रथम, आराध्या सिंह व सूरज द्विवेदी ने द्वितीय और अरुंधति दीक्षित व देवांग अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान 10 वर्ष से कम आयु के 60 से अधिक बच्चों ने संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके अलावा युग राम राज का आ गया, आज राम राजा बने आदि गीतों ने श्रोताओं को तालियां पीटने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का निर्देशन डॉ प्रदीप शुक्ला ने किया।



**गाजियाबाद में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान...**
जनपद मुख्यालय के दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी... पढ़ें पेज 12 पर...

# अब नहीं चलेगी मलाईदार पोस्टिंग की मठाधीशी
## स्वास्थ्य विभाग में 'हड्डी जमा' डॉक्टरों पर चला शासन का डंडा!

- सालों से एक ही जिले-मंडल में कुंडली मारे बैठे अफसरों की अब उलटी गिनती शुरू
- 'चहेतों की चौकियों' पर अब नहीं चलेगा सिफारिश तंत्र, हर हाल में होगी उखाड़-पछाड़
- पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश के बाद विभाग में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से मलाई काट रहे अफसरों की अब शामत आ गई है। कुर्सी से चिपक कर जनसेवा के नाम पर सत्ता और सिफारिश की गठजोड़ से जमे डॉक्टरों, सीएमओ और अधीक्षकों पर शासन ने सीधा वार कर दिया है। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की अगुवाई में 06 जून 2025 को जारी आदेश ने साफ कर दिया है अब लंबे समय से तैनाती अघोषित कब्जा की संस्कृति को जड़ से उखाड़ा जाएगा। जिस जिले में 3 साल से ज्यादा सीएमओ/एसीएमओ जमे हैं या जिन मंडलों में 7 साल से ज्यादा से मलाई काटी जा रही है, अब उनका ट्रांसफर फाइनल है। वहीं ऐसे प्रमुख अधीक्षक और निदेशक जो 5 साल से एक ही अस्पताल के बादशाह बने बैठे हैं, उन्हें भी अब दरवाज़ा दिखाया जाएगा। शासन ने साफ किया है कि किसी को नोटिस देकर 'सुनवाई' का मौका नहीं दिया जाएगा। सिस्टम पर बोझ बन चुके अधिकारियों को अब उठाकर दूसरी जगह भेजना ही अंतिम विकल्प है।

### गठजोड़ का खेल बंद-सेवा नहीं तो सीट नहीं!
कई जिलों में चिकित्सा व्यवस्था की दुर्दशा के पीछे यही चहेते अफसर हैं, जो तबादला नीति को ठेंगा दिखा कर मलाई काट रहे थे।

### अब सरकार ने साफ संदेश दिया है
सेवा करनी है तो फील्ड में जाओ, नहीं तो घर बैठो!
अब देखना यह है कि ये आदेश जमीन पर उतरता है या फिर फाइलों में ही दम तोड़ देता है? अगर यह कदम ईमानदारी से लागू हुआ, तो उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त गंदगी की सफाई की शुरुआत हो चुकी है।

### फील्ड से दूर रहकर 'मुख्यालय की मलाई' खा रहे अफसर भी रडार पर
जो डॉक्टर विभागाध्यक्ष कार्यालय या सचिवालय में 3 साल से ऋष्ट की ठंडक में सेवा दे रहे हैं, उन्हें भी अब फील्ड की धूप-पसीने वाली ड्यूटी सौंपी जाएगी। ये आदेश साफ तौर पर 'चयनित चहेतों की आरामगाह' में पड़ी कुर्सियों की उलटी गिनती है।

### जन एक्सप्रेस विशेष
आपके जिले में भी कोई सीएमओ, अधीक्षक या डॉक्टर सालों से एक ही पद पर जमा बैठा है? उसकी जानकारी हमें भेजिए - आपकी आवाज बनेगी हमारी अगली रिपोर्ट।

# लखनऊ की लहूलुहान होती स्वास्थ्य व्यवस्था भ्रष्ट डिप्टी सीएमओ और मूकदर्शक शासन!

- लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग की खुलेआम लूट, मुख्यमंत्री की आंखें बंद?
- उत्तम प्रदेश की लाशों पर खड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था!

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




जिस प्रदेश की राजधानी बीमार है, उस प्रदेश के गांव-कस्बों का क्या होगा? उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के दावों की धज्जियां राजधानी लखनऊ में ही उड़ रही हैं। और यह खेल खेला जा रहा है सीधे स्वास्थ्य विभाग के दफ्तरों में, उन कमरों में जहां जनता के जीवन की हिफाज़त की कसम खाई जाती है – लेकिन असलियत में वहां मौत के सौदे होते हैं।

**19 साल से जमे डिप्टी सीएमओ बना लखनऊ का 'स्वास्थ्य माफिया'!**
डॉ. अखंड प्रताप सिंह नाम है एक अधिकारी का, लेकिन काम है एक संगठित भ्रष्ट गिरोह का संचालन। आरोप हैं कि इन्होंने पिछले पाँच वर्षों में लखनऊ में हजारों झोलाछाप अस्पताल, क्लीनिक और पैथोलॉजी केंद्रों को रेवड़ी की तरह लाइसेंस बेचे, वो भी एक लाइसेंस के नाम पर 1.5 से 2 लाख रुपये की मोटी घूस लेकर।

**नकली डिग्रियों पर असली मौतों की मंजूरी यही बन गया है लखनऊ का स्वास्थ्य मॉडल**
सीएमओ ऑफिस बना भ्रष्टाचार की फैक्ट्री, जांच भी एक 'तमाशा'! चौंकाने वाली बात ये है कि इस पूरे घोटाले की जांच जिस अधिकारी को सौंपी गई वही सीएमओ डॉ. एन.बी. सिंह खुद डॉ. अखंड के सबसे बड़े रक्षक बनकर सामने आए। शिकायतें हाईकोर्ट से लेकर आईजीआरएस पोर्टल तक, लेकिन कार्रवाई एक इंच नहीं। उल्टा, सबूतों को दबाया गया, जांच को घुमाया गया और हर फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

**जन एक्सप्रेस का बड़ा सवाल क्या उत्तर प्रदेश की सरकार वाकई गंभीर है?**
डिप्टी सीएमओ पर इतने संगीन आरोपों के बावजूद कोई निलंबन नहीं! सीएमओ ऑफिस जांच का मजाक बना रहा है, लेकिन शासन चुप क्यों? एफआईआर तक न दर्ज कराना – क्या यह साक्ष्य मिटाने की कोशिश नहीं?
प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से यह सवाल अब सिर्फ विपक्ष नहीं, आम जनता भी पूछ रही है क्या स्वास्थ्य विभाग अब खुलेआम हत्या का लाइसेंस बांट रहा है?
यह सिर्फ लखनऊ की कहानी नहीं, यह पूरे उत्तर प्रदेश की सच्चाई है। जहां स्वास्थ्य सेवाएं बीमार हैं, अस्पताल मौत के कुएं बन चुके हैं और सरकार जमीनी हकीकत से आंखें फेर चुकी है – वहां ÷डबल इंजन सरकार का दावा मजाक बनकर रह गया है।

**जन एक्सप्रेस यह चेतावनी देता है**
अगर अब भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह भ्रष्टाचार पूरे प्रदेश को निगल जाएगा।

### क्या यह सिर्फ लापरवाही है, या सत्ता की सरपरस्ती में पल रही साजिश?
तीन मौतें, तीन अस्पताल, और एक भी एफआईआर नहीं, किसे बचा रही सरकार?
1. **ओम साईं हॉस्पिटल, माल:** फर्जी डॉक्टर उमेश की लापरवाही से गर्भवती महिला का गर्भ नष्ट कोई जांच नहीं।
2. **न्यू वेदांता हॉस्पिटल, दुबग्गा:** मासूम 5 वर्षीय प्रांजल की जान गई ऑपरेशन टेबल पर। रिपोर्ट गायब, डॉक्टर गायब।
3. **साईं हॉस्पिटल, मोहान रोड:** आठ घंटे दर्द से तड़पती रही प्रसूता कोमल – जच्चा-बच्चा दोनों की मौत। फिर भी सीएमओ ने तहरीर देना जरूरी नहीं समझा।

- सवाल यह नहीं कि लापरवाही हुई, सवाल यह है कि कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

# लखनऊ आरटीओ में दलाली अमर है दो हज़ार में बिकता है नियम-कानून!

जन एक्सप्रेस | आशीष कुमार सिंह




**लखनऊ।** राजधानी का आरटीओ दफ्तर एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जहाँ डीएम द्वारा दलाली पर लगाम लगाने की कोशिशें कुछ ही वक्त पहले देखने को मिली थीं, वहीं अब एक ताज़ा मामला सामने आकर पूरे अभियान पर तमाचा जड़ रहा है।

### 'सिस्टम नहीं, पैसा चलता है'
ये कथन आरटीओ कार्यालय के बाहर सच में ज़िंदा हो गया। मामला बेहद चौंकाने वाला है। व्यापार मंडल के प्रवक्ता पवन शुक्ला अपनी निजी गाड़ी का टेक्निकल मुआयना (फिटनेस) कराने आरटीओ ऑफिस पहुँचे थे। उन्होंने सीधे आरटीओ तिवारी जी से मुलाकात की। उम्मीद थी कि काम कानून के दायरे में होगा। लेकिन जवाब मिला–

### ठग नहीं, सिस्टम का हिस्सा बन चुके हैं विक्रम जैसे दलाल
आरटीओ दफ्तर के ठीक बाहर खड़ा एक व्यक्ति, जिसने खुद को विक्रम नाम का दलाल बताया, पवन शुक्ला से बोला, काम दस मिनट में हो जाएगा, दो हज़ार लगेंगे। देखते ही देखते, विक्रम आरटीओ दफ्तर के अंदर दाखिल होता है और कुछ ही मिनटों में फिटनेस का काम करवा कर पेपर सौंप देता है। और तो और, उसने यह भी दावा किया कि वह सीधे काउंटर पर बैठने वाले रईस बाबू से सेटिंग में काम करवा रहा है।

### यह काम हम नहीं करते, ये पुलिस का विषय है
आरटीओ का यह जवाब कानून की सीमाओं का हवाला था या दलाली से दूरी बनाने की चालाकी–ये तो वही जानें–but जो इसके बाद हुआ उसने पूरे तंत्र की पोल खोल दी।

### अब सबसे बड़ा सवाल
जिस काम को आरटीओ साहब तिवारी जी खुद करने से मना कर दें, वो काम विक्रम जैसे दलाल कैसे करवा देते हैं? और सिर्फ़ दो हज़ार में? क्या यह साबित नहीं करता कि आरटीओ के अंदर बैठे कुछ कर्मचारी आज भी दलालों की जेब में हैं?

### जनता पूछ रही है
- क्या रईस बाबू पर कोई कार्यवाही होगी?
- विक्रम जैसे दलालों को कौन संरक्षण दे रहा है?
- आरटीओ तिवारी जी ने क्यों पल्ला झाड़ा?
- आखिर कब तक जनता ऐसे ठगी जाती रहेगी?

### समाप्ति में एक ही बात
लखनऊ के आरटीओ में अगर दलालों की दुकानें फिर से चलने लगी हैं, तो समझ लीजिए कि नियम-कानून, ईमानदारी और प्रशासन–सभी दो हज़ार में गिरवी रख दिए गए हैं।




### डीएम की कार्रवाई धूल में क्यों मिल गई?
कुछ महीने पहले ज़िलाधिकारी द्वारा आरटीओ दफ्तर की दलाली पर सख्ती दिखाई गई थी। कई दलालों की दुकानों पर ताले पड़े थे, कुछ को तो सीज कर दिया गया था। पर लगता है, दलाली ने फिर पैर पसार लिए हैं। अगर दस मिनट में पैसा लेकर गैरकानूनी काम करवाना इतना आसान है, तो सवाल प्रशासन पर भी उठेंगे। क्या डीएम की कार्रवाई सिर्फ़ दिखावा थी? या आरटीओ कार्यालय अंदर से इतना सड़ चुका है कि ऊपर की सफाई से फर्क नहीं पड़ता?

# एलडीए प्रवर्तन जोन-1 में 'सीलिंग में डीलिंग' का खेल!
## अफसरों की मिलीभगत से पनप रहा अवैध निर्माण का नेटवर्क




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के प्रवर्तन जोन-1 में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का ऐसा खेल चल रहा है, जिसने उपाध्यक्ष द्वारा चलाए जा रहे अवैध निर्माण विरोधी अभियान की साख को ही सवालों के घेरे में ला दिया है। वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार सिंह द्वारा जोनल अधिकारी को भेजे गए एक शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें सीलिंग की कार्रवाई को भी लेन-देन का जरिया बनाए जाने का खुलासा हुआ है। पत्र के अनुसार, विराम खंड, पत्रकार पुरम चौराहा, गोमतीनगर स्थित आवासीय भूखंड संख्या 1/7 पर मानचित्र के विपरीत अवैध व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था, जिसे विहित प्राधिकारी के आदेश पर 13 जून 2024 को सील किया गया था। लेकिन, निर्माणकर्ता श्रीमती मीरा गुप्ता द्वारा 28 दिसंबर 2024 को शमन प्रार्थना पत्र देने के बाद, सशर्त सील खोलने का आदेश दिया गया। शर्त यह थी कि एक माह के भीतर अनधिकृत हिस्से को ध्वस्त कर दिया जाएगा। लेकिन जोनल अधिकारी और अवर अभियंता की मिलीभगत के चलते न केवल निर्माण को जारी रखा गया, बल्कि उच्चाधिकारियों को अंधेरे में रखकर अब यह निर्माण अध्यासन के कगार पर पहुँच गया है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि जोनल अधिकारी ने न तो विहित प्राधिकारी को स्थिति से अवगत कराया और न ही दोबारा सीलिंग या ध्वस्तीकरण की कोई कार्रवाई प्रस्तावित की।

### जनता में नाराजगी
स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नियमों का उल्लंघन कर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से न केवल यातायात और सुरक्षा की समस्याएं बढ़ती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की संरचना पर भी बुरा असर पड़ता है। वरिष्ठ पत्रकार द्वारा उठाए गए सवाल सिर्फ एक भूखंड तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह एलडीए की पूरी प्रवर्तन प्रणाली की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। क्या एलडीए प्रशासन ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करेगा? या ÷सीलिंग में डीलिंग÷ का यह खेल यूं ही चलता रहेगा?

### अधिकारियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में
पत्र में दावा किया गया है कि केवल जोन-1 ही नहीं, अन्य प्रवर्तन जोनों में भी इसी तरह से ऋसीलिंग में डीलिंगऋ का खेल बड़े ही गुपचुप ढंग से खेला जा रहा है।
उच्चाधिकारी शिकायतकर्ताओं की कॉल तक नहीं उठाते, और सिर्फ चहेतों की बातों पर ही प्रतिक्रिया देते हैं।

**पत्र में माँग की गई है कि-**
1. अवैध निर्माण को दोबारा सील कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए।
2. संबंधित अधिकारियों (जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, सहायक अभियंता) की विभागीय जांच की जाए।
3. शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हेतु पारदर्शी तंत्र विकसित किया जाए।

# लोकसंस्कृति का उत्सव हैं ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक कार्यशालाएँ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की आत्मा में रची-बसी विविध कलात्मक परंपराओं को फिर से जीवंत करने का एक सांस्कृतिक अनुष्ठान जो इस राज्य की सांस्कृतिक चेतना को नवजीवन देने वाली पुनर्जागरणीय पहल के रुप में उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के पुरोधा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन से संप्रेरित एवं संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की नीतिगत दृष्टि से दिशानिर्देशित पहली बार प्रदेश के 75 जनपदों में ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक कार्यशालाएँ न केवल लोकजीवन में रची-बसी कलाओं के संरक्षण का जीवंत उपक्रम हैं, सांस्कृतिक वाचिक परंपरा, लोकसंवाद, राग-रागिनी, अभिनय, नृत्य और शिल्पकला की विविधधाराओं का एक अनुपम संगम है। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित अनेक संस्थाएं ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक कार्यशालाएँ आयोजित कर रही हैं उसी के क्रम में संगीत नाटक अकादमी द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएँ 15 मई से 15 जून तक संचालित की गई।

# पशुपालन विभाग में एक और महाघोटाला!
## करोड़ों की दवाएं और फीड निगल गया भ्रष्ट सिस्टम

- विभाग के ही वरिष्ठ अधिकारी ने खोली परतें, नई निदेशक से जताई उम्मीदें

जन एक्सप्रेस | संतोष कुमार दीक्षित

**राज्य मुख्यालय।** उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग में एक बार फिर बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। यह घोटाला लाखों का नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये की दवाओं और फीड सप्लीमेंट की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। सबसे गंभीर बात यह है कि इसमें विभाग के ही कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम सामने आए हैं। नवनियुक्त निदेशक डॉ. राजीव सक्सेना के पदभार संभालते ही विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने एक विस्फोटक पत्र के ज़रिए कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस पत्र में विभाग के भीतर व्याप्त भ्रष्टाचार की गंभीर परतें खोली गई हैं।

### जवाबदेही शून्य, संरक्षण की भरमार
डॉ. मनोज कुमार ने अपने पत्र में पूर्व प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक और वर्तमान विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पांडेय पर सीधे-सीधे गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार इन अधिकारियों ने न केवल घोटालों को अनदेखा किया, बल्कि उन्हें संरक्षण भी दिया। वर्ष 2020 में उन्नाव के जिलाधिकारी रहते हुए देवेंद्र पांडेय पर कंपोजिट ग्रांट घोटाले में संलिप्तता के आरोप लगे थे। लखनऊ मंडलायुक्त और आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की जांच रिपोर्ट में उन्हें दोषी ठहराया गया। इसके बावजूद, न केवल उन्हें बहाल किया गया, बल्कि 2021 से अब तक वे अहम पदों पर बने हुए हैं।


अग्रिम प्रति Email, Whatsapp पर प्रेषित
दिनांक-10-06-2025
प्रेषक - डा मनोज कुमार -उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (नि.) किरावली - आगरा
सम्बद्ध -कार्यालय अपर निदेशक ग्रेड 2 पशुपालन विभाग कानपुर मंडल कानपुर
सेवा मे -
डा राजीव सक्सेना जी
नव नियुक्त निदेशक
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र
पशुपालन विभाग लखनऊ
द्वारा - अपर निदेशक ग्रेड 2 पशुपालन विभाग कानपुर मंडल कानपुर (द्वारा ईमेल)
विषय -आपके कार्यकाल मे पूर्व के वर्षो की भांति दवा घोटाले नही होंगे, इसकी परिकल्पना विषयक
महोदय
निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग उ प्र लखनऊ के पद पर आपकी नियुक्ति होने के लिए आपको बधाई एवं अभिनन्दन
महोदय जैसा कि आप विदित होंगे कि गत वर्षो मे दवाइ, फीड सप्लीमेंट्स आदि की खरीद मे भारी अनियमितताए तथा घोटाले हुए है तथा अब आपकी नियुक्ति निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग उ प्र लखनऊ के पद पर हुई है, मुझे आशा ही नहीं विश्वास है कि आप दवाई एवं फीड सप्लीमेंट्स की खरीद मे कोई अनियमितता तथा घोटाला नहीं करेंगे
प्रतिलिपि - निम्न को सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-
(1) मा0 मुख्यमंत्री जी को इस निवेदन के साथ कि गत वर्षो मे दवाई खरीद घोटाले श्री के रवीन्द्र नायक पूर्व प्रमुख सचिव पशुधन तथा श्री देवेन्द्र कुमार पांडेय विशेष सचिव पशुधन के संरक्षण मे हुए थे, जिसकी शिकायत मेने मुख्य सचिव महोदय को शपथ पत्र पर की थी लेकिन कोई जांच नहीं की गई अत महोदय जांच करा कर दोषियों को दण्डित कराने का कष्ट करे
महोदय श्री देवेन्द्र कुमार पांडेय जी वर्ष 2020 मे जिलाधिकारी उन्नाव थे तो इन्होने करोड़ो रुपयों का कम्पोजिट ग्रांट घोटाला किया था जिसमे
क्रमशः पेज 2 पर

### जांच रोकी गई, शिकायत सहित सबूतों को भी नजरअंदाज़ किया गया
डॉ. मनोज के अनुसार देवेंद्र पांडेय ने जानबूझकर डॉ. नीरज गुप्ता (पूर्व सीओ, वेटरनरी) के खिलाफ चल रही भ्रष्टाचार जांच को रोक दिया। यह कार्रवाई किस दबाव में की गई, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### डॉ. मनोज कुमार की तीन मुख्य मांगें
1. दवाओं और फीड सप्लीमेंट घोटालों की निष्पक्ष जांच हो।
2. देवेन्द्र पांडेय को तत्काल पद से हटाया जाए।
3. निदेशक डॉ. राजीव सक्सेना को मिले 'फ्री हैंड', ताकि वे बेखौफ कार्रवाई कर सकें।

### अब सवाल सरकार से!
योगी सरकार खुद को 'जीरो टॉलरेंस' नीति वाली सरकार बताती है। लेकिन जब सबूत, शिकायतें और जांच रिपोर्टें सामने हैं, तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?
- क्या होगी निष्पक्ष जांच?
- क्या हटेंगे घोटालेबाज अफसर?
- क्या ईमानदार अधिकारियों को मिलेगा खुला मैदान?

### देवेंद्र पांडेय से संपर्क का प्रयास
जन एक्सप्रेस संवाददाता ने विशेष सचिव देवेंद्र पांडेय से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर 972666666 पर गुरुवार शाम 4÷37 बजे दो बार कॉल किया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# गुजरात विमान हादसे से भूपेन्द्र चौधरी ने जताया दुख

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में कई लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। इस दुःखद हादसे में हताहत हुए लोगों के परिजनों के प्रति मेरी विनम्र संवेदनाएं हैं।परमपिता परमेश्वर दिवंगत पुण्य आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान दें तथा घायलों को अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।वही बीजेपी के महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा किआज का दिन अत्यंत दुखद रहा। एयर इंडिया के विमान हादसे में जिन मासूम लोगों ने अपनी जान गंवाई, उन्हें हम नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकसंतप्त परिवारों को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति दे।जो यात्री इस दुर्घटना में घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

# मुख्यमंत्री ने मथुरा-वृंदावन में विरासत संरक्षण, यातायात सुधार और दीर्घकालिक विकास पर दिया बल

- धार्मिक स्थलों की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए मूलभूत सुविधाओं का करें विकास: योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा और कानपुर में जनपद एवं मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए निर्देश दिए कि इन दोनों नगरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय फूड कोर्ट और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ऐसे कॉम्प्लेक्स प्रशासनिक कार्यों की सुगमता तो बढ़ाएंगे ही, साथ ही आमजन को अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों नगरों से संबंधित प्रस्तुतिकरणों का विस्तृत अवलोकन किया गया। मथुरा-वृंदावन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 50 वर्षों में इस क्षेत्र ने अनियोजित विकास और विरासत के क्षरण का दंश झेला है। प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे निपटने के लिए दीर्घकालीन नगर नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए समेकित अधोसंरचना विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाने चाहिएं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि मथुरा-वृंदावन के लिए30,080 करोड़ की अनुमानित लागत से कुल 195 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनमें से 23 पर कार्य आरंभ हो चुका है और शेष 172 प्रक्रियाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखते हुए वहां पहुंचने के मार्गों, जल, शौचालय और विश्राम की सुविधाओं को सुव्यवस्थित किया जाए। मुख्यमंत्री ने वृंदावन में डिजिटल म्यूजियम, कन्वेंशन सेंटर और पर्यावरणीय पथ के निर्माण को दीर्घकालिक निवेश के रूप में रेखांकित किया। निर्माणाधीन स्वामी हरिदास प्रेक्षागृह में स्वामी हरिदास की प्रतिमा स्थापित की जाए। उन्होंने जवाहर बाग परिसर में पीपीपी मॉडल पर कृष्ण लोक पार्क के निर्माण और वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर फ़साड के समग्र विकास के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जवाहर बाग की शेष भूमि को सिटी फॉरेस्ट के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने राधारानी की अष्टसखियों के मंदिरों तक पहुंचने वाली एप्रोच रोड और परिसर विकास के कार्य को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ब्रज क्षेत्र में स्थित 36 वनों के इको रेस्टोरेशन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने वहां कृष्णकालीन पौधों के रोपण एवं संरक्षण पर विशेष बल दिया।

# जनपद के यूपी बोर्ड टॉपर्स छात्र-छात्राओं को मिले 21-21 हजार रुपये, टैबलेट और मेडल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जनपद में यूपी बोर्ड 2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।यह आयोजन गौरीगंज तहसील सभागार में संपन्न हुआ,जिसमें जिले के प्रशासनिक और शैक्षणिक अधिकारी मौजूद रहे।समारोह का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी,जिलाधिकारी संजय चौहान,मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।जिससे छात्र-छात्राएं प्रेरित हुए। सम्मानित विद्यार्थियों में हाईस्कूल के 11और इंटरमीडिएट के 10 छात्र-छात्राएं शामिल रहे।सभी को 21,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक,टैबलेट,प्रशस्ति पत्र और एक-एक मेडल भेंट किया गया।सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में हाई स्कूल के मंगलेश प्रजापति,अल्फिया बानो, आदित्य त्रिपाठी,जयंत तिवारी, आयुषी सिंह,श्यामा,बिलाल अहमद,आस्था प्रजापति,गौरी और अमन तिवारी तथा इंटरमीडिएट के शिवम यादव, अमन,पूर्णिमा,अफाक,रिचा सिंह,अंशिका,दीपांजलि शुक्ला हर्षिता यादव,सूर्यांश सिंह और प्रिंसी के नाम शामिल रहे।कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.राजेश द्विवेदी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक गण और अभिभावक भी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने न केवल छात्रों की मेहनत की सराहना की,बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों को भी इस सफलता के लिए बधाई दी।इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि यह सम्मान समारोह छात्रों में प्रतिस्पर्धा और उत्साह की भावना को बढ़ाता है।उन्होंने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।और आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों का प्रमाण है।जिससे छात्रों को न केवल मान-सम्मान मिलता है,बल्कि तकनीकी संसाधन भी प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जाता है।

## कैरियर काउंसिलिंग एवं तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

राजकीय जिला पुस्तकालय रायबरेली में कैरियर काउंसलिंग एवं तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन वाचनालय कक्ष में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी सुगंधा सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया एवं छात्र छात्राओं/पाठकों से संवाद किया। काउंसिलिंग प्रभारी सेवायोजन कार्यालय सर्वेश राय ने स्वरोजगार एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी छात्र छात्राओं/पाठकों को प्रदान की एवं सेवायोजन पोर्टल से सम्बन्धित जानकारी भी उपलब्ध करायी, यंग प्रोफेशनल (केंद्र सरकार) रामेन्द्र कुमार पाण्डेय ने https://rojgaarsangam.up.gov.in, https://sewayojan.up.nic.in, www.ncs.gov.in, तीनो पोर्टलों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। कैरियर काउंसलर नीरज कुमार श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं/पाठकों की कैरियर सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं का निवारण किया।

# संपत्ति विवाद में कब्र से निकाला गया शव, सौतेली मां पर हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जगदीशपुर क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है,जहां संपत्ति विवाद के चलते 21 दिन पहले दफन किए गए एक शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक त्रिलोकी रैदास के बेटे राम प्रकाश ने अपनी सौतेली मां रामवती पर हत्या का आरोप लगाया है।राम प्रकाश ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपते हुए मामले की गहन जांच की मांग की थी।डीएम के निर्देश पर तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह की मौजूदगी में गुरुवार को शव को कब्र से बाहर निकाला गया।और चिकित्सकीय परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिलोकी ने लगभग 35 वर्ष पूर्व श्यामलाल की विधवा रामवती से विवाह किया था। त्रिलोकी की पहली पत्नी से उसका बेटा राम प्रकाश था,जो मकदूमपुर कला गांव में रहता है।त्रिलोकी और रामवती के तीन संतानें थीं,जिनकी पहले ही असमय मृत्यु हो चुकी है।त्रिलोकी की मृत्यु के बाद परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद तेज हो गया है।राम प्रकाश ने आरोप लगाया कि सौतेली मां रामवती ने उसके पिता की हत्या की है।वहीं दूसरी ओर रामवती ने भी पलटवार करते हुए कहा कि उसे पहले भी मारपीट का शिकार बनाया गया है। और अब जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।इस संदर्भ में तहसीलदार राहुल सिंह ने कहा कि डीएम के आदेशानुसार शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह मामला न केवल पारिवारिक कलह और संपत्ति विवाद का परिचायक है,बल्कि समाज में बढ़ती पारिवारिक विघटन की गंभीर स्थिति को भी उजागर करता है।प्रशासन की तत्परता से अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में क्या खुलासा होता है।और न्याय की दिशा में क्या कदम उठाए जाते हैं।

# विकसित कृषि संकल्प सभा में किसानों को दी गई उन्नत व जैविक खेती की जानकारी

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



तिलोई ब्लॉक सभागार में विकसित कृषि संकल्प सभा 2025 का आयोजन संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं जैविक खेती के लिए जागरूक करना तथा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न किसान-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग, सहकारिता विभाग,स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाड़ी विभाग के संयुक्त प्रयास से किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज अवस्थी ने शिरकत की,जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर अमिता गौतम उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के अधिकारी दयानंद प्रसाद ने की। इसके अलावा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।सभा के दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि कैसे परंपरागत खेती के साथ-साथ उन्नत तकनीकों औरजैविक तरीकों को अपनाकर उत्पादन को बढ़ा सकते हैं।मिट्टी परीक्षण एवं जैविक खादों का उपयोग,ड्रिप सिंचाई,बीज उपचार,फसल विविधीकरण जैसी आधुनिक विधियों पर विशेष जोर दिया गया।मुख्य अतिथि पंकज अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की समृद्धि हेतु अनेक योजनाएं चला रही हैं, जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,कृषि यंत्र सब्सिडी योजना आदि।उन्होंने किसानों से इन योजनाओं का लाभ लेने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।गौरतलब है कि यह कार्यक्रम उन्नतीस मई से न्याय पंचायत स्तर पर चौपालों के माध्यम से शुरू हुआ था।जिसका अंतिम व समेकित रूप बारह जून को ब्लॉक स्तर की इस गोष्ठी में सामने आया।सभा के अंत में उपस्थित किसानों को योजनाओं की जानकारी संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।और कई किसानों ने अपने अनुभव भी साझा किए।अधिकारियों ने किसानों को समस्याओं के समाधान के लिए विभाग से सीधे संपर्क में रहने की सलाह दी।यह कार्यक्रम किसानों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ,बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम भी साबित हुआ।

## विधायक व डीएम ने मेधावी छात्र/छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**जन एक्सप्रेस**/उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मेधावी छात्र/छात्राओं को टैबलेट एवं चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में किया गया, जिसमें माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागराज की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट एवं चेक वितरित कर सम्मानित किया गया, इसी क्रम में जनपद में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जनपद के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट व रुपए 21 हजार के डमी चेक वितरित किये गये, धनराशि छात्र/छात्राओं के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। जनपद में आयोजित कार्यक्रम में, लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 के जनपद के 10-10 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट व डमी चेक देकर सम्मानित किया गया।

# सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन , एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के गौरीगंज तहसील क्षेत्र के जामो अंतर्गत उमरा डीह गांव में सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे।और प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।ग्रामीणों की मांग है कि गांव के पुराने सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाया जाए।ताकि आमजन का आवागमन बाधित न हो।विवाद उमराडीह गांव के उस रास्ते को लेकर है,जो संकटा प्रसाद और राजू के घरों के बीच से होकर गुजरता है।यह रास्ता मात्र तीन फीट चौड़ा है।और वर्षों से ग्रामीणों द्वारा आवागमन हेतु प्रयोग किया जाता रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, इस रास्ते पर पहले ही एक शौचालय बनाकर कब्जा किया गया था।अब संकटा प्रसाद द्वारा दीवार खड़ी कर रास्ते को पूरी तरह बंद करने की कोशिश की जा रही है,जिससे राहगीरों को गंभीर परेशानी हो रही है।राजू,सपना,संदीप, राम अंजोर, गुड़िया, जगपता,संगीता जलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध दर्ज कराया।प्रदर्शन के दौरान उपस्थित महिलाओं ने बताया कि रास्ते के दूसरी ओर खेत और कई मकान स्थित हैं।यदि रास्ता पूरी तरह बंद हो गया तो ग्रामीणों को अपने ही खेत और घरों तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा।प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम राम केवल मिश्र को ज्ञापन सौंपकर रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की मांग की।ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यह रास्ता दशकों पुराना है।और इसे रोकना कानूनी व नैतिक दोनों ही दृष्टिकोण से अनुचित है।एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की टीम को भेजकर स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कराया जाएगा।और यदि अतिक्रमण पाया गया तो उसे नियमानुसार हटाया जाएगा।यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण की प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है,जहां सार्वजनिक संपत्ति पर निजी कब्जे की घटनाएं आम होती जा रही हैं।ऐसे में प्रशासन की सख्ती और समयबद्ध कार्रवाई ही जनहित में राहत दे सकती है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस**/अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जनपद में 12 से 17 जून तक बाल श्रम निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आज विशाखा इंडस्ट्रीज, बछरावां रायबरेली में गोष्ठी का आयोजन मिलिन्द्र द्विवेदी, सदस्य बाल कल्याण समिति रायबरेली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। गोष्ठी में सभी आगंतुकों का श्रम प्रवर्तन अधिकारी रायबरेली राकेश कुमार पाल द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बाल श्रम समाज के लिए एक अभिशाप है जिसे जनपद रायबरेली से हटाया जाना आवश्यक है तथा सरकार की मंशा के अनुरूप वर्ष 2027 तक प्रदेश सहित जनपद रायबरेली को मुक्त कराया जाना आवश्यक है, जिसके लिए गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। विशाखा इंडस्ट्रीज के वर्क मैनेजर अनिल मिश्रा ने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य है।

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ अभियान की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से ऊंचाहार विधानसभा के रामरती शिक्षा सदन इंटर कॉलेज बाबूगंज में संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार पर संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के गंभीर आरोप लगाए। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार संविधान पर हमले कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रही है। तिवारी ने कहा कि ऐसे समय में राहुल गांधी चट्टान की तरह खड़े हैं और उनके नेतृत्व में सरकार अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पा रही है। विधानसभा ऊंचाहार के कांग्रेस प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि आज जब देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, तब संविधान बचाओ अभियान की जरूरत और भी अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित समाज की आवाज बनकर उनके साथ खड़े हैं। पूर्व विधायक इन्दल कुमार रावत ने कहा कि ऊंचाहार के लिए यह गर्व की बात है कि क्षेत्र के सांसद राहुल गांधी आज देश की आवाज बन गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सत्ता के खिलाफ इस संघर्ष में राहुल गांधी का साथ देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निर्मल शुक्ला, महेश प्रसाद शर्मा, नौशाद हुसैन खतीब, पदमधर सिंह, शिवकरन तिवारी, रामखेलावन पासी, संजय श्रीवास्तव, अनिरुद्ध दीक्षित, अनुज सिंह, संत प्रसाद रैदास, ज्योति प्रसाद पासी, दल बहादुर सिंह, शम्भू शरण पाल, शैलेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी, विनोद सिंह, रतिपाल पासी, केदारनाथ सिंह, डॉ. राकेश, आजम खान, रेखा विश्वकर्मा, गुड़िया, विश्वनाथ त्रिवेदी, साजू नकवी, रामसजीवन यादव, राजेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दर्जी व हलवाई ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार 17 जून को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश में प्रचलित वर्तमान रोज़गार योजनाओं में उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हेतु लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेडवार अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाभान्वित किया जाना है। दर्जी एवं हलवाई ट्रेड के सभी ऑनलाइन प्राप्त आवेदको का साक्षात्कार किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि दर्जी एवं हलवाई ट्रेड के सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि 17 जून 2025 को प्रातः 11 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र रायबरेली में अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# रायबरेली में यातायात विभाग की चेकिंग-अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर सड़क किनारे खड़े ट्रकों पर कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली में यातायात विभाग ने मिल एरिया थाना क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर ने टीम के साथ अयोध्या-रायबरेली मार्ग का निरीक्षण किया।

पुलिस ने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रकों की जांच की। ये ट्रक सड़क हादसों का कारण बन रहे थे। यातायात विभाग ने फैक्ट्री मालिकों को निर्देश दिए कि वे अपने ट्रकों को केवल फैक्ट्री की पार्किंग में खड़ा करें।

यातायात प्रभारी सेंगर ने चेतावनी दी कि सड़क किनारे ट्रक खड़े मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन सभी की सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने में मदद करता है। नागरिकों से अपील की गई कि जाम और दुर्घटनाओं से बचने के लिए नियमों का पालन करें। इस अभियान से यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ और लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी।

# बेदर्द बन रही पुलिस- कस्टडी में युवक पर थर्ड डिग्री का आरोप, एम्स में भर्ती

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सलोन कस्बे के पैगम्बरपुर पश्चिमी निवासी युवक अनिकेत पासी के साथ पुलिस की कथित बर्बरता के आरोपों ने एक बार फिर थानों में होने वाली थर्ड डिग्री और अमानवीय व्यवहार को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। 28 मई को चोरी के एक मामले में हिरासत में लिए गए अनिकेत को पुलिस द्वारा थर्ड डिग्री यातनाएं देने का आरोप है। हालत बिगड़ने पर उसे एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया है, वहीं बेटे की नाजुक स्थिति से सदमे में आए पिता रामेश्वर पासी की मंगलवार रात मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, 26 मई को सलोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैगम्बरपुर निवासी अनिकेत उर्फ अंकित, मन्तोष, शिवम उर्फ देवा और आनंद शर्मा को पुलिस ने चोरी की घटनाओं में संलिप्तता के आरोप में उठाया था। आरोप है कि पूछताछ के नाम पर सभी को थाने में बेरहमी से पीटा गया और अनिकेत को थर्ड डिग्री देकर अमानवीय यातनाएं दी गईं। बाद में पुलिस ने चारों को चोरी के औजारों और ?45,000 नगदी के साथ पकड़े जाने की बात कहते हुए 28 मई को जेल भेज दिया।

सूत्रों के मुताबिक, जेल के भीतर अनिकेत की हालत धीरे-धीरे बिगड़ने लगी। जब स्थिति गंभीर हुई तो पहले जिला अस्पताल और फिर एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया। परिजनों का दावा है कि पुलिस की पिटाई से अनिकेत की आंत तक फट गई है। बेटे की हालत देखने पहुंचे पिता रामेश्वर यह सब देखकर भीतर से टूट गए और सदमे से उनकी मौत हो गई। इस घटना से गांव में आक्रोश फैल गया है और लोगों ने पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

रायबरेली पुलिस ने 11 जून को मीडिया सेल के माध्यम से जारी बयान में सभी आरोपों को निराधार और असत्य बताया है। पुलिस का कहना है कि 28 मई को रात्रि 3-25 बजे चोरी की योजना बनाते समय चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके पास से चोरी के औजार और पूर्व में चोरी किए गए सोलर पैनल बरामद हुए। सभी का मेडिकल परीक्षण कराकर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिला पंचायत भवन सभागार में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा,सुशासन, गरीब कल्याण प्रदर्शनी का उद्घाटन कर, प्रबुद्ध जनों के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्यवाही ने संदेश दिया कि आतंकवाद किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। निर्णायक नीति, सुरक्षा बलों की सशक्त कार्रवाई से आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

# एनटीपीसी बालिका सशक्तीकरण अभियान ने सपनों को दी नई उड़ान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) अनिल कुमार जादली ने ऊंचाहार परियोजना का दौरा किया । श्री जादली बालिका सशक्तीकरण सत्र के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए उन्होंने बालिकाओं की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि इतने कम समय में इन बालिकाओं के व्यक्तित्व में समग्र रूप से जो कायाकल्प हुआ है वो इस बात का प्रतीक है कि बालिकाओं ने मन लगाकर अभ्यास किया और स्वयं को निखारा। साथ ही उन्होंने कहा कि इन बालिकाओं के प्रदर्शन से यह भी सिद्ध हुआ कि स्थानीय एनटीपीसी टीम ने इन बालिकाओं को निखारने में सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। ऊंचाहार में यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा। संयुक्ता महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या आभा जादली ने भी बालिकाओं के हुनर को देखकर भावविभोर हो उठी और अपनी शुभकामनाएं दीं। जेम की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में योगा, जूडो कराते, लोकसंगीत, आत्मरक्षा, भारतीय संस्कृति तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शानदार और मंजी हुई प्रस्तुति देकर दर्शकों व अतिथियों को रोमांचित कर दिया। प्रारंभ में कार्यकारी निदेशक व परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने निदेशक श्री जाडली एवं अन्य अतिथियों का परियोजना की तरफ से अभिनंदन किया तथा जेम प्रोग्राम पर विस्तार से प्रकाश डाला। मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने सभी का स्वागत किया। महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन आशुतोष विश्वास ने आभार व्यक्त किया तथा वरिष्ठ प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में बालिकाओं के अभिभावक, डी सी, सी आई एस एफ, अजय त्रिपाठी, एनटीपीसी के विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष झुमिता विश्वास सहित बड़ी संख्या में एनटीपीसी परिवार उपस्थित रहे। इसके पहले निदेशक (मानव संसाधन) ने ऊंचाहार विद्युत ग्रह का भ्रमण किया। श्री जादली ने परियोजना के श्रम संगठन एटक एवं इंटक के साथ साथ ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा कर्मचारियों से जुड़े मामलों पर विचार साझा किए। श्री जाडली ने परियोजना के युवा प्रोफेशनल्स तथा महिला कर्मचारियों के साथ भी बैठक की। परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक करके परियोजना की उत्कृष्टता बनाए रखने पर जोर दिया। अपने दौरे के दौरान श्री जाडली ने वृक्षारोपण करके कंपनी की पर्यावरण हितैषी नीति को संबल दिया। श्री जादली के साथ कार्पोरेट से वरिष्ठ अधिकारी मनोज पांडा, तथा उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय के अपर महाप्रबंधक ( मानव संसाधन) राहुल शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 13 जून, 2025





**मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह शिक्षा...**

बदलापुर में शिक्षा की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर ले जाते हुए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025... शेष पेज 12 पर...

# केस्को- अफ़सर बैठे ए.सी. में जानता जाए ऐसी की तैसी में

## 20 सबस्टेशनों से जुड़े इलाकों में हुए फॉल्ट, घंटों गुल रही बिजली





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में भीषण उमस के बीच बिजली गुल होने से शहरियों का सुकून छिन गया है। मंगलवार रात से बुधवार तक कई मोहल्लों में अलग-अलग समय पर बिजली गुल रही। बुधवार को 20 से अधिक सबस्टेशनों से जुड़े इलाकों में छोटे-बड़े फॉल्ट हुए। दबौली सबस्टेशन पर बिजली न आने से गुस्साए लोगों ने हंगामा और नारेबाजी की। गुजैनी, दबौली व रतनलाल नगर क्षेत्र में मंगलवार रात को करीब दस बार ट्रिपिंग हुई।

करीब साढ़े पांच घंटे बिजली गुल रही। दबौली के रहने वाले संतोष कुमार ने बताया कि जब भी सबस्टेशन पर शिकायत करने गए तो कर्मचारी यह कहते हुए लौटाते रहे कि सीढी नहीं है, गाड़ी नहीं है। संजय नगर बस्ती के रहने वाले शैलेंद्र कुमार सिंह, समरजीत, रोहित, कुलदीप सिंह, बबलू तिवारी, सत्यम यादव, रोहित सिंह ने बताया कि क्षेत्र में रात 11 से सुबह सात बजे तक बिजली नहीं थी। यही आलम शास्त्रीनगर व पनकी सबस्टेशन का भी रहा।

### कई इलाकों में नहीं आई बिजली

लाल बंगला, गांधीग्राम की बिजली रिंग रोड सबस्टेशन का पॉवर ट्रांसफार्मर के ट्रिप होने से दो घंटे बाधित रही। जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी और ओमपुरवा की बिजली सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक बंद रही। ट्रांसफार्मर में आग लगने से जूही कलां डब्ल्यू-2 सेक्टर में बिजली रात में दो तीन घंटे बंद रही। एबीसी केबल चलने से जूता मार्केट केडीए चौराहा की बिजली साढ़े तीन घंटे बंद रही। इधर, रतनलाल नगर की बिजली जंपर के ट्रिप होने से तीन घंटे बंद रही। संजयनगर की बिजली दोपहर तीन बजे से रात साढ़े नौ बजे तक बार-बार ट्रिप करती रही।

### आज यहां नहीं आएगी बिजली

गुरुवार को शहर के 14 सबस्टेशनों से जुड़े फीडरों से अलग अलग समय पर मरम्मत कार्य के लिए शटडाउन लिया जाएगा। आरटीएच ओल्ड, जरीब चौकी, परमपुरवा, गुजैनी, पीएसी, हंसपुरम, एचएएल, कल्याणपुर, बी ब्लाक पनकी सहित अन्य सब स्टेशनों से जुड़े मोहल्लों में चार से पांच घंटे तक बिजली नहीं रहेगी। करीब पांच लाख की आबादी पर इसका असर पड़ेगा।

### हेल्पलाइन पर नहीं मिला जवाब

केस्को की व्यवस्था का आलम यह था कि मंगलवार रात कई मोहल्लों में फाल्ट होने या कटौती की जानकारी लेने के लिए उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करते रहे, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

## डिप्टी सीएम ने सपा पार्लियामेंट्री बोर्ड को दी डिबेट की चुनौती

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कानपुर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने चकेरी स्थित कांशीराम हॉस्पिटल में और जवाहर नगर स्थित अंध विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

इससे पहले वो अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित श्री शिवाकांत जी महाराज के पूज्य पिता राजाराम त्रिवेदी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।

डिप्टी सीएम ने कान्हा श्याम रेजिडेंसी अपार्टमेंट, इंद्रा नगर कल्याणपुर में पूज्य महाराज श्री के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

इसके बाद उन्होंने नेहरू नगर स्थित अंध विद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि सपा का पार्लियामेंट्री बोर्ड बेडरूम में बैठकर नीति तय करता है और उन्हें डिबेट करने के लिए चुनौती दी।

डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार बनने से पहले प्रदेश में 17 मेडिकल कॉलेज थे।

भाजपा सरकार में इनकी संख्या बढ़कर 80 हो गई है। अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की वजह से मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

केंद्र में भाजपा की सरकार बनने से पहले भारत आर्थिक दृष्टि से विश्व में 11 नंबर पर था, लगातार सुधारो की वजह से यह चौथे नंबर पर आ गया है।

## बिजली के बेतहाशा फॉल्ट, हेल्प डेस्क पर भी समय से फॉल्ट ठीक न होने के संबंध में उप मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर महानगर में बिजली के बेतहाशा फॉल्ट से भीषण गर्मी में हाहाकार, हेल्प डेस्क एवं अन्य माध्यमों से समय पर फॉल्ट ठीक न होने से कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावना के संबंध में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को अवगत कराया गया।

भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कानपुर महानगर में विद्युत फॉल्ट की झड़ी लगी हुई है, शहर में हो रहे बिजली फॉल्ट से हाहाकार मचा है लोग रातभर सड़कों पर उतरकर हंगामा कर रहे हैं केस्को द्वारा हेल्प डेस्क एवं अन्य माध्यमों से भी 12/14 घंटों में भी फॉल्ट दुरुस्त नहीं किया जा पा रहा है। कम वोल्टेज की वजह से भी बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं। आम जनमानस बेहद परेशान है इस कारण कानून व्यवस्था भी बिगड़ने की संभावना है केस्को की लापरवाही और अधूरी तैयारियों के कारण आम जनता में सरकार के प्रति खराब संदेश जा रहा है केस्को के इस लचर रवैया से जनता बुरी तरह से पीड़ित है।

शहर में विद्युत व्यवस्था चरमराई गई है। इसके अलावा कानपुर महानगर में लगातार बेतहाशा बढ़े हुए बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं।

इन सभी विषयों पर शहर के विभिन्न व्यापार मंडल, सामाजिक प्रतिनिधिमंडल, माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी केस्को एमडी से शिकायत की किंतु केस्को एमडी द्वारा शिकायत का निस्तारण तय समय पर नहीं किया जाता जिस कारण आम जनमानस में रोष है नाराजगी है, जनता हो या व्यापारी सभी केस्को में भटकने को मजबूर हैं।

विनोद गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से कहा कि पार्टी की ओर से व्यापारी प्रतिनिधि होने के नाते इस शिकायत पत्र को जनहित में संज्ञान में लेकर तत्काल केस्को एमडी से संपूर्ण घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब करने की कृपा करते हुए आम जनमानस को फौरन राहत दिलाने हेतु केस्को एमडी को निर्देशित करने की कृपा करें ताकि शहर के व्यापारी एवं आम जनमानस राहत की सांस ले सकें।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि केस्को एमडी को व्यवस्थाएं तत्काल रूप से सदृढ़ और सुधारने हेतु निर्देशित किया जाएगा शहर के व्यापारी समाज और आम जनता को किसी भी प्रकार से कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी उत्तर प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों में सदैव अग्रणी है और जनता को सतत् राहत पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है।

## गौरैया संरक्षण समिति ने सांसद रमेश अवस्थी को दाना-पानी व गौरैया घोंसला भेंट किया



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

गौ-गौरैया संरक्षण समिति की ओर से चलाए जा रहे गौरैया संरक्षण अभियान दाना-पानी व घर आओ गौरैया अभियान के तहत सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में कानपुर सांसद रमेश अवस्थी को दाना-पानी स्टैंड व गौरैया घोसला भेंट किया गया इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने सांसद जी को अभियान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि गौरैया संरक्षण अभियान पिछले बारह वर्षों से चलाया जा रहा है जिसके तहत कई हजार दाना-पानी पात्रो का बितरण किया जा चुका है लगभग 2 हजार स्टैंड व लगभग पांच सौ घोसलों का निःशुल्क बितरण किया जा चुका है आगे भी बितरण जारी रहेगा। इस पर सांसद ने अभियान की भूरी भूरी प्रशंसा की व अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाये दी। इस अवसर पर शुभम मिश्रा, उपेंद्र शुक्ला, ऋतुराज मिश्रा रहे।

## आशा वर्करों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक को कई सूत्री मांग ज्ञापन सौंपा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र की आशा वर्करों ने शिवराजपुर में धरना प्रदर्शन कर कई सूत्री मांग को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित बिल्हौर विधायक को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी है। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन की कानपुर जिला अध्यक्ष आशा कुशवाहा ने शिवराजपुर सीएचसी पर धरना प्रदर्शन कर उत्तरीपुरा भाजपा कार्यालय बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि आशा वर्करों का सरकार मानदेय वेतन में बढ़ोतरी कर पचास लाख रुपए का दुर्घटना बीमा करे। जिससे दुर्घटना दौरान मृतकों को पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिल सके। साथ ही प्रदेश भर में आशा वर्करों साथ हो रहे अत्याचार रेप घटनाओं पर रोकथाम लिए कड़े बंदोबस्त किए जाए। उन्होंने कहा कि 19 मई 2025 को बदायूं जिले में टीकाकरण कर वापस लौट रही वर्कर साथ सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या होने की घटना दुखदाई है। उन्होंने कहा कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस को चलाकर दोषी को फांसी की सजा दी जाए। साथ हो परिजनों को पचास लाख रुपए की सरकार आर्थिक मदद करे। संभल जिले में आशा वर्करों को नौकरी से निकालने की धमकी देकर शोषण किया जा रहा है जो कि घटना अति दुखदाई है।

पीलीभीत की जिला अध्यक्ष आशा वर्कर पर फर्ज मुकदमे लिखे जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। इस दौरान रेखा पाल, ममता, सुषमा वर्मा, निशा कुशवाहा, मीरा, पूनम, सुमन, रश्मि, गीता सिंह, आदि सैकड़ों आशा वर्कर मौजूद रही।

## खासपुर गांव जिस समस्या की वजह से खास हुआ वह समस्या आज भी मुंहबाय खड़ी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





बिल्हौर तहसील क्षेत्र के हर गांव में कोई ना कोई समस्या वर्षों से चली आ रही है जिसका तहसील प्रशासन कोई भी मजबूत हल नहीं ढूंढ सकी है इसी का जीता जागता उदाहरण महज तहसील कार्यालय से 8 किलोमीटर की दूरी पर बसा हुआ है खासपुर गांव की खास समस्या सड़क नाली और बकरियों द्वारा खेत में खड़ी फसल को चर जाना है हालांकि खेत को कुछ भाग को तार से और सीमेंट के खंभों कवर कर दिया गया है लेकिन नावदान का पानी सड़कों पर बांध बना कर रोक दिया है जिसके चलते प्रतिदिन विवाद होता रहता है बुजुर्गों की माने तो लगभग 40 वर्ष पूर्व पीड़ित के खेत में दबंग युवकों की बकरियां खेतों में फसल चर जाती थी जिसको लेकर गली-गरज और मारपीट हुआ करती थी दोनों तरफ से मुकदमे बाजी होते रहे और सत्ता का पक्ष एक को और दूसरे को विपक्ष का मिलता साथ मिलता रहा धीरे-धीरे छोटा सा घाव धीरे बढ़ता बढ़ता आज कैंसर का रूप ले लिया है जिसके चलते खुलेआम राह चलते दबंग पीड़ित पर हमला कर देते हैं वहां पर अब जातीय समीकरण हावी हो गया है हर जाति का व्यक्ति अपनी जाति के वोट को पीछे बांधना चाहता है लेकिन खासपुर गांव में इसका प्रदर्शन 10 से 15 दिन चला तहसील प्रशासन नेताओं की अगवानी करता रहा लेकिन उसने इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया है कि जहां से वह निकाल कर गये है पीड़ित के घर सांत्वना देने पहुंचे वहीं पर सड़क पर नाबदान का पानी बांध की तरह बांधा गया है यही पानी जब पीड़ित के खेत पर जाता था तो विवाद होता था और मुकदमे बाजी होकर मामला ठंडा हो जाता था लेकिन यह जड़ से कब हल निकलेगा गांव में नाली और खड़ंजा कंप्लीट होगा और पीड़ित का खेत जितना सरकारी अभिलेखों में दर्ज है मिलेगा और हर साल चुनाव आते रहेंगे इसी तरह से चुनाव मुद्दा बनता जाएगा लेकिन समस्या जड़ से खत्म नहीं हो पाएगी इसी तरह रहा तो एक दिन पक्ष और विपक्ष एक दूसरे की जान ले लेंगे। नेता राजनीति की रोटियां सकते रहेंगे और अधिकारी अगवानी करते रहेंगे।

पीड़ित पक्ष द्वारा पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर के करीबी जीतू को बताया गया वह भी कई मुकदमें में आज भी झेल रहा है और पिता से दूरी बनाकर बकोठी के खासपुर गांव को छोड़कर कानपुर में रहकर प्राइवेट नौकरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहा है आज वह पिता से अलग रह रहा है सिर्फ इसी समस्या को लेकर के कि हमारी समस्या में पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर को शामिल किया जाता है जबकि उनसे किसी तरह का कोई लेना देना नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि जब किसी के खेत का नुकसान होगा तो किसान गाली गलौज करेगा और जिसका जानवर जाता है उसको बर्दाश्त करना पड़ता है हर गांव की यही रीति है ना कि नुकसान करने वाले किसान के ऊपर मारपीट करने लगो सरकारे आती रहती हैं जाती रहती हैं लेकिन हम आप गांव में ही रहना पड़ता है बर्दाश्त करना पड़ेगा और गलती को मानना पड़ेगा ना कि थाना पुलिस करते रहो। आज समाज में गलत को गलत कहने वाला और सही को सही करने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं है वह सिर्फ उन्हीं की बात कहता है जिनकी संख्या ज्यादा होती है जिससे उनको वोट का लालच होता है।

कन्नौज जिला अध्यक्ष अपना दल (यस) दिनेश कटियार गांव में रिश्तेदारी के अलावा ज्यादा बेवजह तूल पकड़वाना कानपुर जिले के पदाधिकारी की छवि खराब करना इस तरह से क्या अपनी स्थिति को पार्टी में और मजबूत करना चाहते हैं मंत्री जी के दौरे के बाद लखनऊ भी पहुंच गए। कानपुर के पदाधिकारियों को यह बात अंदर ही अंदर कई बातों को जन्म दे रही है।

## क्लीनर की मौत से गुस्साए परिजनों ने चालक को पीटा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के बिनगवां में गुरुवार दोपहर लखनऊ से मौरंग बेचकर डंपर चालक के साथ लौट रहे क्लीनर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जानकारी मिलते ही सीएचसी पहुंचे क्लीनर के परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए चालक को जमकर पीटा। चालक ने बिधनू थाने में घुसकर जान बचाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घाटमपुर निवासी डंपर चालक दिलीप गुप्ता कुष्मांडानगर निवासी छोटे उर्फ राजन (35) के साथ लखनऊ से मौरंग बेंचकर लौट रहा था। चालक दिलीप के अनुसार उन्नाव के पास ढाबे पर दोनों ने खाना खाया। इसके बाद क्लीनर राजन केबिन की पिछली सीट पर सो गया था। रामादेवी के पास आवाज देने पर राजन नहीं उठा, जिस पर उसे बिधनू सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना राजन के परिजनों को दी।

सीएचसी पहुंचे क्लीनर के परिजनों ने हंगामा करते हुए चालक को पीटना शुरू कर दिया।

चालक ने किसी तरह बिधनू थाने में जान बचाई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर आक्रोशित परिजनों को शांत कराया। बाद में घटना बिधनू की न होने की बात कहकर पुलिस ने परिजनों को सेन पश्चिम पारा थाना भेज दिया।

कार्यवाहक थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा बैराज में युवक समेत दो बच्चे डूबे, दो की मौत और एक को बचाया



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर के कोहना थाना क्षेत्र में गंगा बैराज में नहाने के दौरान दो बच्चों समेत एक युवक डूब गया। हादसे में दो की मौत हो गई, जबकि एक को बचा लिया गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शवों को बरामद कर लिया है। घटना से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार, कल्लू पूर्वा घाट पर स्नान करने आए विनोद कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी थाना नवाबगंज अपने रिश्तेदार व वरुण पुत्र देव निवासी नौबस्ता के साथ स्नान करने आए थे। तीनों स्नान करते समय गहरे पानी में चले जाने से डूब गए।

### चिकित्सक की रिपोर्ट के अनुसार होगी कार्रवाई

गोताखोरों ने दोनों डूबे हुए व्यक्तियों के शवों को बरामद कर लिया है। परिजनों को सूचना दी गई है, जिसके बाद वो अस्पताल पहुंचे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि दो लोगों की मौत हुई है। चिकित्सक की रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## इंस्टाग्राम में टास्क से कमाई का झांसा देकर महिला से 90 हजार रुपये ठगे




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

इंस्टाग्राम में टास्क से मोटी कमाई का झांसा देकर महिला से 90 हजार रुपये की ठगी हो गई। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। किदवईनगर के जूही लाल कॉलोनी निवासी सायमा नाज के अनुसार, फेसबुक में एक पोस्ट में टास्क पूरा कर मोटी कमाई की बात बताई गई। इसमें दिए लिंक को क्लिक करने पर वाट्सअप खुल गया। फिर एक लिंक था, जिसे क्लिक करने पर इंस्टाग्राम खुला। इस पर एक टास्क दिया था, जिसे पूरा करने पर कुछ मुनाफा हुआ। फिर टास्क पूरा करने के नाम पर 90 हजार रुपये कट गए। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

## ड्यूटी खत्म करके घर लौट रहे फैक्टरी कर्मी समेत दो की मौत




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर और फजलगंज थानाक्षेत्र में बुधवार रात ड्यूटी से घर लौट रहे अधेड़ और युवक के शव सड़क किनारे पड़े मिले। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया दोनों मामलों में हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जता रही है।

आवास विकास तीन निवासी श्याम बदन तिवारी (55) दादानगर स्थित रैपर बनाने वाली फैक्टरी में काम करते थे। बेटे प्रसून ने बताया कि ड्यूटी खत्म होने के बाद पिता रात साढ़े आठ बजे फैक्टरी से निकले थे, लेकिन देर रात तक उनका कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह साढ़े पांच बजे पुलिस ने आवास विकास में गायत्री पैलेस के पास सड़क किनारे शव पड़ा होने की सूचना दी। उनकी मौत से पत्नी कुमुद और बेटी जया रो-रोकर बेहाल हैं।

वहीं, मूलरूप से फतेहपुर के थाना कल्याणपुर के गोपालगंज निवासी राजू (40) नौबस्ता में किराये का कमरा लेकर रहता था। चाचा मुन्नीलाल ने बताया कि राजू चकरपुर मंडी से आलू के बोरे लोडर में लादकर दुकानदारों तक पहुंचाता था। बुधवार रात वह घर लौट रहा था। विजयनगर चौराहे पर हालत बिगड़ गई और सड़क किनारे मौत हो गई।

## पुराने विवाद में अधेड़ को जमकर पीटा, जान से मारने की धमकी दी




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कैंट थानाक्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने अधेड़ को जमकर पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। चकेरी के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी अजय विग के अनुसार 10 जून की रात वह छावनी से घर लौट रहे थे। सेवन एयरफोर्स के पास उनकी गाड़ी खराब हो गई। इसी दौरान अनवरगंज फूल वाली गली निवासी मुसरत कमाल बेग उर्फ शहनवाज, जाजमऊ के तिवारीपुर बगिया निवासी राम प्रकाश यादव और उनके दो साथी पास आए और गालीगलौज कर पीटने लगे। बाद में जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित के अनुसार आरोपियों से पुराना मामला कोर्ट में चल रहा है। कैंट थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## डेढ़ साल की मासूम के हत्यारे पिता को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर में पत्नी के अवैध संबंधों के शक में अपनी ही डेढ़ साल की बेटी को गला घोंटकर मार डालने वाले पिता को जिला जज चवन प्रकाश ने उम्रकैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की आधी धनराशि मृतका की मां को मिलेगी। मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम बीलपुरखास निवासी राजीव राजपूत का विवाह वर्ष 2014 में रावतपुर निवासी नेहा से हुआ था। राजीव शराब का लती था। शादी के बाद राजीव की मां सुशीला देवी ने मंधना में एक प्लॉट बड़े बेटे संजीव और राजीव की पत्नी नेहा के नाम से संयुक्त रूप से खरीदा था। कुछ दिन बाद राजीव को नेहा और संजीव के बीच अवैध संबंध होने का शक होने लगा। आए दिन पति-पत्नी में विवाद होता था। राजीव और नेहा को एक बेटी सपना हुई थी लेकिन राजीव सपना को अपनी बेटी नहीं मानता था और नेहा को ताने देता व मारपीट करता था।

## बादलों से पारा एक डिग्री नीचे, फिर भी उमस ने छुड़ाया पसीना

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। गर्मी और उमस से फिलहाल लोगों को अभी राहत नहीं मिलने वाली है। इतना जरूर है कि अगले 24 घंटे के बाद बादलों की आवाजाही से तापमान में कमी आएगी लेकिन तब उमस और बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, कानपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में 14 से लेकर 17 जून के बीच तेजी हवा, कड़कड़ाती बिजली के साथ ओले पड़ने की संभावना है। इस बीच हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि कानपुर आते-आते हल्की फुहारें ही रह जाएंगी। उनका कहना है कि जिस तरह से गर्मी पड़ रही है, उससे राहत के लिए 15 से 20 मिमी बारिश की आवश्यकता है। इतनी बारिश फिलहाल संभव नहीं दिख रही है। इतना जरूर है कि भीषण गर्मी के बाद आ रहे बादल मानसून के पहले आने का संकेत जरूर दे रहे हैं। बुधवार को बंगाल की खाड़ी की नमी लेकर आने वाली हवाएं जैसे ही वातावरण की ऊपर सतह पर पहुंचीं। दिन का अधिकतम पारा दो डिग्री नीचे आ गया, लेकिन उमस भरी गर्मी ने शहरियों को बेहाल कर दिया। तापमान से अधिक गर्मी लोगों ने महसूस की। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. पांडेय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी की नमी की वजह से ऊंचे बादल बन गए।








▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# भारतीय अर्थव्यवस्था को भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण तोहफे

**भारतीय रिजर्व बैंक के उक्त महत्वपूर्ण दोनों निर्णयों से वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत में उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी क्योंकि बैंक अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करेंगे। इससे, विशेष रूप से व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, आदि सस्ते होंगे और अब प्रति माह ग्राहकों द्वारा इन ऋणों पर अदा की जाने वाली मासिक किशत की राशि में कमी आएगी और इन नागरिकों के पास खर्च करने के लिए अतिरिक्त राशि उपलब्ध होने लगेगी, जिसे वे अन्य पदार्थों को खरीदने में खर्च कर सकेंगे।**

*वैश्विक स्तर पर विश्व के कई देशों में आर्थिक गतिविधियों पर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में तो श्री डॉनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से नित नई घोषणाएं की जा रही है। कभी टैरिफ को बढ़ाया जा रहा है तो कभी टैरिफ को लागू करने की तारीखों में परिवर्तन किया जा रहा है तो कभी टैरिफ को कम किया जा रहा है। कुल मिलाकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। अभी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रम्प एवं अमेरिका के एक महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली मंत्री श्री एलान मस्क के बीच युद्ध छिड़ गया है एवं अब वे एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था का इन सब बातों से बहुत नुक्सान होता हुआ दिखाई दे रहा है। बेरोजगारी भत्ता लेने वाले नागरिकों की संख्या में वृद्धि हो रही है, अमेरिकी कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छंटनी पर विचार किया जा रहा है एवं आर्थिक विकास दर कम हो रही है। दूसरी ओर, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने के आसार अभी भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक तरह से इजराईल, हम्मास के बीच युद्ध अभी भी जारी ही है। चीन एवं अमेरिका के बीच में आई खटास भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। वैश्विक स्तर पर इन समस्त घटनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था नित नई ऊंचाईयों को छूने की ओर अग्रसर है। भारत में नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रति कटिबद्ध हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों के उपक्रम एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियां देश के आर्थिक विकास को गति देने में अपने प्रयास लगातार तेज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 6 जून 2025 को द्विमासिक मुद्रा नीति की घोषणा करते हुए, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से, दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक, रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6 प्रतिशत की दर से नीचे लाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है। केलेंडर वर्ष 2025 में रेपो दर में यह लगातार तीसरी कटौती की गई है एवं कुल मिलाकर रेपो दर में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा चुकी है। फरवरी 2025 एवं अप्रेल 2025 घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से रेपो दर में दोनों बार 25 आधार बिंदुओं की कमी की गई थी। रेपो दर उस दर को कहते हैं, जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों को आवश्यकता पड़ने पर ऋण उपलब्ध कराता है एवं विभिन्न बैंक रेपो दर को आधार दर बनाते हुए इस दर पर कुछ आधार बिंदु (जमाराशि की लागत एवं लाभ की राशि का समायोजन करते हुए) जोड़ते हुए, ब्याज की दर पर, अपने ग्राहकों को ऋणराशि उपलब्ध कराते हैं। दूसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात में सीधे ही 100 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4 प्रतिशत की दर से घटाकर 3 प्रतिशत की दर पर ला दिया है। इससे, भारत में बैकों के पास 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से उपलब्ध हो जाएगी एवं सिस्टम में तरलता बढ़ जाएगी। नकद आरक्षित अनुपात उस अनुपात को कहते हैं, जिस पर विभिन्न बैंकों को अपने मांग एवं जमा देयताओं की राशि पर इस अनुपात की दर से नकदी राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा करानी होती है। अतः यह राशि इन बैंकों की पहुंच से बाहर हो जाती है एवं ऋण के रूप में इसे बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। यदि नकद आरक्षित अनुपात को कम कर दिया जाता है तो बैंकों के पास यह राशि ऋण के रूप में प्रदान करने के लिए उपलब्ध हो जाती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों से अपने घर में आतंक के सरपरस्तों और संगठनों को शरण दे रखी है और वो भारत समेत विश्वभर के कई देशों की आंतरिक सुरक्षा के लिए लगातार खतरा बने हुये हैं। ऐसे में आईएमएफ द्वारा इस तरह का वित्तपोषण निहायत ही बचकाना है और सोचने पर मजबूर करता है। आईएमएफ को इस तरह के निर्णय लेने से पहले उसके व्यापक परिणामों के बारे में समझना होगा और ये भी समझना होगा कि जवाबदेही और संरचनात्मक सुधार की मांग किए बिना पाकिस्तान को वित्तीय सहायता देने के निर्णय से कहीं ऐसी प्रणाली को बढ़ावा तो नहीं मिल रहा है जिसमें चरमपंथी विरासत वाले विचारों का प्रभाव हो।**

# पाकिस्तान को आईएमएफ की फंडिंग से फले फूलेगा आतंकवाद!



मोहित मौर्या

**बशीरुद्दीन महमूद, एक पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिक था, जिसको कभी पाकिस्तान में परमाणु कार्यक्रम में उसकी भूमिका के लिए सराहा गया था। इतना ही नहीं उसने बाद में उम्मा तामीर-ए-नौ (यूटीएन) की स्थापना भी की थी। जिसे अल कायदा और तालिबान की सहायता करने के कारण यूएसए और यूएन ने प्रतिबंधित किया था। उपरोक्त कही गई बातें कोरी कल्पना नहीं है इसका सबूत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में अंकित है।**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले दिनों 9 मई को पाकिस्तान को कुल 2.4 बिलियन डॉलर की धनराशि स्वीकृत की जिसमें 1 बिलियन डॉलर एक्सटेन्डेड फंड फैसेल्टी ईएफएफ के हिस्से के रूप में और 1.4 बिलियन डॉलर रेजेलियन्स एंड सस्टेनेबिलिटी फैसेल्टी के (आरएसएफ) के अंतर्गत। लेकिन सवाल इस मदद की टाइमिंग पर उठ रहा है। सवाल ये कि कहीं आईएमएफ इस मदद के जरिये आतंकवाद को बढ़ावा तो नहीं दे रहा। वो भी तब जब पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन ने भारत में अस्थिरता फैलाने के उद्देश्य से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को गोलीबारी की, जिसमें 26 पर्यटक मारे गये थे। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। हालांकि भारत ने पाकिस्तान को आईएमएफ द्वारा की गई मदद के इस फैसले के बाद आपत्ति भी दर्ज कराई और कहा कि वो इस फैसले पर एक बार फिर से विचार करे। क्योंकि पाकिस्तान वो देश है जिसके तार विश्व में किसी भी देश पर हुए आतंकवादी घटना से जुड़ते हैं। इतना ही नहीं आईएमएफ और विश्व समुदाय को ये नहीं भूलना चाहिये कि पाकिस्तान के वर्तमान डीजी आईएसपीआर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी उस सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद का बेटा है, जिसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया है। बशीरुद्दीन महमूद, एक पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिक था, जिसको कभी पाकिस्तान में परमाणु कार्यक्रम में उसकी भूमिका के लिए सराहा गया था। इतना ही नहीं उसने बाद में उम्मा तामीर-ए-नौ (यूटीएन) की स्थापना भी की थी। जिसे अल कायदा और तालिबान की सहायता करने के कारण यूएसए और यूएन ने प्रतिबंधित किया था। उपरोक्त कही गई बातें कोरी कल्पना नहीं है इसका सबूत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में अंकित है। ये बात है अगस्त 2001 की जब 11 सितम्बर 2001 को संयुक्त राज्य अमेरिका पर अलकायदा के हमले से कुछ हफ़्ते पहले, बशीरुद्दीन महमूद और उसका एक सहयोगी, ओसामा बिन लादेन और अयमान अल-ज़वाहिरी से मुलाकात करने के लिए कंधार गए थे। इस दौरान उन्होंने न केवल परमाणु हथियारों के निर्माण की बुनियादी तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई बल्कि उसके संभावित प्रभावों और उसके विकास लिये जरूरी संसाधन की रणनीति जैसी सबसे खतरनाक जानकारी से अल कायदा जैसे आतंकी संगठन को बशीरुद्दीन महमूद ने लैस किया। इतना ही नहीं बशीरुद्दीन महमूद के संगठन यूटीएन ने तालिबान के साथ भी मिलकर काम किया। बशीरुद्दीन महमूद के संबंध अल राशिद ट्रस्ट और जैश-ए-मोहम्मद के साथ भी थे, और दोनों ही आतंकवादी संगठनों के नाम मासूमों के खून से सने हुए हैं। बशीरुद्दीन महमूद के ऊपर ये भी आरोप है कि उसने तालिबान के पुनःनिर्माण के प्रयासों को आर्थिक मदद भी की



**सवाल ये कि कहीं आईएमएफ इस मदद के जरिये आतंकवाद को बढ़ावा तो नहीं दे रहा। वो भी तब जब पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन ने भारत में अस्थिरता फैलाने के उद्देश्य से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को गोलीबारी की।**

जिसके लिये उसकी तालिबान के नेता मुल्ला उमर से कई बार मुलाकात हुई। कई लोगों का मानना है कि बशीरुद्दीन महमूद वास्तव में पाकिस्तान में तालिबान के एक राजदूत के तौर पर काम कर रहा था। इन तमाम परिस्थितियों और दागदार इतिहास से जुड़े आदमी का बेटा पाकिस्तान की सेना का सार्वजनिक चेहरा कैसे बन सकता है? इससे ज्यादा महत्वपूर्ण बात आईएमएफ, जिसका काम आर्थिक अखंडता और वैश्विक स्थिरता की रक्षा करना है, ऐसे खतरनाक संगठनों की जांच किए बिना वित्तीय सहायता को मंजूरी कैसे दे सकता है? भारत हमेशा से वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ काम करता रहा है और किसी भी देश को विकास की गतिविधियां जारी रखने के लिये सहायता दिए जाने के खिलाफ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों से अपने घर में आतंक के सरपरस्तों और संगठनों को शरण दे रखी है और वो भारत समेत विश्वभर के कई देशों की आंतरिक सुरक्षा के लिए लगातार खतरा बने हुये हैं। ऐसे में आईएमएफ द्वारा इस तरह का वित्तपोषण निहायत ही बचकाना है और सोचने पर मजबूर करता है। आईएमएफ को इस तरह के निर्णय लेने से पहले उसके व्यापक परिणामों के बारे में समझना होगा और ये भी समझना होगा कि जवाबदेही और संरचनात्मक सुधार की मांग किए बिना पाकिस्तान को वित्तीय सहायता देने के निर्णय से कहीं ऐसी प्रणाली को बढ़ावा तो नहीं मिल रहा है जिसमें चरमपंथी विरासत वाले विचारों का प्रभाव हो। ये केवल वंशानुक्रम का मामला नहीं है बल्कि ये ऐसी कट्टरपंथी विरासत के बारे में है जिसका परिणाम पूरे विश्व के देशों को कहीं न कहीं, किसी न किसी रूप में भुगतना पड़ा है। जिसकी कीमत उन निर्दोष नागरिकों को चुकानी पड़ी है जिनका इन चरमपंथियों से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं था। एक बड़े अखबार में छपी खबर के अनुसार भारत ने आईएमएफ के अधिकारियों के सामने वो आंकड़ें भी रखे जिसमें पता चलता है कि जब भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को वित्तीय सहायता जारी की है तब तब पाकिस्तान का रक्षा बजट बढ़ा है। इतना है नहीं वो अखबार सूत्रों के हवाले से ये भी लिखता है कि पाकिस्तान के हथियार आयात में 1980 से 2023 तक नाटकीय रूप से औसतन 20त्न से ज्यादा की वृद्धि हुई है, उन वर्षों में जब उसे आईएमएफ से धन प्राप्त हुआ बजाय उन वर्षों के जब उसे ये प्राप्त नहीं हुआ। इतना ही नहीं हाल ही में अल कायदा के द्वारा भारत के खिलाफ पाकिस्तान को समर्थन करने की धमकियाँ मिलना इस बात का संकेत है कि आतंकवादी समूहों और पाकिस्तान के अंदर राजनैतिक और अन्य तमाम संगठनों के बीच वैचारिक गठबंधन कितना ठोस है और भारत की उस बात को पुख्ता करता है जिसमें समय समय पर विश्वमंच में सभी देशों को आतंक के खिलाफ एकजुट करने का आह्वान भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। ऐसे में आईएमएफ को यह सुनिश्चित करना होगा कि आर्थिक सहायता सशर्त हो साथ ही उसकी जवाबदेही भी तय हो जिससे वास्तविक वित्तीय सुधारों को बल मिले ना कि ऐसी परंपरा बन जाये कि जवाबदेही और संरचनात्मक सुधार की मांग किए बिना ऐसे लोगों को सहायता मिले जो मानवता के खिलाफ षड्यंत्र करते हैं और जिनके हाथ मासूमों के खून से सने हुए हैं। वैश्विक समुदाय को अब ये तय करना है कि वो अब ऐसी शासन व्यवस्थाओं को वित्तपोषित करने का जोखिम नहीं उठा सकता जो कट्टरपंथ से लड़ने का दावा तो करते हैं लेकिन पीठ पीछे उन्हीं के साथ गलबहियां करते हैं। अब समय है कि आईएमएफ इस सवाल पर काम करे कि क्या यह आर्थिक सुधार और पाकिस्तान की मदद कहीं अनजाने में आतंक के बुनियादी ढांचे को वित्तपोषित तो नहीं कर रहा है?

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 15:16 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 23:11 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शुक्ला, 13:37 |
| सूर्योदयः | 05:34 |
| सूर्यास्तः | 19:54 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 10:34-12:14 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:47-12:40 |

## जन एक्सप्रेस

### जल रहा अमरीका !

*संभल रहा ना घर।*
*सिलसिला है जारी।।*
*जल रहा अमरीका।*
*ये कैसी तैयारी ?*
*भरते दंभ ट्रंप।*
*खुल रही है पोल।।*
*दुनिया को बस केवल।*
*है घुमाना गोल।।*
*रहे बाहर झांक।*
*चालू अंदर खेल।।*
*है हिंसा बेकाबू।*
*कब कसनी नकेल।।*
*इधर उधर की बातें।*
*केवल मायाजाल।।*
*है नई तस्वीर।*
*अमरीका का हाल।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आंवला खाने से तेजी से बढ़ता है कोलेजन

**आजकल** स्किन केयर और एंटी-एजिंग ब्यूटी प्रोडक्ट्स में कोलेजन शब्द बहुत चर्चा में है। कोलेजन त्वचा को खूबसूरत बनाने, रंगत को निखारने, झुर्रियां और झाइयों को कम करने में मदद करता है। त्वचा को जवां बनाए रखने की चाहत में लोग कोलेजन युक्त प्रोडक्ट का इस्तेमाल हजारों रुपये खर्च करके खरीदते हैं। लेकिन अब हर कोई तो कोलेजन वाले ब्यूटी प्रोडक्ट खरीद नहीं सकता है। ऐसे में अगर कोलेजन पाने का सबसे बेस्ट तरीका है आंवला। बाजार में महज 10 से 15 रुपये में मिलने वाला आंवला चटनी, आचार, फेसपैक और कई प्रकार से इस्तेमाल किया जा सकता है। आइए जानते हैं आंवला खाने से कोलेजन कैसे बढ़ता है और इसका इस्तेमाल कैसे करना चाहिए।

**कोलेजन क्या :** स्थित महात्मा गांधी अस्पताल की डाइटिशियन प्रांजल कुमत का कहना है कि कोलेजन शरीर में पाया जाने वाला एक खास तरह का प्रोटीन है। कोलेजन मुख्य रूप से त्वचा, बाल, नाखून, हड्डियों, जोड़ और ब्लड सेल्स में पाया जाता है। कोलेजन जैसा प्रोटीन त्वचा को अंदर से पोषण देकर स्किन को लचीला और खूबसूरत बनाता है। जैसे-जैसे व्यक्ति की उम्र बढ़ती है, शरीर में कोलेजन का निर्माण कम होता जाता है, जिससे त्वचा ढीली पड़ने लगती है और झाइयों व झुर्रियों की



समस्या होती है।

**क्या आंवला खाने से कोलेजन बढ़ता है:** इस सवाल का जवाब देते हुए डाइटिशिटन प्रांजल कुमत बताती हैं कि आंवला एक सुपरफूड है। आंवला में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी होता है। विटामिन सी शरीर में कोलेजन संश्लेषण के लिए जरूरी पोषक तत्व है। आंवला खाने से शरीर को जो विटामिन सी मिलता है, वो एक एंजाइम के तौर पर काम करता है। इससे कोलेजन के निर्माण में मदद मिलती है। डाइटिशियन के अनुसार, जब शरीर को पर्याप्त विटामिन ष्ट मिलता है, तो वह कोलेजन को तेजी से और बेहतर तरीके से बनने में मदद करता है। इसलिए ये कहा जाता है कि आंवला खाने से शरीर में कोलेजन बढ़ता है।

**आंवला और कोलेजन के बीच कनेक्शनः** विटामिन सी के साथ आंवला में पॉलीफेनोल्स, टैनिन और फ्लेवोनॉयड्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट भी पाए जाते हैं। आंवला खाने से ये त्वचा के फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं। फ्री रेडिकल्स ही कोलेजन को तोड़ने और त्वचा की उम्र बढ़ने का प्रमुख कारण बनते हैं। डाइटिशियन के अनुसार, आंवला के पोषक तत्व त्वचा की कोशिकाओं के पुनर्निर्माण में मदद करता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है। आंवला शरीर में कोलेजन बढ़ाने के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता को भी सुधारता है।

**निष्कर्षः** आंवला कोलेजन बढ़ाने के लिए बहुत ही फायदेमंद सब्जी है। अगर आप एंटी-एजिंग, हेल्दी स्किन, मजबूत बाल और हड्डियों की मजबूती चाहते हैं, तो रोजाना की डाइट में आंवला को जरूर शामिल करें। डाइटिशियन के साथ बातचीत के आधार पर हम ये कह सकते हैं कि आंवला स्वास्थ्य के साथ सुंदरता के लिए भी एक वरदान है।

**चेहरे का कोलेजन कैसे बढ़ाएं?:** चेहरे का कोलेजन बढ़ाने के लिए खाने में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट युक्त फूड को शामिल करें। ये दोनों पोषक तत्व चेहरे का कोलेजन बढ़ाकर स्किन की रंगत को निखारते हैं। संतरा, नींबू,अंगूर, चकोतरा और अनानास, जो विटामिन सी से भरपूर होते हैं। इन फलों को खाने से चेहरे का कोलेजन तेजी से बढ़ता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# साइबर अपराधियों के बढ़ते हौसलें, आमजन में शिकायत की जानकारी का अभाव



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**मीडिया द्वारा भी समय समय पर स्ट्रिंग कर इस तरह के केन्द्रों को एक्सपोज किया है पर ठगी कम होने को ही नहीं है। दरअसल आमनागरिकों को भी सजग होना ही होगा। अनजान नंबरों पर बात ही ना करें। ज्योंही कोई डराये धमकायें तो बहकावें में आने के स्थान पर पड़ताल करें।**

**देश** दुनिया में साइबर अपराध के बढ़ते आंकड़े जहां चिंतित करने वाले हैं वहीं यह और भी आश्चर्यजनक और चिंताजनक हालात है कि लाख अवेयरनेस प्रोग्राम व मीडिया में आये दिन साइबर ठगी के समाचारों की भरमार के बावजूद देश में केवल 18 फीसदी लोग ही ऐसे हैं जिन्हें साइबर अपराध होने पर उसकी शिकायत कहां और कैसे करनी है कि जानकारी है। यह तो सरकारी आंकड़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जनवरी-मार्च, 2025 में कराये गये ताजातरीन सर्वे से यह आंकड़ें प्राप्त हुए हैं। दूसरी और यूपीआई से भुगतान में खासा बढ़ोतरी हुई हैं। आज ठेले पर सब्जी बेचने वाले से लेकर दो-पांच रुपए का सामान विक्रेता भी आसानी से यूपीआई से भुगतान प्राप्त कर रहा है। 2022-23 में जहां केवल 38 फीसदी लोग ऑनलाइन पेमेंट करते थे वह आज बढ़कर 50 प्रतिशत के लगभग हो गया है। वास्तविकता तो यह है कि आज ऑनलाइन पेमेंट करना लोगों की आदत में आ गया है। जेब में रुपया-पैसा रखना या कहीं जाते समय साथ पैसा लेजाना लोगों की आदत में अब लगभग नहीं ही रहा है। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद है और पिछले तीन सालों में ही साइबर अपराध के आंकड़ें तीन गुणा बढ़ गए हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा

**ऐसा नहीं है कि सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हो। सरकार व वित्तदायी संस्थाओं द्वारा मीडिया के माध्यम से सजग किया जा रहा है। इसके साथ ही झारखण्ड के बड़े केन्द्र जमातड़ा को लगभग समाप्त कर ही दिया है। पर देष में 74 हॉट स्पॉट विकसित हो गए हैं। इनमें हरियाणा का नूंह, राजस्थान का डीग, झारखण्ड का देवघर, राजस्थान का अलवर और बिहार का नालंदा पहले पांच हॉट स्पॉट हो गए हैं।**

जा सकता है कि आज मोबाइल पर किसी का नंबर डायल करते ही पहले साइबर अपराध से सचेत रहने की कॉलर ट्यून सुनने को मिलती है और उसके बाद बात होती है। मोबाइल पर नंबर मिलाते ही नहीं अपितु सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म खासतौर से इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर आजकल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इतने के बावजूद ठगी के आंकड़ें चेताने वाले हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाइस के बावजूद एक और ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राशि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। ऐसा नहीं है कि साइबर अपराध केवल और केवल भारत में हो रहे हैं अपितु यह विश्वव्यापी समस्या होती जा रही है। दुनिया के देशों में देखा जाए तो साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान तो यूक्रेन दूसरे स्थान पर है। इनके बाद चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों सारी दुनिया में सहज पहुंच है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं। हमारे देश में साइबर ठग या तो किसी तरह का लालच देकर लिंक भेजकर ठगी करते हैं या फिर ड़रा धमकाकर आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। सरकार प्रचार के सभी माध्यमों से बार बार व लगातार आगाह कर रही है कि ठगों द्वारा ड़राने वाले तरीके वास्तविक नहीं है। बैंक कभी भी बैंक डिटेल या ओटीपी ऑनलाइन नहीं मांगते पर पता नहीं कैसे ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते हैं। ओटीपी दे देते हैं तो लिंक खोलने के लिए लाख मना करने के बावजूद लिंक खोलकर लुट जाते हैं। पुलिस अधिकारी बन कर जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का रास्ता अपनाया जा रहा है उस संबंध में अवेयरनेस अभियान के बावजूद ठगी का शिकार होने वालों की संख्या या राषि में कमी नहीं हो रही है। डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर, रिटायर्ड जज, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी सहित संभ्रात वर्ग के लोगों को आसानी से जाल में फंसाकर ठगी हो रही हैं वह भी करोड़ों तक की ठगी के उदाहरण मिल रहे हैं। झूठे मामलों में परिजनों को फंसने से बचाने का झांसा देकर ठगी हो रही है। मजे की बात यह है कि इस स्तर तक ड़र या भयाक्रांत हो जाते हैं कि किसी अन्य या पुलिस से समस्या साझा करने की हिम्मत भी नहीं कर पाते और ठगी के बाद हाथ मलते रह जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलें तो दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं।

# विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

## बोले शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभा को मिलेगा पूरा प्रोत्साहन

- विधायक व महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद का वक्तव्य, कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ प्रेरणा अभियान का आयोजन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा प्रेरणा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी सभागार में एक भव्य मेधावी छात्र/छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद रहे, जिन्होंने जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 21 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को 21,000 की प्रोत्साहन राशि के चेक, प्रशस्ति पत्र और टैबलेट भेंट किए गए। यह सम्मान राज्य सरकार की उस महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मेधावी छात्रों को न केवल सम्मान देना बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर आधुनिक शिक्षा के लिए तैयार करना है।

### मेहनती छात्र ही राष्ट्र की नींव हैं — स्वामी प्रवक्तानंद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा राज्य सरकार शिक्षा को समाज और राष्ट्र की रीढ़ मानती है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देकर उनके आत्मविश्वास को मजबूत किया जा रहा है। ये विद्यार्थी आने वाले समय में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि वे तकनीकी युग की चुनौतियों को समझें और शिक्षा के नए आयामों को आत्मसात करें। उन्होंने यह संदेश दिया कि मेहनत और समर्पण के बल पर कोई भी छात्र असंभव को संभव बना सकता है।

### छात्रों के चेहरे पर मुस्कान, अभिभावकों में गर्व

सम्मान पाने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरों पर गर्व और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके जीवन की एक प्रेरक स्मृति है, और अब वे आगे की पढ़ाई में और अधिक मेहनत करेंगे। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के भीतर सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास का संचार होता है।कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। सभी ने इस योजना को विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे वातावरण में एक उत्साहजनक और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत भाव व्याप्त हो गया।

## फार्मर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

एक फार्मर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गढ़वाखेड़ा बलजिंदर सिंह का पत्नी से विवाद हो गया। 29 मई को विवाद के बाद बलजिंदर की पत्नी ने मायके पक्ष के लोगों को बुला लिया और बलजिंदर की पिटाई लगा दी थी जिससे वह घायल हो गए थे। ग्यारह जून को बलजिंदर की बहनें घर आई थीं। इस दौरान बलजिंदर के साथ ही उसकी पत्नी और अन्य रिश्तेदार कोल्डडिंक्र पी रहे थे। बलजिंदर ने अपनी पत्नी के संबंधों के बारे में जब अपनी पत्नी को बताया। इससे नाराज होकर पत्नी ने बलजिंदर सिंह पर कोल्डड्रिंक से भरा गिलास फेंक दिया। पत्नी की यह हरकत बलजिंदर को नागवार लगी। पुराने मामलों को लेकर वह पहले ही परेशान था। पत्नी की हरकतों से परेशान बलजिंदर सिंह की बुधवार को अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां बलजिंदर सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। उनके पिता जसवीर सिंह ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने बलजिंदर का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कैम खास में आयोजित कृषक गोष्ठी में गन्ना उत्पादन लागत कम करने और जैविक तकनीकों पर हुआ मंथन

- कीटों के नियंत्रण के लिए ट्राइकोग्रामा कार्ड का प्रयोग अत्यंत प्रभावी है- खुशीराम भार्गव, जिला गन्ना अधिकारी
- गन्ना विकास परिषद पीलीभीत व गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर ने किया संयुक्त आयोजन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




ग्राम कैम खास (क्रिटिकल विलेज) में शुक्रवार को गन्ना विकास परिषद, पीलीभीत एवं गन्ना किसान संस्थान, शाहजहांपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य गन्ना उत्पादन की लागत घटाकर कृषकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना रहा। गोष्ठी में गन्ने की स्वीकृत प्रजातियां, उन्नत उत्पादन तकनीकी, सिंगल बड तकनीक से पौध तैयार करना, पेड़ी प्रबंधन एवं रोग-कीट नियंत्रण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर से आए वैज्ञानिक डॉ. एस. पी. सिंह ने किसानों को गन्ना उत्पादन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी, वहीं डॉ. आर. डी. तिवारी ने कार्बनिक खेती एवं पोषण प्रबंधन पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

### जैविक नियंत्रण पर ज़ोर

गोष्ठी में उपस्थित जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने गन्ने की खेती में जैविक नियंत्रण के उपाय साझा करते हुए बताया कि कीटों के नियंत्रण के लिए ट्राइकोग्रामा कार्ड का प्रयोग अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के संतुलित व अनुकूलतम उपयोग की सलाह दी।उन्होंने यह भी कहा कि गन्ने से जुड़ी सभी कृषि क्रियाएं जून माह के अंत तक पूरी कर ली जानी चाहिए, क्योंकि इसके बाद गन्ने में तेजी से वृद्धि शुरू हो जाती है। वर्षा ऋतु में अनियंत्रित उर्वरक प्रयोग से खरपतवार की वृद्धि होती है, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### चीनी मिल की सुविधाओं की जानकारी

पीलीभीत चीनी मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक संजीव राठी ने चीनी मिल द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाओं, अनुदानों तथा सहायता योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मिल किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

### रोग नियंत्रण और यंत्रों की जानकारी

गन्ना पर्यवेक्षक रोहतास उपाध्याय ने लाल सड़न रोग के नियंत्रण के उपाय बताए, जबकि राजकमल मिश्र ने समिति द्वारा संचालित फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यंत्रों की जानकारी दी, जो किसानों को रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।इस गोष्ठी की अध्यक्षता अग्रणी कृषक रमेश शर्मा ने की तथा संचालन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। गोष्ठी में हरिओम गंगवार देवीपुरा, सुरेन्द्र, राजेन्द्र, मनोज, सूरज सहित कई स्थानीय किसानों ने सक्रिय भागीदारी की। गोष्ठी के माध्यम से किसानों को न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि उन्हें गन्ने की उन्नत खेती के लिए नई दिशा भी मिली। प्रतिभागियों ने इसे व्यावहारिक और उपयोगी बताते हुए इस तरह की और गोष्ठियों की आवश्यकता जताई।

# रामनगर मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट, ट्रांस शारदा की समस्याओं पर मांगा स्थाई समाधान

- बाढ़, कटान, अधूरी परियोजनाओं और खेल मैदान की मांगों पर मिला आश्वासन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



**हजारा।** रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह ने पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाबूराम पासवान के साथ लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने ट्रांस शारदा क्षेत्र की वर्षों से लंबित प्रमुख समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए स्थाई समाधान की मांग रखी।

विजय सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष शारदा नदी से हो रहे भूमि कटाव और बाढ़ की समस्या को गंभीरता से उठाया और कहा कि हर वर्ष ग्रामीणों को जान-माल की भारी क्षति उठानी पड़ती है। उन्होंने स्थाई तटबंध और कटान रोधी उपायों की मांग की। साथ ही क्षेत्र में फैली सुतिया नालों की गंदगी और जलजमाव की स्थिति को देखते हुए समुचित सफाई अभियान चलाने की अपील की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि ट्रांस शारदा क्षेत्र में युवाओं के खेल विकास हेतु एक खेल स्टेडियम की स्थापना की जाए ताकि प्रतिभाशाली युवाओं को प्रशिक्षण और मंच मिल सके। इसके अलावा उन्होंने जंगलों में तार फेंसिंग की आवश्यकता बताई जिससे हिंसक वन्यजीवों से ग्रामीण आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

विजय सिंह ने यह भी बताया कि क्षेत्र के कई कृषकों को अब तक भूमिधरी का अधिकार नहीं मिला है, जिससे वे सरकारी योजनाओं और ऋण सुविधा से वंचित हैं। साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्षों से अधूरी पड़ी पानी की टंकियों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और ट्रांस शारदा क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता में लिया जाएगा।

इस अवसर पर पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, रामनगर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, पूरनपुर तहसील के ब्लॉक प्रमुख, पार्टी पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेत पर पानी देने गए मासूम को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा, मौके पर ही मौत

- मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल, आरोपी चालक फरार, पुलिस तलाश में जुटी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव खंडेपुर में रविवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में 11 वर्षीय मासूम की जान चली गई। खेत पर पानी देने जा रहे बच्चे को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचल दिया। हादसे के बाद चालक मौके से ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बच्चे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव खंडेपुर निवासी राजेश गंगवार का 11 वर्षीय बेटा उत्कर्ष गंगवार रविवार को सुबह खेत पर मजदूरी कर रहे लोगों के लिए पानी लेकर जा रहा था। तभी तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। ट्रॉली के पहियों के नीचे आने से उत्कर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायल बच्चे को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने कहा - जल्द पकड़ा जाएगा फरार चालक

कोतवाली पुलिस के मुताबिक फरार ट्रैक्टर चालक की पहचान की जा रही है।

वाहन मालिक और चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बहतिया बांध के बनने से कई गांवों को बाढ़ से मिलेगी राहत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

जिले के निघासन क्षेत्र में शारदा नदी का बहतिया बांध पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। यह बांध पिछले साल नदी के उफान में क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्राम निधि से निर्माणाधीन इस बांध से 24 से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा।लुधौरी रानीगंज मार्ग पर घाघी नाले से होकर शारदा नदी का पानी लालपुर, बरोठा, मूड़ा, खरवाहिया, गौरिया सहित अन्य गांवों को प्रभावित करता है। यह पानी दुलही सायफन से होकर मैदानी क्षेत्रों में धान और गन्ने की फसलों को नुकसान पहुंचाता था।ग्राम प्रधान उर्मिला देवी ने ग्रामीणों की मांग पर बहतिया नाले के कटे मुख को बंद करने का प्रस्ताव ब्लॉक मुख्यालय भेजा। तकनीकी सर्वे टीम ने एक माह पूर्व स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से विचार-विमर्श किया। इसके बाद ग्राम निधि और मनरेगा से निर्माण कार्य शुरू किया गया।बैलाहा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सद्दाम हुसैन के अनुसार, बांध के निर्माण से सड़कों पर बहने वाला पानी रुक जाएगा। यह पानी नाले के माध्यम से सीधे नदी में प्रवाहित होगा। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने बताया कि लालापुर के बहतिया नाले के कटे मुख को बंद करने का कार्य स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी।

# गन्ने में लगने वाले चोटी बेधक कीट से रहे सावधान

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड इकाई गोला द्वारा एकीकृत कीट प्रबन्धन, पेड़ी प्रबन्धन एवं गन्ना रकबा सर्वे हेतु मिल परिक्षेत्र के ग्राम सेमरई में एक वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला आशुतोष मधुकर, वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी सहित लगभग 142 कृषकों ने भाग लिया।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने एकीकृत कीट प्रबन्धन से गन्ना फसल की सुरक्षा कैसे करे विस्तार से बताया व गन्ना विकास परिषद में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा उनमें देय अनुदान तथा समिति में उपलब्ध फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध यंत्रों को किफायती दरों पर किराये पर ले जाकर उपयोग कर अधिक से अधिक लाभ कमाना तथा ड्रिप सिंचाई एवं पंचामृत खेती इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसी क्रम में वरिष्ठ महाप्रबन्धक ने कृषको को पेड़ी प्रबन्धन हेतु पेड़ी प्रबन्धन यन्त्र (आर.एम.डी.) का प्रयोग करने की सलाह दी।साथ ही अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए पेड़ी गन्ने में एन पी की (न्यूट्रीफास्ट) का पर्णीय छिड़काव करने व निकाई गुड़ाई द्वारा खरपतवार नियंत्रण करने तथा बरसात से पहले पेड़ी में मिट्टी अवश्य चढ़ाने की सलाह दी गयी जिससे अवांछित कल्ले न निकले और जो कल्ले निकले हैं वह सभी गन्ने बनते हैं और पैदावार अधिक मिलती है। फफूंदी जनित बीमारियों के लिए फफूंद नाशक प्रिज्म (थायोफेनेट मिथाइल) का स्प्रे तथा कीट नियंत्रण के लिए कीटनाशक एमिडा क्लोरप्रिड का प्रयोग करने की सलाह दी। मंच संचालन कर रहे प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने सबसे अधिक नुकसानदायक कीट टॉप बोरर के नियंत्रण हेतु सुपर सिक्सर, कोराजन अथवा टुवेन्टा की ड्रैन्चिंग अवश्य करने की सलाह दी तथा यह भी बताया कि गन्ना सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है सभी किसान भाई अपने अपने खेत पर उपस्थित रहकर अपना अपना गन्ना रकबा अवश्य सर्वे करवा लें, जिससे कि पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति करने में सर्वे संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या न हो। गोश्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक सत्यपाल सिंह ने की तथा इस अवसर पर सहा.अधिकारी (गन्ना) रावेन्द्र कुमार, गगन अरोड़ा, नितिन बाजपेयी (एफ.एम.सी.), प्रगतिशील कृषक रमाकान्त तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्र, कौशल शुक्ल, राहुल मिश्र, आदेश कुमार, अजय भान सिंह सहित मिल व समिति के सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मे विजई टीम को विधायक ने दी ट्राफी

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा प्रतियोगिताओ से प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है,उन्होंने विजय टीम को बधाई देते हुए उपविजेता टीम को इससे और अधिक सीख लेने तथा अभ्यास की नसीहत दी गिरी ने आयोजन समिति की भी इस सफल आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की।

स्व,राजेंद्र गिरी स्टेडियम पब्लिक कालेज गोला में बीती शाम गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हिन्दुस्तान ट्रांस्पोर्ट कंपनी गोला और मेडिकल एजेंसी गोला के बीच खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधायक अमन गिरी, सुरेन्द्र साहनी एन.डी.शर्मा, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा आदि ने खेल की शुरुआत कर टास कराया। टास जीतकर मेडिकल एजेंसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इस टूर्नामेंट का लो स्कोरिंग प्रदर्शन क्या। विपक्षी टीम की घातक गेंदबाजी के आगे जहां शहर के स्टार बल्लेबाज को रिटायर्ड हार्ट होकर पवेलियन वापस जाना पड़ा, वहीं टीम के अन्य खिलाड़ी भी कुछ खास न कर सके और टीम निर्धारित 10 ओवरों में 50 रनों का स्कोर ही कर पाई। हालांकि बाद में टीम गेंदबाजी और फील्डिंग में मेहनत टीम भावना से मुकाबले में रोमांच उत्पन्न करने में कामयाब रही और दर्शकों की खूब वाहवाही लूट सकी। लेकिन लो स्कोरिंग टारगेट को हिन्दुस्तान ट्रांस्पोर्ट अंत में प्राप्त कर गोला कप विजेता बन गई और मेडिकल एजेंसी को उपविजेता के रूप में संतोष करना पड़ा। खिलाड़ी आलिका 4 विकेट और 12 रन पर मन ऑफ द मैच तथा इन्हीं को मन ऑफ द सीरीज सम्मान दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों के साथ स्व.राजेंद्र गिरि स्मारक विजेता ट्रॉफी व स्व.बाबूराम अवस्थी स्मारक उप विजेता ट्रॉफी क्रमशः मधुसूदन गिरि व के.के.शुक्ल द्वारा प्रदान की गई। मैच अम्पायरिंग अनवर अली, शिवम अवस्थी, संतोष मौर्य, सौरभ शुक्ल वृहत गुप्त ने की। जबकि कमेन्ट्री आयुष्मान तथा राजेंद्र निषाद ने की। इस मौके पर मंत्री के.के.शुक्ल ने संक्षिप्त रिपोर्ट पेश की जबकि अध्यक्ष जनार्दन गिरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान कमेटी के रावेंद्र गिरी, महेंद्र गिरि, भोली गिरी, धर्मेंद्र गिरि, आनंद सोनी, सुभाष राजपूत, राकेश तिवारी, बिजेंद्र चौधरी, रूपेंद्र वर्मा, प्रमोद सहनी तथा विष्णु आवतार रस्तोगी, अरविंदवगुप्त रामजी, अचल श्रीवास्तव एड, मिनी आनंद, टीटू भसीन सहित भारी संख्या में खेलनप्रेमी मौजूद थे।

# 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला प्रशस्ति-पत्र, मेडल, डेमो चेक व टैबलेट

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



खीरी में गुरुवार का दिन टॉपर विद्यार्थियों के लिए खास रहा। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन विद्यार्थियों का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमे मेधावियों को प्रोत्साहन राशि की 21 हजार की डेमो चेक के साथ ही एक-एक टैबलेट और मेडल भी प्रदान किया।माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।डीएम, विधायक ने सीडीओ संग जिला स्तर की टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराने पर इंटरमीडिएट और हाईस्कूल विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का डेमो चेक, एक टैबलेट सहित मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमेशा कोशिश करने वालों की ही जीत होती है। कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें। सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्पानुसार प्रदेश में नकलविहीन, पारदर्शी व शुचितापूर्ण परीक्षाएं सम्पन्न हुई हैं। ऐसी परीक्षाएं न केवल योग्यता की पहचान को सुनिश्चित करती हैं,बल्कि छात्रों में ईमानदारी और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं, उनके गुरुजनों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इनकी मेहनत, समर्पण और अनुशासन ही इस सफलता का आधार हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से कभी पीछे न हटें। दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर कोई भी व्यक्ति समाज में मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। सकारात्मक सोच के साथ हमेशा बड़े लक्ष्य तय करें और उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत से जुट जाएं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम से बोर्ड परीक्षा को उल्लेखनीय अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है।

### हाईस्कूल के मेधावी

अंजलि, पीयूष तिवारी, दिव्यांश श्रीवास्तव, अंश कुमार, सृष्टि तिवारी, अद्रिका वर्मा, अंशिका वर्मा, अर्पिता शर्मा, शुभ रस्तोगी, अभिजीत पाल।

### इंटर के मेधावी

यशी रस्तोगी, अमन वर्मा, शिवा वर्मा, अंकित कुमार, अंशिका वर्मा, आकांक्षा वर्मा, निशि, कुलसुम, अनमोल वर्मा,समीर वर्मा।

## भाजपा सरकार के 11 साल होने पर गिनाईं उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने प्रेसवार्ता कीउन्होंने कहा कि सरकार विकसित भारत के संकल्प की तरफ बढ़ रही है। राठौर ने बताया कि इन 11 सालों में सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति को बदलकर सुशासन पर ध्यान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता और सफाई व्यवस्था में सुधार किया। मजदूरों, महिलाओं, नौजवानों और जवानों के सम्मान के लिए कई कार्यक्रम चलाए। भाजपा ने हटाई गरीबी सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार आतंकवाद को युद्ध की तरह देखती है। वह इसका जवाब उसी तरह देने को तैयार रहती है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबी हटाने का नारा दिया, लेकिन गरीबी नहीं हटाई। भाजपा सरकार गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठा रही है।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस: डीएम ने किया जागरूकता अभियान का शुभारंभ

- बालश्रम के खिलाफ शहर की सड़कों पर गूंजा चेतना का संदेश, डीएम ने रैली को दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



जिले में अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम के विरुद्ध जन-जागरूकता की अलख जगी। गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बाल श्रम निषेध सप्ताह (12 से 17 जून) के अभियान का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया।

डीएम ने हस्ताक्षर अभियान का भी आगाज करते हुए अधिकारियों, बच्चों और नागरिकों से बाल श्रम के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर बच्चा किताबों का हकदार है, न कि काम की जिम्मेदारी का। समाज तभी प्रगतिशील कहलाएगा जब उसका हर बचपन सुरक्षित और शिक्षित होगा।

डीएम ने कहा कि हर वर्ष 12 जून को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज को बाल श्रम जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक करना और इसके उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहभागिता हेतु प्रेरित करना है। हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बचपन का अधिकार मिलना चाहिए।

### बालश्रम के खिलाफ शहर की सड़कों पर गूंजा चेतना का संदेश, डीएम ने रैली को दिखाई हरी झंडी

शहर में बाल श्रम के खिलाफ निकाली गई जन-जागरूकता रैली कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली विलोबी मेमोरियल होते हुए सदर चौराहे पर समाप्त हुई, जिसमें स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संस्थाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी, एसडीएम अमिता यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी, 140 मामलों का हुआ चिन्हांकन

श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि बाल श्रम अधिनियम के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रम विभाग लखीमपुर खीरी द्वारा 106 स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 140 बाल श्रम से जुड़े मामलों की पहचान की गई,

जिनमें 4 खतरनाक व 136 गैर-खतरनाक कार्य श्रेणी में आए। अब तक कुल 80 मामलों में विधिक अभियोजन दर्ज किया गया है। प्रशासन ने 11 बच्चों का शैक्षिक पुनर्वासन सुनिश्चित किया, जबकि 1 मामले में आर्थिक पुनर्वासन की कार्रवाई की गई। साथ ही, एक सेवायोजक से 20,000 की वसूली भी कराई गई।

# जनशिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करें निस्तारण- जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने फरेंदा तहसील का स्थलीय निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखागार, कंप्यूटर कक्ष, संग्रह कार्यालय, मतदाता पंजीकरण कक्ष आदि को देखा और अभिलेखों के रखरखाव व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। डीएम ने राजस्व आलमद कक्ष का निरीक्षण किया मिसलबंदों को व्यवस्थित ढंग से रखने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। 107/16 के मिसलबंद 06 माह से पुराने हैं, उनका निस्तारण तत्काल करें। साथ ही मिसलबंदों को ऑनलाइन करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कंप्यूटर कक्ष को भी देखा और निर्देश दिया कि खतौनी की रेट लिस्ट व क्यू.आर. कोड बाहर चस्पा करें, ताकि आवेदनकर्ता निर्धारित शुल्क का भुगतान कर सके। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम बहादुरगढ़ की बस्ता सूची को देखा, सूची में इंडेक्स न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पुराने और विविध (मिसलेनियस) आरसी को ऑनलाइन दर्ज करने और पुराने आर.सी. को ऑनलाइन अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया। जारी वसूली प्रमाणपत्रों को भी देखा। इस दौरान प्रश्नों का संतोषजनक न मिलने पर उपस्थित अमीनो को फटकार भी लगाई। जिसके बाद डीएम ने मतदाता पंजीकरण कक्ष को भूतल पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया, ताकि नए आवेदनकर्ताओं को समस्या न हो। उन्होंने जनसुनवाई पंजिका और डाक पंजिका एक रजिस्टर में होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए पृथक-पृथक तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि जनशिकायतों का प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित किया जा सके। इसके उपरांत उन्होंने उपजिलाधिकारी कक्ष में एसडीएम सहित तहसील के अधिकारियों के साथ वार्ता करते हुए निर्देश दिया कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण प्रभावी तरीके से करें। जो प्रकरण जटिल हैं, उनमें दोनो पक्षों की काउंसलिंग भी करें ताकि उनका भरोसा बना रहे। इसके बाद उन्होंने बाढ़ तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि नाविकों/गोताखोरों की सूची का भौतिक सत्यापन करवाते हुए सूची को अद्यतन कर लें। इसके अलावा लोडर/जेसीबी/ट्रैक्टर आदि की सूची ड्राइवर और मोबाइल नंबर के साथ तैयार कर लें। इसके अतिरिक्त गांवों की भौगोलिक अवस्थिति, गांव से संपर्क की स्थिति आदि को दृष्टिगत रखते हुए अन्य जरूरी तैयारियों को भी पूरा कर लें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी फरेंदा प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ फरेंदा दीपशिखा वर्मा, नायब तहसीलदार अंकित कुमार अग्रवाल सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भूमि विवाद में मारपीट, बुजुर्ग घायल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

थाना क्षेत्र के ग्राम कटाई टीकर में पटीदारों के बीच चल रहे भूमि विवाद में कुछ लोगों ने बुधवार को 60 वर्षीय राम स्वार्थ यादव को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल का इलाज भाटपार पीएचसी पर कराया गया। उन्होंने थाने में घटना की नामजद तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी संकल्प सिंह राठौर ने बताया कि घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## छेड़खानी के मामले में दो पर केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पुलिस ने छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मईल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति उसके साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध पर उसे और उसके पति को गाली देते हुए लाठी लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया।

# घर में सुबह चाय पी...बाहर पेड़ से लटकर की खुदकुशी- परिजनों को हुई जानकारी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



जानकारी के मुताबिक, गुरुवार की सुबह राजनाथ चाय पीने के बाद दरवाजे पर लगे आम के पेड़ चढ़ गए और मोटे प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों का ध्यान पेड़ की तरफ पहुंचा तो आनन फानन में शव को उतारा।

खोराबार इलाके में जंगल सिकरी निवासी राजनाथ यादव 56 वर्षीय शख्श ने घर के बाहर लगे पेड़ से लटकर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि घर में सुबह चाय पी और लोगों से बातचीत करने के बाद बाहर निकल गए। इधर, काफी देर तक नहीं आने पर और सीसीटीवी कैमरे में देखने पर पेड़ से लटकने की जानकारी हुई।

तत्काल परिजन घर से बाहर दौड़कर पेड़ के सामने पहुंचे और शव को नीचे उतारा। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार की सुबह राजनाथ चाय पीने के बाद दरवाजे पर लगे आम के पेड़ चढ़ गए और मोटे प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों का ध्यान पेड़ की तरफ पहुंचा तो आनन फानन में शव को उतारा।

उसके बाद खोराबार पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद थाना प्रभारी खोराबार इत्यानन्द पांडेय टीम के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल की। उसके बाद फोरेंसिक टीम पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतक दो भाईयों में बड़ा थे। राजेन्द्र छोटे हैं।

मृतक के दो बेटे एवं तीन बेटियां हैं। मृतक का बड़ा बेटा संजय गोरखपुर पीएसी में तैनात हैं। विपिन यादव छात्र है। सभी लोगों की शादी हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक मृतक के पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।

# नकली फूड इंस्पेक्टर गया था आइसक्रीम फैक्टरी की जांच करने

### देवरिया का रहने वाला है युवक, किराने की दुकान नहीं चली तो बनया नकली फूड इंस्पेक्टर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

शिवपुर गोरक्षनगर निवासी एक किराना दुकानदार बुधवार को नकली फूड इंस्पेक्टर बनकर भक्ता में राजकुमार की आइसक्रीम फैक्टरी में पहुंचकर जांच के नाम पर संचालक को फटकारने लगा। संचालक ने शक होने पर डायल 112 पर फोन किया। एम्स पुलिस उसे थाने पर ले आई। पूछताछ में उसने बताया कि सस्ता आइसक्रीम खाने के लिए उसने झूठ बोला था। तहरीर नहीं मिलने पर पुलिस ने आरोपी देवेंद्र दुबे का शांतिभंग में चालान कर दिया।

जानकारी के अनुसार, देवरिया के रहने वाले देवेंद्र दुबे शिवपुर गोरक्षनगर में लोन लेकर किराना की दुकान खोली थी। आरोप है कि दुकान नहीं चली तो वह खाद्य सुरक्षा विभाग में पकड़ होने का हवाला देकर लोगों को जांच कराने की धमकी देकर वसूली करता था। बुधवार को वह आइसक्रीम फैक्टरी में पहुंचा तो संचालक को शक हुआ। संचालक राजकुमार ने पहले खाद्य सुरक्षा विभाग में कॉल कर देवेंद्र की फोटो भेजी। देखने के बाद अधिकारियों ने उसे विभाग का नहीं होना बताया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

### दो दिन पहले भी की थी वसूली

दो दिन पहले भी उसने दिव्यनगर में एक आइसक्रीम फैक्टरी की जांच की थी और सील करने के साथ ही कई नमूने फेल होने के बाद जेल भेजने की चेतावनी देते हुए हजारों रुपये की वसूली की थी। संचालक ने इसकी फोटो खींच ली थी। इसके जाने के बाद जब फोटो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को दी गई तो उन्होंने पहचानने से इंकार कर दिया। तभी से अधिकारी भी नकली फूड इंस्पेक्टर की तलाश में जुटे हुए थे। एम्स थाना प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में उसने सस्ता आइसक्रीम खाने के लालच में फूड इंस्पेक्टर बनने की बात कही। साक्ष्य और तहरीर नहीं मिलने पर उसका शांतिभंग में चालान किया गया है।

नकली फूड इंस्पेक्टर की तलाश की जा रही थी। बुधवार को जैसे ही उसके मिलने की जानकारी हुई टीम को मौके पर भेजा गया। यदि कोई खुद को फूड इंस्पेक्टर बनाकर जाकर जांच करता है तो उसकी बारे में सूचना खाद्य सुरक्षा में औषधि प्रशासन से जरूर दें।

- डॉ. सुधीर कुमार सिंह, सहायक

## बस में बैठने और किराया मांगने पर यात्री ने किया विवाद

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

परिवहन निगम देवरिया की बस में एक यात्री से बस परिचालक ने किराया मांगा तो वह लोकल होने की बात कह उलझ गया। मामला गाली गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। बस में बैठे यात्री जब परेशान हो गए तो बीच-बचाव किया। इसके बाद परिचालक व चालक ने यात्री को बस से नीचे उतारा। मिली जानकारी के अनुसार, परिवहन निगम देवरिया की बस संख्या यूपी 52 बीटी 7069 सलेमपुर से बुधवार की शाम करीब पांच बजे देवरिया के लिए जा रही थी। इसी बीच एक यात्री उसमें बैठा था, जिसे मुसैला तक जाना था। बस परिचालक ने उस यात्री से जब किराया मांगा तो वह लोकल होने की बात कह कम किराया देने लगा। इसको लेकर परिचालक बस से उतरने को कहा तो वह आग बबूला हो गया और अपशब्द कहने लगा। इसको लेकर परिचालक व यात्री के बीच जमकर मारपीट हुई।

# गोरखपुर छ्वस्क्रगार्डेन में लगी आग- अचानक आग की लपटें देख सहमें लोग, लगभग दुकानें जलकर राख

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**





स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ ही थाना प्रभारी रामगढ़ ताल सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। पुलिस की टीम बाहर ट्रैफिक के नियंत्रित करते हुए स्थिति सामान्य बनाए रखी।गोरखपुर के तारामंडल स्थित जेएसआर गार्डेन में बृहस्पतिवार को अचानक से आग लग गई। आग लगने से वहां अफरा तफरी मच गई। धीरे-धीरे आग की लपटें फैलने लगी। इसी बीच फायर की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू करने का प्रयास किया। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक धुएं के गुबार और लपटों ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास तेज़ी से शुरू कर दिए गए।

दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि परिसर में लकड़ी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और इंटीरियर का सामान बड़ी मात्रा में मौजूद था, जिससे आग तेजी से फैलती चली गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ ही थाना प्रभारी रामगढ़ ताल सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। पुलिस की टीम बाहर ट्रैफिक के नियंत्रित करते हुए स्थिति सामान्य बनाए रखी। किया गया। मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने परिसर को खाली कराया और आसपास की दुकानों व होटलों को भी सतर्क किया। घटना की जानकारी मिलते ही गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ला घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। गनीमत रही कि समय रहते दमकल और पुलिस टीम सक्रिय हो गई। हम पूरे मामले की जांच कराएंगे कि आग किन कारणों से लगी और क्या लापरवाही हुई है। जन-धन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। घटना से आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। इस पूरी घटना के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

# सीमेंट भी नकली...बेलीपार में पकड़ी गई फैक्टरी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



एसटीएफ ने गोदाम मालिक अभिषेक शुक्ला व दो मजदूरों के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। संबंधित कंपनियों के अफसरों को भी इस बरामदगी की सूचना दी गई है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि मड़वरिया कुआं चौकी के समीप एक गोदाम में नकली सीमेंट बनाने की फैक्टरी काफी दिनों से चल रही है।

महावीर छपरा (गोरखपुर)। बेलीपार थाने के मड़वरियां कुआं चौकी के समीप एक गोदाम में संचालित नकली सीमेंट बनाने की फैक्टरी पकड़ी गई है। लखनऊ एसटीएफ ने बुधवार की देर शाम फैक्टरी में छापा मारा। गोदाम में मौजूद 400 बोरी सीमेंट, अल्ट्राटेक व डालमिया कंपनी की 350 खाली बोरियों के अलावा तौल मशीन, बोरी सिलने वाली मशीन के साथ कई अन्य सामग्री जब्त की गई है।

एसटीएफ ने गोदाम मालिक अभिषेक शुक्ला व दो मजदूरों के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। संबंधित कंपनियों के अफसरों को भी इस बरामदगी की सूचना दी गई है।

एसटीएफ को सूचना मिली थी कि मड़वरिया कुआं चौकी के समीप एक गोदाम में नकली सीमेंट बनाने की फैक्टरी काफी दिनों से चल रही है। इस फैक्टरी में कंडम सीमेंट मंगाकर उसे अल्ट्राटेक व डालमिया कंपनी की बोरियों में भरकर बाजार में सप्लाई किया जा रहा है। जहां यह फैक्टरी संचालित थी, वहां से महज 250 मीटर दूरी पर पुलिस चौकी भी है। एसटीएफ की टीम ने बुधवार शाम को गोदाम में छापा मारकर सीमेंट की बोरियों के साथ खाली बोरियां, सीमेंट बनाने की सामग्री और पैकिंग करने के मैटेरियल बरामद कर बेलीपार थाने को सुपुर्द कर दिया। अल्ट्राटेक व डालमिया कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर जांच के लिए बुलाया गया है। बृहस्पतिवार की सुबह दोनों कंपनियों के अफसर थाने पहुंचेंगे। लखनऊ एसटीएफ के सब इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश मिश्रा ने बताया कि सीमेंट, पैकिंग मैटेरियल, कांटा आदि बरामद कर आवश्यक कार्य की जा रही है। फैक्टरी मालिक समेत तीन लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## गोरखपुर में पिट लाइन निर्माण को लेकर ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

रेलवे प्रशासन गोरखपुर में ओल्ड पिट लाइन नंबर एक और दो के पुनर्निर्माण के लिए उसे तोड़ने जा रहा है। इसके चलते कुछ ट्रेनों के मार्ग में अस्थायी बदलाव किया गया है।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस (11055/11056) 16 जून से सात दिसंबर तक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सुबह 10ः55 बजे रवाना होकर गोरखपुर रात 8ः40 बजे और बस्ती रात 9ः47 बजे होते हुए गोंडा रात 11ः00 बजे पहुंचेगी। वापसी में गोंडा से सुबह 3ः10 बजे चलकर गोरखपुर से सुबह 6ः40 बजे होकर दूसरे दिन दोपहर 3ः30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस दूसरे दिन पहुंचेगी।

# संविधान बचाओ कांग्रेस लाओ बाइक यात्रा निकाल कांग्रेसियों ने दिखाई ताकत

### संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस हर स्तर पर तैयार- विजयशेखर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान को बदलने के लिए हर तरह का अलोकतांत्रिक काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हर स्तर पर तैयार है। जनता के बीच जागरूकता अभियान चला रहा है। यह बातें बुधवार को कांग्रेस के तत्वावधान में चलाए जा रहे संविधान बचाओ कांग्रेस लाओ अभियान के तहत बाइक यात्रा और हर घर कांग्रेस का ध्वज कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कही।

यह यात्रा क्षेत्र के पिपरा मिश्र, भटौली, राजीवनगर से मईल चौराहा, नरसिंहडाड, गहिला, पनिका बाजार, कहांव होते हुए बरठा चौराहे तक गई। पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि आज भाजपा देश को महंगाई के दलदल में ढकेलने का काम कर रही है। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम न्यूनतम स्तर पर है। अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इस पर रोक लगाने में प्रशासन विफल है। यात्रा के संयोजक अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव बदरे आलम ने कहा कि देश में दबे कुचले, दलित, अल्पसंख्यक समुदाय व गरीबों का कोई सुनने वाला नहीं है। यात्रा में डॉ. धर्मेंद्र पांडेय, मार्कंडेय मिश्र, गोविंद मिश्र, प्रेमलाल भारती, सत्यम पांडेय, मनीष रजक, वजीर अहमद, डॉ. रमेश कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# नहीं माना पाकिस्तान तो भुगतने होंगे कठोर परिणाम- शशांक मणि

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश दौरे से लौटने के बाद देवरिया के सांसद का जगह-जगह हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की करतूतों को उजागर करने के बाद 10 दिवसीय विदेश दौरे से वापस लौटे सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत से वह अभिभूत दिखे।

सांसद ने कहा कि पाकिस्तान अपनी आतंकवादी गतिविधियों को लेकर पूरे विश्व में अलग-थलग पड़ गया है। वैश्विक स्तर पर लगभग सभी देशों ने पाकिस्तान के आतंकी गतिविधियों की कड़ी आलोचना की है और भारत की सैनिक कार्रवाई को सराहा है। विदेश दौरे पर गए सभी संसद सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखा और पाकिस्तान की करतूतों को दुनिया के सामने उजागर किया है। अगर पाकिस्तान अपनी आदतों से बाज नहीं आया तो आने वाले समय में कठोर कदम भी उठाए जा सकते हैं।

इसके पूर्व गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरते ही भाजपा नेता आनंद शाही, शैलेंद्र सिंह आजाद, डॉ. हेमंत मिश्रा, अजय शाही, रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने माला पहनाकर तथा पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। वहां से सूबा बाजार, चौरीचौरा होते हुए खरोह चौराहे पर पहुंचने पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदर सांसद का जोरदार स्वागत किया। भारत माता की जय के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, इसके बाद गौरी बाजार में दिनेश पांडेय उर्फ डिग्गी बाबा और मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह और सचिंद्र शाही दीपू के नेतृत्व में सदर सांसद का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया, काफिला आगे बढ़ा तो बैतालपुर में मंडल अध्यक्ष राजेश निषाद के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

एआरटीओ चौराहे पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा और दुर्गेश नाथ त्रिपाठी ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया।

## काला नमक व ब्रेड समेत नौ खाद्य सामग्रियों का लिया नमूना

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गीडा स्थित क्रेजी बेकर्स के ब्रेड में कीड़ा मिलने की शिकायत पर बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारकर पांच नमूने लिए। लाइसेंस में पता गलत होने और स्वच्छता में कमी होने के मामले में फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस भी दिया गया है। इसके अलावा काला नमक की पैकिंग करने वाली फैक्टरी से भी नमूना लिया गया। आइसक्रीम व चायपत्ती समेत कुल नौ नमूने लिए गए।

सहायक आयुक्त खादय सुरक्षा डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने फोटो, वीडियो को साक्ष्य के तौर पर भेजते हुए आरोप लगाया था कि क्रेजी ब्रांड के ब्रेड में कीड़ा मिला है।

# मंडल के मेधावियों को मिला सम्मान, खिल उठे चेहरे

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



शिक्षा विभाग और अमर उजाला की तरफ से बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के सभागार में यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ऐसे ही मंडल के सभी जिलों में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। लखनऊ में सीएम योगी ने मेधावी बच्चों को सम्माति किया है।

शिक्षा विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के सभागार में यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट, मेडल, प्रशस्ति पत्र और 21 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के 41 खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। इससे पहले लखनऊ में मेधावियों को सम्मान समारोह कार्यक्रम को बच्चों ने मुख्य अतिथि के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देखा। यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के मेधावियों को अमर उजाला की ओर से मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

महराजगंज कलेक्ट्रेट सभागार में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से हाई स्कूल इंटर के मेधावियों को सम्मानित किया गया द्य जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, पीड़ी रामदरस समेत अन्य अधिकारियों ने मेधावियों को सम्मानित किया द्य जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाई स्कूल के 10 और इंटर के साथ छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया हैद्य

तीन छात्राओं को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में भेजा गया है द्य छात्र-छात्राओं के साथ उनके परिजन भी सम्मान समारोह में आए थेद्य सभी ने खुशी का इजहार कियाद्य सम्मान समारोह के पहले लखनऊ में समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया द्य

सिद्धार्थनगर विकास भवन अंबेडकर सभागार हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बांसी विधायक जयप्रकाश, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, जिला अधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर बच्चों का उत्साह बढ़ाया । इस कार्यक्रम में हाई स्कूल के 12 और इंटरमीडिएट के 10 बच्चों को मेडल प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।संतकबीरनगर में अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक कुमार के जरिए यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमिडिएट के 24 मेधावियों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में टापरों को सम्मान मिला तो उनके चेहरे खिल उठे।

# यूपी बोर्ड के मेधावियों को विधायक तुलसीपुर एवं डीएम ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में केंद्र एवं राज्य बोर्ड में मेरिट में आने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर जनपद में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं डीएम पवन अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना।

कार्यक्रम में विधायक एवं डीएम द्वारा हाई स्कूल की मेरिट में आने वाले छात्र प्रीति सिंह कन्या इंटर कॉलेज, विश्वास पटेल सदगुरु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, अरशद वारसी खान, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज गैंसडी, अनामिका मिश्रा बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, मनोज कुमार मौर्य ,राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंश दुबे स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेजउतरौला, महिमा गुप्ता स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला, गिरजेंद्र पटेल बलरामपुर सिटी मोंटसरी इंटर कॉलेज, अमरनाथ शुक्ला बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटरकॉलेज, युवराज सिंह यादव गवर्नमेंट इंटर कॉलेज गैंसडी, कोमल एसवीबीपी जीआईसी , अनामिका कसौधन बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज तथा इंटरमीडिएट के मेरिट में आने वाले छात्र छात्राएं दिव्यांश तिवारी एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज कॉलेज, जैनब खान बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, साक्षी पांडे बीपीएसआईसी रेहरा बाजार , आदर्श उपाध्याय सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज, शिवांगी कौशल, एसएस चौधरी इंटर कॉलेज, प्रिंसी उपाध्याय बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, अमरजीत मिश्रा, एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज, लकी दूबे सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज , फातिमा जामिया बतूलउलूम इंटर कॉलेज, अंकित कुमार कसौधन बी आर कन्या इंटर कॉलेज, हर्ष पांडे ईसावस्यम इंटर कॉलेज को 21 हजार की प्रोत्साहनराशि, टैबलेट , मेडल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सूचितापूर्ण , नकलविहीन परीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा जो दो महीने चलती थीं उसे मात्र 12 से 13 दिनों में कराकर छात्रों के हित में कार्य किया गया हैं। डीएम ने कहा कि सभी मेधावी छात्र भविष्य में भी ऐसे मेहनत करे एवं जो ठाने उसे पूरा करें।

उन्होंने कहा कि सभी छात्र स्वयं के प्रतिस्पर्धा करें एवं हमेशा बेहतर करने का प्रयास करें। इस अवसर पर डीआईओइस मृदुला आनंद, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री श्याम मनोज तिवारी, डीपी सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## बैंक, डाकघर व जन सेवा केंद्रों पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जनपद बलरामपुर के सभी थानों की पुलिस ने गुरुवार को संबंधित थाना क्षेत्र के बैंकों डाकघरों जनसेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा हेतु चेकिंग अभियान चलाया । जानकारी के अनुसार 12 जून को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा बैंकों डाकघरों जनसेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों की शुरक्षार्थ जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों व चौकी प्रभारियों को बैंकों, डाकघरों व वित्तीय संस्थानों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंको, डाकघरों तथा वित्तीय संस्थानों के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । इस दौरान बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से वार्ता कर सुरक्षा के सभी उपकरण सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म को चेक किया गया । संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया । साथ ही बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

# यूपी बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर



जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के 10वीं और 12वीं के टॉपरों को गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। कक्षा 10 और कक्षा 12 के नौ-नौ मेधावी विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपए का प्रतीकात्मक चेक, एक टैबलेट, मेडल, प्रशस्ति पत्र और एक डिक्शनरी प्रदान की गई। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा (साधू वर्मा) ने की। डॉ प्रियंका तिवारी के संचालन में आयोजित सम्मान समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संगीत नाट्य अकादमी की सदस्य उपमा पांडे के निर्देशन में लड़कियों ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात सम्मान समारोह के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने संक्षिप्त जानकारी दी। इससे पहले लखनऊ के लोग भवन में राज्य स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में मेधावी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने देखा। सभी मेधावी विद्यार्थियों को चेक मेडल प्रशस्ति पत्र और अंग्रेजी की डिक्शनरी देकर मुख्य अतिथि हरिओम पांडे और जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा ने सम्मानित किया। अपने संबोधन में हरिओम पांडे ने कहा कि शिक्षा सात पीढ़ियों तक रहती। इसीलिए सरकार शिक्षा के ऊपर जोर दे रही है। वर्तमान सरकार ने नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से वास्तविक मेधावी सामने आ रहे हैं जिनको सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी को सम्मान मिलता है तो उसके अंदर और भी अधिक ऊर्जा आ जाती है और दोगुनी उत्साह के साथ कार्य करता है। इस दौरान प्रमुख रूप से डीसी माध्यमिक जितेंद्र पांडे, जीजीआईसी अकबरपुर के प्रधानाचार्य हरेंद्र प्रताप यादव, यदुनाथ यादव, विवेक पटेल, रणविजय कुमार, रंजना, सत्यवती देवी, प्रकाश त्रिपाठी, डॉरिंका सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, राजेश जायसवाल, अतुल त्रिपाठी समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

# आगरा के किनारी बाजार में फटा सिलिंडर...दो लोगों की मौत, कई घायल

जन एक्सप्रेस। आगरा



आगरा के किनारी बाजार में आग लगने से अफरातफरी मच गई। सिलिंडर फटने की भी सूचना है। घटना के कुछ ही देर में पूरा बाजार बंद हो गया। घटना में कई लोग घायल हो गए।

ली के किनारी बाजार में चौबेजी के फाटक के सामने बृहस्पतिवार दोपहर तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। लोगों में दहशत फैल गई। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही एक भवन में से धुआं उठते दिखाई दिया। तीन मंजिला भवन में नीचे दुकान है। आग की घटना में दो लोगों की मौत हो गई। लोगों ने पुलिस और दमकल को आग लगने की सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गईं। लपटों पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। वहीं इस घटना के बाद बाजार में अफरातफरी मच गई। आग लगन की घटना में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया गया है कि सिलिंडर फटा है। मौके पर पुलिस और दमकल बचाव कार्य में

# पुलिस ने मुठभेड़ में चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना टप्पल पुलिस और आगरा एसटीएफ यूनिट की टीमों ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए यमुना एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज पुल के नीचे 45 हजार और 25 हजार के दो इनामी बदमाशों समेत दो अन्य बदमाशों के साथ देर रात पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।इस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी,जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी टप्पल में भर्ती कराया गया है।पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे एटीएम स्वैप कर लोगों से पैसे ठगते थे और आसपास के जनपदों में भी कई घटनाएं कर चुके हैं।पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग तीन-चार एटीएम कार्ड, स्वैप मशीन,दो अवैध तमंचे और चार खोखा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।क्षेत्राधिकारी खैर वरुण कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जनपद की थाना टप्पल पुलिस ने एक सराहनीय कार्य करते हुए आगरा एसटीएफ यूनिट की संयुक्त टीमों के साथ मिलकर एक बड़ी सफलता हासिल की है।मुखबिर से मिली खास सूचना के आधार पर कि थाना टप्पल क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के कृपालपुर गांव अंडरपास पुल के नीचे एक ब्रेजा गाड़ी में चार संदिग्ध लोग बैठे हुए हैं,पुलिस टीमों ने तत्काल कार्रवाई की।जब पुलिस ने उनको देखा,तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी,जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की और



दो बदमाशों के पैर में गोली लगी।पुलिस ने चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ में पता चला कि जिन दो बदमाशों को गोली लगी है,उनमें से एक का नाम मुस्तकीम है, जो टप्पल क्षेत्र में एक शस्त्र फैक्ट्री के मामले में वांछित था और उसके ऊपर अलीगढ़ और मथुरा पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।वही दूसरा अभियुक्त आजाद मथुरा जनपद से एक मुकदमे में वांछित चल रहा था,जो कि 25 हजार रूपये का इनामिया बदमाश है। साथ ही उनके दो अन्य साथियों की भी गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई है। चारों बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा मुख्य रूप से एटीएम को स्वेप कर लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाते थे। इसके साथ ही इन बदमाशों के द्वारा आसपास के जनपदों में भी कई घटनाएं कारित की गई है। पुलिस ने चारों बदमाशों के कब्जे से तीन से चार एटीएम कार्ड,स्वैप मशीन, दो अवैध तमंचे, चार खोका कारतूस की बरामदगी की गई है। वही पैर में गोली लगने के चलते घायल हुए दोनों बदमाशों को प्राथमिक उपचार हेतु निकटवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टप्पल में भर्ती कराया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

# श्रीदत्तगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोर गिरोह के सरगना को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर पुलिस ने गुरुवार को अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल किया है ।

जानकारी के अनुसार 12 जून को अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने बताया कि 11 जून को संजय सिंह पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह निवासी आदमपुर महुआ इब्राहिम थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर द्वारा थाना श्रीदत्तगंज में तहरीर देकर सूचना दिया कि 03 जून 2025 को मेरा भाई स्पलेंडर मोटरसाइकिल से स्टेट बैंक आफ इंडिया से 1,00,000 रुपया निकालकर मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखकर जय जय राम किराना स्टोर के सामने मोटरसाइकिल खड़ी कर किसी काम से अलग चला गया । इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा डिग्गी से पैसा निकाल लिया गया । सूचना के आधार पर थाना श्रीदत्तगंज पर अज्ञात के नाम मुकदमा पंजीकृत किया गया था । उन्होंने बताया कि 12 जून को थाना श्रीदत्तगंज पुलिस टीम द्वारा विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त राम स्वरूप पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम डुमरियाडीह थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को बजाज चीनी मिल ग्राम गालिबपुर के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से 7500 रुपये बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा की बढ़ोत्तरी की गयी । अभियुक्त राम स्वरूप से कड़ाई से पूछताछ किया गया तो बताया कि मैं और मेरे अन्य 02 साथी राम बहादुर पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम वैश्यपुरवा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा तथा सुरेन्द्र पुत्र सुल्तान निवासी ग्राम धडियन पुरवा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा मिलकर कस्बा श्रीदत्तगंज स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया के पास जय जय राम किराना स्टोर के सामने खड़ी मोटर साइकिल की डिग्गी तोड़कर उसमें रखे एक लाख रुपये निकाल लिये और बाद में आपस में बांट लिया था । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राम स्वरूप के विरुद्ध अलग-अलग थानों में 31 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं । गिरफ्तार कर्ता टीम में उ0नि0 रमेश यादव, का0 अखिलेश यादव, उ0नि-अभिषेक सरोज, का0 समीर कुमार, उ0नि0 श्रवण चन्द तथा का0 पुष्पेन्द्र कुमार शामिल थे ।

## समर स्पेशल ट्रेन से गिरकर तीन यात्री घायल,कराया भर्ती

अलीगढ़। दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही समर स्पेशल ट्रेन से गिरकर बृहस्पतिवार सुबह दो सगे भाईयों समेत तीन यात्री अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर गिरकर घायल हो गए। घायलों को मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि मामले में घायलों के परिजनों को भी जानकारी दे दी गई है। आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों ने तत्काल तीनों को एंबुलेंस की मदद से मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया है ।जनपद वनारस के थाना फूलपुर क्षेत्र के जदमातारा निवासी शिवचंद व रूपचंद पुत्र ओमप्रकाश अपने साथी अंगद पांडे पुत्र राम नगीना पांडे निवासी बरेठी थाना मयूर देवरिया के साथ शिवगंगा एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे ।रास्ते में ट्रेन साहिबाबाद स्टेशन पर खड़ी हो गई ।तीनों लोग स्टेशन पर उतर गए फिर गलती से दिल्ली से कानपुर की ओर आ रही समर स्पेशल ट्रेन में बैठ गए ।जब उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ तो वह ट्रेन रुकने का इंतजार करने लगे। जैसे ही ट्रेन सुबह 9:30 बजे अलीगढ़ रेलवे स्टेशन की प्लेटफार्म नंबर दो से गुजर रही थी तभी ट्रेन कुछ धीमी हुई। फिर तीनों ही लोग चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में एक-एक कर गिर गए और घायल हो गए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में गुरुवार को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर एवं एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर बीएड विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के तीसरे दिन महाविद्यालय सभागार में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हाइब्रिड मोड पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने योग ज्ञान व अनुभव का संगम विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

जानकारी के अनुसार 12 जून को संगोष्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय की अनुमति से नोडल अधिकारी विभागाध्यक्ष बीएड प्रो0 राघवेंद्र सिंह , योग प्रशिक्षक डॉ वीरेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ लवकुश पाण्डेय,डॉ के के सिंह,लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, डॉ पंकज गुप्त ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।




कार्यक्रम अध्यक्ष मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷योग चित्त वृत्ति निरोध÷ का ज्ञान आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि हज़ारों साल पहले था। ऐसे युग में जहाँ हमारा मन लगातार सूचनाओं, सूचनाओं और विकर्षणों से घिरा रहता है, मन को शांत करने की क्षमता एक दुर्लभ कौशल बन गई है। मन के उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के तरीके के रूप में योग का अभ्यास करने से हमारे मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण और जीवन की समग्र गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि व महायोगी गुरु गोरखनाथ जी ने योग के सैद्धांतिक दृष्टिकोण के साथ साथ उसके प्रायोगिक दृष्टिकोण के अनुपालन पर बल दिया है। कुलपति प्रो0 सिंह ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के समय सम्पूर्ण विश्व ने भारत के इस योग साधना का लोहा माना। योग प्रशिक्षक डॉ वीरेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि योग का उद्देश्य केवल शारीरिक तंदुरुस्ती या लचीलापन नहीं है, बल्कि मुख्य रूप से मन की व्याकुलता और अशांति की प्रवृत्ति को नियंत्रित करना है। बलरामपुर हॉस्पिटल लखनऊ के डॉ नन्द लाल जिज्ञासु ने जलनेति क्रिया की जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय नेचुरोपैथी संगठन के जोनल सचिव अनिल कुमार सिंह ने योग को लोककल्याण की भावना से योगदर्शन पर विचार व्यक्त किए। वहीं नेपाल राष्ट्र के योगदर्शन विशेषज्ञ स्वामी ज्ञानमित्र ने कहा कि योग धारण करने की चीज है।योग मन को प्रभावित करता है। प्रख्यात कवि व पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी प्रो0 चंद्रेश्वर पाण्डेय ने कहा कि योग मानव को प्रकृति से जोड़ता है और समस्त कलाओं को नियंत्रित करने में सहायक है। नोडल अधिकारी प्रो0 राघवेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी का स्वागत किया। तकनीकी दृष्टिकोण से डॉ अभिषेक सिंह व आदित्य प्रताप सिंह कार्यक्रम का सराहनीय योगदान रहा। समापन राष्ट्रगान से हुआ। संगोष्ठी में ऑनलाइन माध्यम से अमेरिका,नेपाल, सहित देश के विभिन्न प्रदेशों से प्रतिनिधि जुड़े और विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राजकीय डिग्री कॉलेज के डॉ उपेन्द्र सोनी, बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हेमंत तिवारी, डॉ लवकुश पाण्डेय,डॉ के के सिंह, डॉ पंकज गुप्त, डॉ के के मिश्र, श्रीनारायण सिंह, डॉ अभिषेक सिंह, आदित्य सिंह व डॉ विशाल गुप्त मौजूद रहे।

# भारत में ग्रोथ को नई रफ्तार देने की तैयारी

जन एक्सप्रेस। आगरा

साल 2025 दुनियाभर में स्कोडा ऑटो के लिए खास मायने रखता है। जहां कंपनी अपने समृद्ध 130 साल के इतिहास का जश्न मना रही है, वहीं भारत में स्कोडा ऑटो को सफलतापूर्वक 25 साल पूरे हो गए हैं। ग्राहकों के और करीब पहुंचने की रणनीति को आगे बढ़ाते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम ब्रांड, प्रॉडक्ट, नेटवर्क और ग्राहक-केंद्रित पहलों की रूपरेखा तैयार की है। इस मौके पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, यूरोप के बाहर भारत स्कोडा ऑटो के लिए सबसे अहम ग्रोथ मार्केट है। हमारा फोकस एक ऐसा मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड बनाने पर है, जिसमें उद्देश्य की स्पष्टता, सोच में पारदर्शिता और काम को तेजी से अंजाम देने की क्षमता हो। हमारे प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो की आक्रामक रणनीति लगातार बदलती ग्राहकों की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप है, जो हमारे विकास के सफर को गति दे रही है। उन्होंने आगे कहा, हम अपने ग्राहकों के और करीब आ रहे हैं, अपने नेटवर्क का रणनीतिक रूप से विस्तार कर रहे हैं और गुणवत्ता, सुरक्षा और भरोसे की अपनी विरासत को और मजबूत बना रहे हैं। बिजनेस के हर पहलू में नई ऊर्जा के साथ, 2025 हमारे लिए वह साल होगा जब हम भारत में स्कोडा ब्रांड को और सशक्त बनाकर नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। स्कोडा ऑटो इंडिया की आक्रामक प्रॉडक्ट रणनीति का मकसद हर किसी के लिए एसयूवी पेश करना और अपनी सेडान की विरासत को और आगे ले जाना है। काइलेक, कुशाक और कोडिएक जैसे मॉडल हर तरह की एसयूवी चाहत और कीमत के हिसाब से ग्राहकों की जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

# आंगनबाड़ी, शिक्षा विभाग, नगर निगम एवं स्थानीय राजनैतिक भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाया जाए

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सिटी टास्क फोर्स समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सिटी टास्क फोर्स की भूमिका पर चर्चा करते हुए डीएम ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों, टीकाकरण, पोषण, साफ-सफाई एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए टास्क फोर्स की नियमित बैठकें हों और जमीनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

सीएमओ डॉ नीरज त्यागी ने बताया कि 20 शहरी स्वास्थ्य उपकेंद्र हैं। विभागीय समन्वय से लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति की जाती है। डूडा का भी सहयोग प्राप्त होता है। सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र पर चिकित्सक तैनात हैं। एएनएम, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन के कुछ पद खाली हैं, जिन्हें निदेशालय स्तर से भरा जाना है। सोमवार को छोड़कर सभी केंद्रों पर टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है। 11 शहरी स्वास्थ्य उपकेंद्र पर स्वास्थ्य सेवाओं के सफल संचालन के लिए और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। सीएमओ ने बताया कि जल्द ही दो मॉडल इम्यूनाइजेशन केंद्र संचालित किए जाएंगे। राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल संचालन में नियमित टीकाकरण का सुदृढ़ीकरण, शहरी क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने की भी आवश्यकता है।

डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि प्रत्येक आरोग्य मंदिर में चिकित्सक की उपस्थिति, दवा वितरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और रोग निवारण गतिविधियों का समयबद्ध निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारी से न भागे, आशाएं और एएनएम सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए माइक्रोप्लान के अनुसार सत्र संचालन कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाएं। डीएम ने टीकाकरण का डेटा यू विन पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला आरोग्य समितियों और मोहल्ला निगरानी समितियों को भी सक्रिय किया जाए। सीएमओ ने बताया कि 638 टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी एवं शिक्षा विभाग, नगर निगम एवं स्थानीय राजनैतिक भागीदारी टीकाकरण को लक्ष्य तक अवश्य पहुंचाएगा।

प्रस्ताव पर प्राप्त हुआ सैद्धांतिक अनुमोदन

# तुलसीपुर तहसील में 2 हेक्टेयर जमीन पर जल्द बनेगा परिवहन निगम का बस स्टेशन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद के तुलसीपुर तहसील में प्रसिद्ध शक्तिपीठ महादेवी पाटन का मंदिर है जहां हमेशा श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है वही यह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दूसरा घर भी कहा जाता है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं तथा क्षेत्रीय लोगों की सुविधा को देखते हुए बस स्टेशन स्थापना के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए थे। बस स्टेशन के निर्माण हेतु शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग की 02 हे0 भूमि उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के पक्ष में प्रदान किए जाने की सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

बताते चले कि मुख्यमंत्री द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में लगने वाले चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन एवं स्थानीय लोगों की सुविधा के दृष्टिगत बस स्टेशन की आवश्यकता देखते हुए तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन के निर्माण हेतु निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिया गया था। जिसके क्रम में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा भूमि उपलब्ध कराए जाने हेतु शासन में पत्राचार किया गया। डीएम द्वारा द्वारा किए गए पत्राचार के क्रम में शासन द्वारा तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग की 26 करोड़ की कुल 02 हे0 एवं उक्त भूमि पर 11 नग भवन एवं 01 नाग बाउंड्रीवाल 12.20 लाख रुपए का बजट है। इस प्रकार कुल लागत 26 करोड़ 12 लाख 20 हजार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के पक्ष में हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया।शीघ्र ही तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन संचालित होगा एवं यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी।



# मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह शिक्षा की रोशनी से दमका बदलापुर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



बदलापुर में शिक्षा की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर ले जाते हुए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जनपद स्तर पर प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को गरिमामय सम्मान से नवाज़ा गया।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चंद्र यादव तथा मा0 विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, और जिला शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारीगण एवं गणमान्यजन भी समारोह में उपस्थित रहे।

छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, 21,000 का सांकेतिक चेक और टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। यह केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक सशक्त कदम था।

माननीय मंत्री यादव ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि समाज और देश को बदलने का सबसे प्रभावशाली साधन है।

विधायक श्री मिश्र ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, हर बच्चा अगर शिक्षा को अपना शस्त्र बनाए, तो कोई भी मुश्किल राह नहीं रह जाती।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने मेधावी छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे जिले की उपलब्धि है और आने वाले समय में ये बच्चे जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, जिला समन्वयक माध्यमिक डॉ. राजन सिंह, तथा विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकगण राजेश विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव, प्रेमचंद यादव, प्रभाकर सिंह, ब्रह्मजीत यादव, आदर्श वर्मा, नीतिश सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों को सम्मानित करना था, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना भी था कि वे भी लगन, परिश्रम और आत्मविश्वास से शिक्षा के क्षेत्र में नया इतिहास रचें।

अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राकेश कुमार ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## घर लौट रहे तीन भाईयों को मनबढ़ों ने पीटा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव में कचहरी से घर लौट रहे तीन भाइयों को गांव के कुछ मनबढ़ों ने गुरुवार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। जानकारी के अनुसार कादीपुर उसरहियां गांव निवासी मीरा देवी ने जलालपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका बेटा कृष्णा चौहान अपने चचेरे भाई रतन और राहुल के साथ जौनपुर कचहरी किसी आवश्यक कार्य से गया हुआ था। देर शाम को घर लौटते समय जब वे तीनों घर के नजदीक पहुंचे ही थे कि गांव के ही आकाश , अमन, सूरज, मुन्ना, संजय व राजेश जो कि पहले से रास्ते में बैठे थे। मेरे पुत्र और उसके चचेरे भाइयों को मारने पीटने लगे। किसी तरह से तीनों ने घर में भाग कर अपनी जान बचायी। आरोप है कि उन लोगों ने मीरा देवी को भी पीट दिया। मीरा देवी ने घटना की तहरीर जलालपुर थाने पर बुधवार को दी। थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह के अनुसार केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# राज्यपाल तक पहुंची बस्ती में गरिमा गृह स्थापित किये जाने की मांग

- बस्ती के ट्रांसजेण्डरों को राज्यपाल से भेंट किया उपहार स्वरूप साड़ियां

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जनपद में ट्रांसजेण्डरों को भोजन चिकित्सा सुविधा, परामर्श और आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से गरिमा गृह स्थापित किये जाने की मांग राज्यपाल आनन्दीबेन तक पहुंची। ट्रांसजेण्डरों के लिए काम कर रही इंदिरा चेरिटेबल सोसाइटी के सीईओ अजय कुमार पाण्डेय ने राज्यपाल आनन्दीबेन को गरिमा गृह स्थापित के सम्बन्ध में विस्तार से वार्ता किया। आग्रह किया कि ट्रांसजेण्डरों के हित में इसे शीघ्र जमीनी धरातल पर उतारा जाय। राज्यपाल से वार्ता के बाद सीईओ अजय कुमार पाण्डेय ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्यपाल ने इसे गंभीरता से लिया है इससे उम्मीद जग गई है कि बस्ती में गरिमा गृह स्थापित किये का संकल्प शीघ्र साकार रूप लेगा।

राज्यपाल आनन्दीबेन से भेंट करने वाले शिष्ट मण्डल में काजल किन्नर, कुलवेन्द सिंह, डॉ. दिनेश कुमार विश्वकर्मा आदि ने उन्हें गरिमा गृह स्थापित किये जाने की आवश्यकता के सम्बन्ध् में विस्तार से जानकारी दिया।

इंदिरा चेरिटेबल सोसाइटी के सीईओ अजय कुमार पाण्डेय ने राज्यपाल आनन्दीबेन को बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में ट्रांसजेंडरों के लिए गरिमा गृह चलाने के लिए गैर-सरकारी संगठनों को आमंत्रित किया गया था। इसमें सामाजिक, मनोवैज्ञानिक,और आर्थिक बाधाओं का सामना करने वाले ट्रांसजेंडरों को भोजन चिकित्सा सुविधाएँ और परामर्श जैसी सुविधाओं के साथ आश्रय प्रदान करने का उद्देश्य था। बस्ती में ट्रांसजेंडरों के लिए काम कर रही इंदिरा चेरिटेबल सोसाइटी ने संचालन करने का प्रस्ताव भेजा था जिसे शासन ने स्वीकृति प्रदान करते हुए भारत सरकार को भेज दिया था लेकिन अनुमोदन की फाइल भारत सरकार के पास अटकी हुई है। इसकी सिफारिश सांसद राम प्रसाद चौधरी ने भी केन्द्र सरकार से किया था लेकिन फाइल जस की तस पड़ी रही। राज्यपाल के मार्गदर्शन में संस्था द्वारा चलाए जा रहे हुनरमंद किन्नर कार्यक्रम के प्रगति रिपोर्ट पर राज्यपाल संतुष्ट रही और संस्था के कार्यों की सराहना किया। गौरतलब है कि राज्यपाल ने पिछले वर्षों के जनपदीय भ्रमण कार्यक्रम में बस्ती आकर हुनरमंद किन्नर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए दो ट्रांसजेंडरों को प्रतीकात्मक टीजी कार्ड और सिलाई मशीन का वितरण किया था।बस्ती में ट्रांसजेंडरों के कल्याण के लिए राज्यपाल ने डीएम बस्ती को हर संभव मदद के लिए भी अपने ओएसडी को निर्देश देने को कहा। राज्यपाल ने संस्था को उपहार स्वरूप 45 साड़ियाँ प्रदान किया।

# गार्मेंट की दूकान में लगी भीषण आग, परिजनों को रेस्क्यू कर निकाला गया, दो की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मुंगराबादशाहपुर। साहबगंज स्थित रंगीला गार्मेंट में तीन मंजिला माकान में दोपहर 12 बजे शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में परिवार के लोग फंसे गये। परिवार के दो सदस्यों को गम्भीर हालत में प्रयागराज रेफर किया गया है।

नगर के साहबगंज मुहल्ले में सालिक राम गुप्ता की रंगीला गार्मेंट की बड़ी दूकान है।नीचे दूकान डाल रखी है जबकी दूसरे और तीसरे तल पर परिवार के सदस्य रहते हैं।दोपहर में दूकान के पीछे की तरफ बने गोदाम में शार्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई।जब तक लोग कुछ समझ पाते दूकान धू-धू कर जलने लगी।गर्म हवा के झोंकों से देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया।घर के तीन मंजिला माकान आग की चपेट में आ गया। परिजनों में चीख पुकार मच गई। घर के तीसरे तल में मौजूद अर्चना गुप्ता(50) सारिका (40) राजू (45) सुषमा (52) गुड्डू (47) जागृति (16) सुमित (14) क्षमा (25) हर्ष (13) युग (6) फंस गए। लोगों ने अंदर जाने की हर चंद कोशिश की लेकिन भीषण आग की वजह से हार गए।मौके पर एसआई इंद्रदेव सिंह, संदीप यादव, पंकज मौर्या, सतहरिया चौकी इंचार्ज गंगा सागर मिश्रा, विरेन्द्र यादव, राम चंद्र सिंह, समर जीत यादव पहुंचे और दिलेरी दिखाते हुए अंदर प्रवेश कर गए।घर की महिलाओं ने आग से बचने के लिए कूदने की कोशिश करने लगी लेकिन पुलिस की कोशिश रंग लाई और वह किसी तरह से परिजनों को रेस्क्यू कर एक एक को बाहर निकाला।गुड्डू (47)और राजू (45) दूसरे मंजिला में फंसे गए थे धुएं की वजह से हालत गंभीर हो गई। पुलिस के जवानों ने दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और गम्भीर हालत में प्रयागराज में भर्ती कराया गया। विधुत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और विधुत आपूर्ति बंद कराई नगरपालिका के पानी टैंकर भी पहुंचे लोगों ने पानी डाल कर आग पर काबू पाने की जी-तोड़ कोशिश की। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को दो घंटे बाद किसी तरह से काबू में कर सके। दूकान मालिक सालिक राम के मुताबिक करीब पांच लाख से अधिक का सामान जल कर राख हुआ है और घर को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

# प्रधानाचार्य परिषद के प्रादेशिक सम्मेलन का डिप्टी सीएम करेंगे उद्घाटन



जन एक्सप्रेस। बस्ती

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के ग्रीष्मकालीन चिन्तन शिविर एवं प्रादेशिक सम्मेलन की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। बहुउद्देशीय सभागार राजकीय इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन 13 जून शुक्रवार को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। विशिष्ट अतिथि नेता शिक्षक दल, विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह होंगे। यह जानकारी देते हुये प्रधानाचार्य परिषद अध्यक्ष योगेश शुक्ल ने बताया कि चिन्तन शिविर में प्रधानाचार्यों और शिक्षा की गुणवत्ता से सम्बन्धित मुद्दे प्रभावी ढंग से उठेंगे। चिन्तन शिविर में संरक्षक मार्कण्डेय सिंह,डा संजय सिंह,डा घनश्याम श्रीवास्तव, अध्यक्ष योगेश शुक्ल, मंत्री हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष डा मनोज सिंह, संजय द्विवेदी, मनोज कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, संयुक्त मंत्री डा.प्रमोद उपाध्याय, कोषाध्यक्ष डा. विद्याधर वर्मा ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों से प्रधानाचार्यों की उपस्थिति की सहमति मिल चुकी है। कार्यक्रम में संरक्षक श्रीनिवास शुक्ल, डा.तेज प्रताप सिंह, डा.महेंद्र त्यागी, राजेन्द्र कुमार बाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष हर प्रसाद यादव, महामंत्री डॉ रवीन्द्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष डा मणिशंकर त्रिपाठी, मंत्री डा.अनिल वशिष्ठ के साथ ही अनेक विद्वान हिस्सा लेंगे। सम्मेलन चार सत्रों में आयोजित होगा। डा.के.डी.द्विवेदी, डा.सुरभि सिंह,डा अरुण मिश्रा, सतीश रंजन सिंह चन्द्रमा कौशिक पाण्डेय, कौशलेंद्र मिश्र, रामभवन, आज्ञाराम चौधरी, सर्वेंद्र नारायण द्विवेदी, फैज आलम, वीरेंद्र सिंह, डा चक्रपाणि पाठक, डा विनोद राय, विजय कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, संतोष कुमार पाण्डेय, उत्तम श्रीवास्तव, राजित राम वर्मा समेत कई प्रधानाचार्य आयोजन की सफलता के लिये तत्पर हैं।

## साइकिल से बाजार गयी किशोरी नही लौटी घर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जलालपुर थाना अन्तर्गत एक गांव की किशोरी साइकिल से बाजार कुछ सामान लेने के लिये घर से निकली थी। और जब वह घर नही लौटी तो परिजन परेशान हो गए। परिजन पहले किशोरी की सहेलियों और रिश्तेदारों के यहां फोन करके जानकारी ली। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। आखिरकार थकहार कर पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराये। यह मामला सेहमलपुर गांव का है। उक्त ग्राम निवासी परमशीला देवी ने जलालपुर थाने पर तहरीर दिया है कि उनके किशोरी बेटी बीते 6 जून को साइकिल से बाजार कुछ सामान लेने गयी थी। शाम तक उसके घर न लौटने पर परिजन परेशान हो गये। काफी खोजबीन के 5 दिन बाद जलालपुर थाने में शिकायत दर्ज करवायी। थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने बताया कि महिला ने बुधवार को किशोरी के गायब होने की तहरीर दी है। केस दर्जकर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है। उधर किशोरी के परिजन किशोरी किसी अनहोनी की घटना को लेकर परेशान हैं। उनका कहना है कि अभी बच्ची है कब क्या हो जाए कोई मालून नहीं। इसलिए पुलिस को इस मामले में गंभीरता से जांच करनी चाहिए।

# चोरी की ट्रक के साथ एक गिरफ्तार, तीन फरार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले की बदलापुर थाना पुलिस ने मंगलवार की रात चोरी की एक ट्रक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। वाहन में सवार तीन अभियुक्त मौके से फरार हो गए। यह ट्रक अयोध्या से चोरी हुई थी। शातिर चोर इसे वाराणसी की ओर लेकर जा रहे थे।

जिले की जलालपुर थाना पुलिस ने बताया कि एसपी के निर्देश पर वाहनों की चेकिंग अभियान चल रहा था। जबकि पुलिस की दूसरी टीम बीती रात्रि लगभग सवा आठ बजे देवरामपुर क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान खुटहन की दिशा से आती एक संदिग्ध ट्रक पुलिस बैरिकेडिंग देखकर कुछ दूरी पर रुक गई। पुलिस टीम गाड़ी के पास पहुंचती उसके पहले ट्रक में सवार तीन व्यक्ति खेत की ओर भाग खड़े हुए। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक में बैठे एक व्यक्ति को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जबकि बाकी तीन अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम नूरआलम पुत्र हबीब अहमद निवासी पितईपुर, थाना मान्धाता, जिला प्रतापगढ़ बताया।

उसकी तलाशी में एक मोबाइल, नकदी और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुआ। पूछताछ में नूरआलम ने बताया कि वह तथा उसके तीन साथी–शाहरूख, जैनुल और गुफरान–ने उक्त ट्रक को प्रयागराज रोड, जिला अयोध्या स्थित एक ढाबे से चोरी किया था, जिसे बेचने की नीयत से ले जा रहे थे।

गौरतलब है कि यह ट्रक (संख्या- क्ख्2 क्ल्ल8300) थाना पूराकलंदर, अयोध्या में पंजीकृत मुकदमा संख्या 376/ 2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज चोरी की घटना से संबंधित है। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर संबंधित थाना पूरा कलंदर को सूचना दे दी है।

# कांग्रेस का प्रतिनिधि मण्डल मिला पीड़ित परिवार से मुआवजा, नौकरी देने की मांग



जन एक्सप्रेस। बस्ती

नगर पंचायत नगर क्षेत्र के अटल नगर खुटहन में हाईटेंशन तार से दो सगे भाईयों की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरूवार को कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी पार्टी नेताओं के साथ खुटहन पहुंचे और दो पुत्रों को खो देने वाले पिता घनश्याम यादव और परिजनों से मिलकर ढाढस बधाया। विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि इस घटना के लिये सीधे तौर पर बिजली विभाग जिम्मेदार है। उन्होने कहा कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये का मुआवजा दिलाने, दोषी अधिकारियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग को लेकर कांग्रेस की ओर से ज्ञापन भेजा जायेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और जिला प्रशासन, प्रदेश सरकार इस मामले पर त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये।

अटल नगर खुटहन में पीड़ित परिवारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह, संदीप श्रीवास्तव, राहुल चौधरी, गिरजेश पाल, डा.वाहिद अली सिद्दीकी, राकेश पाण्डेय गांधियन आदि शामिल रहे।

## कॉलेज में प्रवेश के लिए समर्थ पर पंजीकरण अनिवार्य

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 वंदना सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन मीटिंग संपन्न हुआ। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि किसी भी कॉलेज में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल से रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसके बिना प्राचार्य अपने कॉलेज में किसी भी बच्चों का प्रवेश नहीं ले पाएंगे। उन्होंने प्राचार्यों से कहा कि नव प्रवेशी बच्चों का रजिस्ट्रेशन विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम जल्द से जल्द से कराना सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी प्रवेश समर्थ प्रो. मिथिलेश सिंह ने पूरे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर करके दिखाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ.विनोद कुमार सिंह, उपकुलसचिव अमृतलाल, अजीत सिंह, बबीता सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के 135 चौपाल में 32372 कृषकों से हुआ संबाद

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



विकसित कृषि संकल्प अभियान के 15 वें एवं अंतिम दिवस तक जिले की कुल 21 विकास खण्डों के 135 ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर कुल 32372 कृषकों से संबाद स्थापित किया गया, जिसमें पुरूष कृषक 19851 तथा महिला कृषक 12521 द्वारा अभियान में प्रतिभाग करके खरीफ फसलों की आधुनिक तकनिकियो एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। गुरुवार को विकास खण्ड सुइथाकला की ग्राम पंचायत रामनगर, बुढूँपुर एवं जहरुद्दीनपुर में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को फसल उत्पादन तकनीक तथा योजनाओं की जानकारी दी गयी।

जहरुद्दीनपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव ने किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकी की जानकारी प्रदान की। खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व खेतों की जुताई, कम्पोस्टिंग तथा बीज शोधन एवं भूमि शोधन कर फसलों की बुवाई / रोपाई करने की सलाह दी। उन्होंने फसल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा कीट एवं रोग नियन्त्रण हेतु लाइट ट्रैप एवं फेरोमोन ट्रैप की विधि बताई। डा0 रमेश चंद्र यादव ने बताया कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा कृषि वैज्ञानिक चले गांव की ओर थीम के तहत विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत 29 मई 2025 से 12 जून, 15वें दिन तक 135 ग्रामों में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं तकनीक प्रसार का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा समन्वय स्थापित कर किसानों के द्वार जाकर कृषकों की आय वृद्धि तथा कृषि तकनीक की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया है।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र अमहित के वैज्ञानिक डा0 वरुण कुमार ने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी तथा प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी तथा कृषि तकनीकी अपनाकर खेती किसानी से आय वृद्धि करने के तरीके बताये।

डा.गजेंद्र सिंह ने कीटों एवं रोगों के बचाव की जानकारी देते हुए किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसंधान से प्राप्त तकनीकी का कृषक उपयोग करके अपनी आय बेहतर कर सकते है।

एडीओ पीपी जितेन्द्र सिंह द्वारा नेचुरल फार्मिंग तथा गौ-आधारित प्राकृतिक खेती के बेहतर विकल्प को अपनाने के लिये जोर दिया।

सहायक मत्स्य अधिकारी संभाषी त्रिपाठी द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की जानकारी दी गई।

इस मौके पर प्रधान मनबोध, आनन्द निषाद, छोटेलाल बिन्द, एडीओ एजी मिथिलेश सिंह, एसएमएस नन्द किशोर, हर्ष प्रताप सिंह, सुनील कुमार, आशा, रेखा, सुनीता सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित रहें।

# पत्रकार की पत्नी से डेढ़ लाख की ठगी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




केराकत। कस्बे के बड़े व्यापारी वरिष्ठ पत्रकार रामदास यादव की पत्नी से डेढ़ लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन और अंगूठी की ठगी के मामले में पुलिस की लापरवाही पर पत्रकारों का विरोध रंग लाया।

घटना के 13 दिन बाद जब पत्रकारों का हुजूम कोतवाली पहुंचकर पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। पुलिस की व्यवस्था के खिलाफ जोरदार विरोध जताया और केराकत कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ भी हल्ला बोला। तब आखिरकार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार यह घटना 30 मई को हुई जब अज्ञात ठगों ने छल-कपट से पत्रकार की पत्नी से सोने की चेन व अंगूठी ठग ली। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने तत्काल कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही किसी प्रकार की जांच शुरू की। पुलिस की निष्क्रियता से आहत पत्रकार रामदास यादव ने बताया कि वह बार-बार कोतवाली का चक्कर लगाते रहे, लेकिन हल्का सिपाही यह कहकर टालता रहा कि तहरीर मिली ही नहीं है।

गुरुवार को दर्जनों पत्रकार कोतवाली पहुंचे और पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। पत्रकार संघ केराकत ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पत्रकारों के दबाव और आंदोलन की चेतावनी को देखते हुए पुलिस हरकत में आई और आनन-फानन में 13 दिन बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। पत्रकार संघ ने पुलिस की इस लापरवाही की कड़ी आलोचना करते हुए दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## प्रदर्शन में ये भी रहे शामिल

केराकत। केराकत के प्रतिष्ठित व्यवसायी वरिष्ठ पत्रकार रामदास यादव के परिवार के साथ हुई ठगी के मामले में पुलिस की लचर कार्य प्रणाली के खिलाफ पत्रकारों का गुस्सा सातवें आसमान पर था। नाराज पत्रकारों का हुजूम कोतवाली में पहुंचे। और पुलिस के खिलाफ सीधे मुर्दाबाद का नारे लगाने लगे। अचानक हुए इस प्रदर्शन से पुलिस कर्मियों की सिट्टी पिट्टी गुम हो गई। पत्रकारों ने प्रभारी निरीक्षक से खुलेआम कहा कि अगर आज इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं होता मुख्यमंत्री से शिकायत कर सीधे लखनऊ कूच किया जाएगा। आनंद फानन में पुलिस हरकत में आई और मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया। इस मौके पर केराकत के वरिष्ठ पत्रकार दिलीप विश्वकर्मा, अमित सिंह, केतन विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, पंकज यादव, फिरोज अंसारी, रामदास यादव, नारायण सेठ, दिनेश सिंह, अब्दुल हक अंसारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# टीएसटीसी टीम से दिवंगत शिक्षक के परिवार को मिलेगा 50 लाख

जन एक्सप्रेस। बस्ती

टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र के खदरा में तैनात रहे दिवंगत शिक्षक विश्राम के घर पहुंचकर संस्थापक विवेकानन्द के निर्देशानुसार स्थलीय अभिलेखीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के उपरान्त जिला संयोजक प्रमोद कुमार ओझा एवं उनकी टीम ने अवगत कराया कि आगामी 15 जून से प्रारम्भ होने वाले सहयोग में विश्राम के आश्रितों को भी सहयोग प्राप्त होगा इसके लिए टीम हरसम्भव प्रयास करेगी। दिवंगत शिक्षक विश्राम के परिजनों को लगभग 50 लाख रूपये के आर्थिक सहायता दिये जाने का अनुमान है।

जिला संयोजक प्रमोद कुमार ओझा ने बताया कि अब तक यह संस्था 336 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को 130 करोड़ 37 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है। वर्तमान में बस्ती जनपद में 6260 सदस्य पंजीकृत हैं।

उ0प्र0 बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों को टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा कार्मिको को आर्थिक सहयोग दिया जाता है।

बताया कि सत्यापन में टी0एस0सीटी के जिला सहसंयोजक राकेश श्रीवास्तव, राहुल राव, अवधेश कुमार वर्मा, लक्ष्मणलाल, अमरचन्द वर्मा, ब्लाक टीम से विजय बहादुर गौतम, मंगला प्रसाद मौर्या, रामरंग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेन्द्र यादव, छविलाल, संजयकुमार मिश्र, महेन्द्र वर्मा, रामसूरत के साथ ही क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दबंगों ने दलित परिवार को पीटा एसपी से गुहार



जन एक्सप्रेस। बस्ती

मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के पिकौरा शुक्ल निवासी दलित सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर जाति सूचक गालियां देकर मारने पीटने के मामले में न्याय की गुहार लगाया है। भीम आर्मी के जिला महासचिव शिवरतन अम्बेडकर के साथ ही प्रियाशुं, सत्य प्रकाश राव, प्रीतम, रामरूप, अमन आदि पत्र देने के बाद चेतावनी दिया है कि यदि न्याय न मिला तो आन्दोलन किया जायेगा।

भेजे पत्र में दलित सुरेन्द्र कुमार ने कहा है गत 7 जून को उनका लड़का अमित कुमार गांव में ही झीनक के लड़की की शादी में न्यौता करने गया था। पुरानी रंजिश को लेकर गाव के ही हरिश्चन्द्र ने उनके बेटे को जाति सूचक भद्दी-भद्दी गालियां देकर मारा पीटा। किसी तरह से बीच बचाव से वह बच गया। जब उसके परिवार के लोग उलाहना देने उनके घर गये तो हरिश्चन्द्र और उनके परिवार के सदस्यों अवधू, नितिन, विवेक, आदि ने लाठी डण्डो से मारा पीटा। अमन कुमार, अमित कुमार व राजमती को काफी चोटें आयी। पीड़ित परिवार जब मुण्डेरवा थाने पर न्याय मांगने पहुंचा तो पुलिस ने न तो दोषियों पर मुकदमा दर्ज किया न मेडिकल कराया। उलटे शांति भंग में चालान कर दिया। इससे दबंगों का मनोबल काफी बढ गया है और वे देख लेने की धमकी दे रहे हैं। सुरेन्द्र कुमार ने मांग किया है कि दोषियो के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्याय दिलाया जाय वरना दबंग उनके और परिवार के साथ किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने वाले प्रभारी बीएसए का वेतन रोका गया

■ बदले में डीएम की बैठक में आये खंड शिक्षाधिकारी को बैठक से बाहर निकाला गया

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सीएम डैश बोर्ड (दर्पण पोर्टल) तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी की प्रगाति में सुधार पाए जाने पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य सभी को बधाई दी, वहीं विद्युत विभाग की खराब व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता कन्नौज व छिबराऊ को स्पष्टीकरण के निर्देश दिये। उन्होनें पंचायतीराज विभाग, अजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पर्यटन,वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग आदि की खराब प्रगति मिलने पर सुधार लाए जाने के निर्देश दिये। कहा कि सभी विभाग अपने-अपने विभागीय कार्यो की स्वतः समीक्षा करें और प्रगति में सुधार लाए। उन्होनें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के चार्ज पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कन्नौज विपिन कुमार के बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उनके बदले में डीएम की बैठक में भाग लेने आये खंड शिक्षाधिकारी जलालाबाद को डीएम ने बैठक से निकाल दिया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजकीय पुरातत्व संग्रहालय भवन के सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्वार का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होने कहा कि राजकीय पोलीटेकनिक तिर्वा में आवसीय भवनों का निर्माण कार्य एवं बाहय न्यायालय छिबरामऊ कोर्ट रूम एवं मीटिंग हाल का निर्माण कार्य तथा समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ आवास का निर्माण कार्य व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्नौज में ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण कार्य और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमर्दा ब्लाक परिसर में हेल्थ यूनिट का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं।

डीएम ने कहा कि डा0 भीमराव रामजी अम्बेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय परिसर की सड़कों की मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए तथा महाविद्यालय में श्रेणी-4 एवं श्रेणी-5 के आवास के निर्माण कार्य में गाति लाने के निर्देश दिये। उन्होनें संयुक्त जिला चिकित्सालय में इन्ट्रीग्रेटिड पब्लिक हेल्थ लेब का निर्माण कार्य माह जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजकीय इंजीनिरिंग कालेज में निर्माणधीन शैक्षिण भवन व छात्रावास के निर्माण कार्य में विलम्ब पाए जाने पर प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम को कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होनें सिचांई विभाग लम्बित कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रगति में सुधार दिखना चाहिए अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी श्री नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति परुस्कार विजेता शिक्षिका स्नेहिल पांडे को मिला शिक्षा गौरव सम्मान

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवांबगंज कस्बा स्थित पक्का तालाब प्रांगण में मंदिर जीर्णोद्वार उपरांत पक्का तालाब व अन्य विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण वर्चुवल माध्यम से उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या द्वारा किया गया सांसद साक्षी महराज विशिष्ट अतिथि अवध प्रांत छेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार सदर विधायक पंकज गुप्ता मौरावां विधायक अनिल सिंह एम एल सी रामचंद्र प्रधान ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता राजू सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति रावत नगर पंचायत चेयरमैन दिलीप लश्करी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजक जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण व अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया इसी क्रम उन्नाव जनपद के नाम यूरोप तक पहुचाने और शिक्षा जगत क्षेत्र से भारतीय प्रतिनिधि मंडल के तौर पर नीदरलैंड्स जाने व राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने व शिक्षा के क्षेत्र में किये गए अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मान दिया गया।

# मेधावी बच्चो के विद्यालयों को समाज कल्याण मंत्री देंगे दो-दो लाख

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



जिले के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने घोषणा की है कि मेधावी बच्चे अपने अपने विद्यालयों में विकास कार्य के लिए प्रस्ताव बनाकर देंगे और वे अपनी विधायक निधि से तीन विद्यालयो के लिए प्रति विद्यालय 2 लाख रुपये स्वीकृत करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन के सभागार में यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्रदेश के समाज कल्याण विभाग, राज्यमंत्री (स्व0प्र0) असीम अरूण, विधायक छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, व शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने देखा व सुना।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाई स्कूल परीक्षा में यूपी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले कन्नौज के होनहार छात्र अभय दीक्षित (सप्तम् स्थान) तथा इंटरमीडिएट में अनुराधा राजपूत (नवां स्थान) को एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जनपद स्तर पर हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में हरेन्द्र राजपूत (प्रथमं), निखिल सिंह (द्वितीय), कृति यादव (तृतीयं), अंशिका (चर्तुथ), शिव कुमार मिश्र (पाचवां), निधि राजपूत (छटवां), निशा (सातवां), आकाश (आठवां), हर्ष कुमार (नवां) और प्रान्जल, प्रतीक राजपूत, वर्षा, शक्ति पाल, पूर्णिमा पाठक (संयुक्त रूप से दसवें स्थान) इसी प्रकार इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अजंली राजपूत (द्वितीय), गरिमा (तृतीयं), अंक्षिता सिंह (चर्तुथ), दिव्या राजपूत (पाचवां), अमन सिंह (छठवां), आकंक्षा पाल (सातवां), ऋषि कुमार (आठवां), छाया राजपूत (नवां) व विशाखा (दसवां) को मंत्री, विधायकगणों एवं जिलाधिकारी द्वारा 21-21 हजार रुपये की डेमो चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंत्री असीम अरूण ने मेधावी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मा0 मुख्यमंत्री जी ने लगभग 180 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया है। जिसमें प्रशासनिक भवन, विद्यालय आदि जो लम्बे समय से लम्बित है उन योजनाओं को एक नई दिशा मिली है। कहा कि जनपद स्तर पर हम सब की जिम्मेदारी हैं, कि हम अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी सुविधाएं दे। आधारभूत संरचना अच्छी हो, शिक्षकों की जिम्मेदारी हैं, कि आधारभूत संरचना को सहज के रखना और उसका सदुउपयोग करना। कहा कि प्रोजेक्ट अंलकार के तहत जो कार्य हो रहा हैं, उसको बहुत अच्छे से करें।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में 3 कोचिंग सेंटर संचालित हैं। अब इन्हें ब्लाक स्तर पर खोले जाने की तैयारी की जा रही हैं। जल्द ही ब्लाक स्तर पर कोचिंग सेंटर संचालित होगें। उन्होनें कहा कि सदर विधानसभा के 4 मेधावी बच्चों को उनकी मंशानुरूप विद्यालय में प्रयोगशाला, उपकरण व अन्य व्यवस्थाओं हेतु निर्णय लेते हुये 02-02 लाख रूपये का प्रस्ताव बनाकर देगें, बच्चों के प्रस्ताव के आधार विद्यालय में कार्य कराये जायेगें।

विधायिका छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय, मा0 विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, पार्टी जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को भी बधाई दी। कहा कि विद्यार्थियों की सफलता पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय हैं, और यह अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 पूरन सिंह, जनप्रतिनिधिगण सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अपने ही गांव में घटिया सड़क निर्माण पर भड़के विधायक, रुकवा दिया काम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



भाजपा विधायक के गांव की सड़क निर्माण में ही विभाग ने घपला कर दिया। पैर मारते ही रोड उखड़ने लग गई और नीचे की बालू ऊपर आ गई। गुस्से में विधायक ने सम्बंधित विभाग के अधिकारी से फोन पर बात की तो उसने बताया कि नई टेक्नोलॉजी से सड़क बन रही है। फिलहाल विधायक ने सड़क निर्माण का काम रुकवा दिया है और मामले की जांच करवाने की बात कही है।

मामला छिबरामऊ क्षेत्र के गढ़िया मेरापुर गांव का है, जोकि भाजपा विधायक कैलाश राजपूत का गांव है। यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आरईडी द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी क्वालिटी बेहद घटिया है। विधायक कैलाश राजपूत एक दिन पहले अपने गांव जा रहे थे, तो कुछ ग्रामीणों ने घटिया सड़क निर्माण की शिकायत की।

उन्होंने कार से उतरकर सड़क की गुणवत्ता परखी। पैर मारते ही गिट्टी उखड़ने लग गई और नीचे से बालू ऊपर आ गई। इससे उनका पारा चढ़ गया। विधायक ने तत्काल अधिषासी अभियंता वर्षा गर्ग से बात की और निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दे दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण बेहद घटिया हो रहा है। गिट्टी के ऊपर सड़क बनाने के बजाय मिट्टी पर ही डामर डाल दिया गया, जिस कारण सड़क उखड़ने लग गई। घटिया निर्माण देखकर विधायक ने निर्माण कार्य रुकवा दिया।

### काम न करने की दी हिदायत

विधायक से फोन पर बात करते हुए विभाग के अधिकारी ने बताया कि सड़क का निर्माण नई टेक्नोलॉजी से कराया जा रहा है। ये सुनते ही विधायक का पारा चढ़ गया और उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए काम न करने की हिदायत दे डाली। विधायक कैलाश राजपूत ने डीएम से सड़क की जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जब तक जांच नहीं होगी, तब तक सड़क निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार हो रहा है यदि किसी कर्मचारी ने काम किया तो उनसे गांव वाले अपने स्तर से निपटेंगे और इसकी जिम्मेदारी खुद कर्मचारियों की होगी। जिले में जितने भी सम्पर्क मार्गो का निर्माण अब तक कराया गया है, उनमें से अधिकांश सड़कों के निर्माण में भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं। इनकी शिकायतें ग्रामीणों ने स्थानीय नेताओं से लेकर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण तक से कीं। इसके बावजूद न तो किसी अधिकारी पर कोई कार्यवाही हुई और न ही सड़क निर्माण की दौरान गुणवत्ता में कोई सुधार किया गया।

# भाजपा ने प्रोफेशनल मीट सयोजित किया

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन के प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की वही मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इटावा सरिता भदौरिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाजकल्याण मंत्री असीम अरुण सहित मंच पर विधायक कैलाश राजपूत विधायक अर्चना पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थिति रहे। वही मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया ने कहा कि मोदी जी ने 2014 के बाद देश में एक नई ऊर्जा का संचार किया है मोदी जी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेते ही भारत की आर्थिक विकास गांव गरीब किसान की चिंता करते हुए भारत को एक गौरवशाली भारत बनाने का जो सपना देखते हुए इस ओर काम करना प्रारंभ कर दिया था आज 11 वर्षो के बाद भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है आज भारत का किसान नौजवान महिलाएं खुशहाल जीवन जी रही है। हमने गरीबों को आवास दिए, हमने महिलाओं के लिए योजनाएं बनाई और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम किया, एक्सप्रेसवे बनाएं, किसानों के लिए उत्तम खेती की व्यवस्था के साथ-साथ जैविक खेती को भी बढ़ावा देने का काम किया आज भारत के किसानों की आय हमने दोगुनी करने का काम किया है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा कोसंकल्प बनाया सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है यही नया भारत है आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। भारत का हर वर्ग खुशहाल है यह सरकार गरीब किसान नौजवान शोषित वंचितों की सरकार जो लगातार समाज के हर वर्ग का विकास कर रही है वह इस मौके पर जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया विधायक अर्चना पांडे विधायक कैलाश राजपूत ने कहा की जव एक गरीब का बेटा देश की प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठा तो उसने देश के खजाने को गरीबों के विकास के लिए खोल दिया। आज समाज का हर वर्ग संपन्न है सुरक्षित है और सशक्त है

यही नया भारत है। और अब भारत विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है 2014 के बाद देश में सत्ता का परिवर्तन नहीं हुआ था एक व्यवस्था का परिवर्तन हुआ था। मोदी सरकार की हर योजना केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना से जुड़ी है। वही इस मौके पर बड़ी संख्या में सम्मानित पार्टी पदाधिकारी सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## राजस्व का ग्राफ गिरा... विकास सुधरा तो संयुक्त रैंक आई 33

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

सीएम डैशबोर्ड यानि दर्पण पोर्टल पर मई की रैंक जारी हो गई है। बताया गया है कि म् राजस्व विभाग की प्रगति खराब हुई है। विकास की योजनाओं में सुधार आया है जिस वजह से जनपद की संयुक्त रूप से रैंक 33वीं आई है। विकास व राजस्व विभाग की संयुक्त रूप से रैंक 33 आई है जिसमें 10 के सापेक्ष 8.58 फीसदी अंक मिले हैं। विकास विभाग के 8.76 प्रतिशत अंकों के साथ रैंक 45 और राजस्व के 8.32 फीसदी नंबरों के साथ रैंक 30 आई है। जारी हुई सूची के मुताबिक आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स का डिजिशक्ति योजना में बी श्रेणी व 6 अंक मिले हैं।

खाद्य एवं रसद विभाग का गेहूं खरीद योजना में 4 अंक व सी श्रेणी मिली है। नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में बी ग्रेड व 8 अंक मिले हैं।

राजस्व का अभिलेख त्रुटि सुधार धारा-38 (2) में 8 अंक व बी श्रेणी, राजस्व का ही आरसीसीएमएस डैशबोर्ड में 7 अंक व बी श्रेणी, कुर्रा बटवारा धारा 116 में 8 अंक व बी श्रेणी, नामांतरण धारा 34 में 5 अंक व सी ग्रेड, पैमाइश धारा 24 में 4 अंक व सी श्रेणी, भू आवंटन पट्टा डैशबोर्ड में शून्य अंक व डी श्रेणी, वसूली प्रमाण पत्र में 7 अंक व बी श्रेणी, स्वामित्व डैशबोर्ड में 8 अंक व बी श्रेणी, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में 3 अंक व सी श्रेणी, लोक शिकायत में जनसुनवाई यानि आईजीआरएस में 2 अंक व डी श्रेणी, वित्त में सरकारी कर राजस्व समेकित में 3 अंक व सी श्रेणी मिली है।

# समाज कल्याण मंत्री ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां




**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

केंद्र की भाजपा सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य रूप उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने पूर्व सांसद कार्यालय पर पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता करते हुए पत्रकारों से कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की नई यात्रा तय की है। लगातार पीएम बदलाव के साथ काम कर रहे है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की है, अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नोलॉजी को जन जन तक पहुंचाने का काम किया है आज का भारत चुप बैठने वाला भारत नहीं है हमने मिशन सिंदूर के जरिए आतंकी आकाओं को कठोर संदेश देने का काम किया है कि हमारे ऊपर गोली चलाने वालों का जवाब हम गोले से नहीं मिसाइल से देगे और हमने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरवेज को ध्वस्त कर यह दिखा दिया है मोदी के कार्यकाल में हमारा देश आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है आज हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मोदी जी ने गरीब तबके के लोगो को ऊपर उठाने और विकाश की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, मेक इन इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना इत्यादि तमाम योजनाओं को धरातल में उतारने का काम किया। पीएम हमेशा अंत्योदय की बात करते है आज सारी विकास की योजनाओं को अंत्योदय तक पहुंचने का काम मोदी जी कर रहे है और हम आज देख सकते हैं कि - केंद्र सरकार की योजनाओं में गरीब केंद्र बिंदु है। पिछले 11 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का अमृतकाल की शुरुआत की गई है 2014 से पहले ये सोच विकसित थी कि काम कैसे होगा यह नहीं हो पाएगा यह तो हो ही नहीं सकता जब भी आज की सोच है कि यह होगा जरूर होगा क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है।

इस दौरान प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विधायक इटावा सरिता भदौरिया, विधायक कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पांडेय पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल और इंटर के मेधावी हुए सम्मानित, मुख्यमंत्री योगी ने किया प्रोत्साहित

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री द्वारा बरेली के इंटर, हाईस्कूल में प्रदेश की टॉपर्स सूची में जगह बनाने वाले तीन मेधावियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का बरेली स्थित विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण हुआ।

यहां जिले के टॉपर्स को सांसद छत्रपाल गंगवार, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र, टैबलेट और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही खेलों में राष्ट्र स्तरीय मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ी भी सम्मानित हुए।

इस दौरान अमर उजाला की ओर से भी प्रशस्ति पत्र मेधावियों को प्रदान किए गए।

भाजपा सांसद ने कहा कि इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में जो परिणाम आए हैं उससे पता चलता है कि बालिकाओं ने बालकों के मुकाबले अधिक सफलता प्राप्त की है। बालिकाएं मेहनत करने में आगे हैं।

अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने उज्ज्वल भविष्य को शुभकामनाएं दीं। सम्मान और पुरस्कार पाकर मेधावियों व उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल गए।

## पुलिस चौकी से चोर फरार, एसी चोरी के आरोप में किया गया था गिरफ्तार, एक को पकड़ा, दूसरा लापता

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



जिला अस्पताल की पुलिस चौकी से ए सी चोरी के दो आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। दूसरा अभी भी फरार है। घटना के समय पुलिस ए सी चोरी के आरोपियों से पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाकर दोनों आरोपी भाग निकले। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को कुछ ही दूरी पर से पकड़ लिया। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस कई जगहों पर दबिश दे रही है। अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर अवनीश सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी ली जा रही है। बता दे की यूपी कांग्रेस ने इस घटना पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर तंज कसा है। कांग्रेस ने फिल्म खलनायक का डायलॉग शेयर करते हुए लिखा- बल्लू तुम्हारी जेल से फरार। साथ ही योगी सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। जिला अस्पताल एक संवेदनशील और भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है। यहां स्थित पुलिस चौकी से आरोपियों का फरार होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। पुलिस की इस लापरवाही से कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# पति से मिठाई मंगवाई और प्रेमी के साथ भाग निकली पत्नी

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



हाईवे पर पति को धोखा देकर भाग रही महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की पिटाई कर दी। तमाशा देखकर हाईवे पर भीड़ लग गई। उधर से निकल रहे ट्रैफिक इंचार्ज ने सड़क पर भीड़ लगी देखी तो रुक गए। मामले को समझने के बाद उन्होंने महिला और उसके प्रेमी को पुलिस के हवाले कर दिया। मामला जसोदा-जलालाबाद के बीच लिली कोल्ड स्टोरेज के पास का है। जहां प्रेमी के साथ भाग रही पत्नी को रोकने का प्रयास करने पर दोनों ने पति की धुनाई कर दी। हाइवे पर मारपीट होती देख भीड़ लग गई। इस दौरान गुरसहायगंज की ओर जा रहे ट्रैफिक इंचार्ज आफाक खान ने हाइवे पर भीड़ देखी तो कार रुकवाकर वहां पहुंच गए। पूछने पर युवक ने बताया कि उसे धोखा देकर पत्नी अपने प्रेमी के साथ भाग रही थी। जिसे घेरकर रोक लिया तो उन दोनों ने पिटाई कर दी। इसके बाद ट्रैफिक इंचार्ज ने जसोदा चौकी पुलिस को फोन कर के बुला लिया और महिला व उसके प्रेमी को पुलिस के हवाले कर दिया। पति ने कार्रवाई के लिए गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

### 8 मई को हुई थी शादी

तालग्राम थाना क्षेत्र के नगला खगु गांव के रहने वाले लक्ष्मीकांत राठौर ने बताया कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के भानपुर गांव के रहने वाले रामविलास की बेटी प्रिया के साथ उसकी शादी पिछले महीने की 8 तारीख को हुई थी। लक्ष्मीकांत और प्रिया साथ रह रहे थे। प्रिया ने पति से कहा कि कि जलालाबाद कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में उसने पढ़ाई की थी। जहां से टीसी लेनी है। ऐसे में पति उसे लेकर कॉलेज चला गया। जहां उसने सियरमऊ गांव के रहने वाले अपने प्रेमी शिवा को बुला लिया।

दोनों के बीच करीब एक साल से प्रेम प्रसंग था। प्रिया जलालाबाद कस्बे के एक कालेज में पढ़ने जाया करती थी, जहां पास के ही गांव सियरमऊ के रहने वाले शिवा से उसकी मुलाकात हुई और तब से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

### पति से मिठाई मंगवाई और खुद लापता हो गई

पति लक्ष्मीकांत ने बताया कि पत्नी प्रिया को टीसी दिलाने के बाद जब वह वापस घर लेकर आने लगा तो उसने मिठाई लेने के लिए कहा। पत्नी को सड़क किनारे बैठाकर वह मिठाई लेने दुकान पर पहुंच गया। जब मिठाई लेकर वापस आया तो पत्नी गायब हो गई। इधर-उधर देखा तो वह अपने प्रेमी के साथ ई-रिक्शा पर बैठकर भागती दिखी। उसका पीछा करने के लिए उसने एक ट्रैक्टर वाले से रिक्वेस्ट की। जिसने ट्रैक्टर दौड़ाकर ई-रिक्शा का पीछा किया और कुछ दूर जाकर उसे रुकवा लिया। जिसके बाद पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस बुलाने के लिए पति ने मोबाइल निकाला तो वह भी तोड़ दिया।

### महिला भी प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी

प्रेमी शिवा का कहना है कि उसने पहले ही प्रिया से शादी कर ली थी। बाद में उसके घर वालों ने दूसरी जगह शादी कर दी। महिला भी प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही।

# बिजली कटौती होने पर इन नंबरों पर करें कॉल

**जन एक्सप्रेस। बरेली**



बरेली में शाम सात बजे से रात 10 बजे तक (पीक आवर्स में) उपकेंद्रों परअभियंता मौजूद रहेंगे। उपभोक्ताओं को बिना वजह या फाल्ट के बाद मरम्मत में देरी के चलते होने वाली बिजली कटौती से निजात दिलाने के लिए यह व्यवस्था की गई है। शहर के कुल 24 में से घनी आबादी वाले 10 उपकेंद्र फिलहाल चिह्नित किए गए हैं। अभियंताओं के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। कटौती होने की स्थिति में उपभोक्ता इन नंबरों पर कॉल कर सकते हैं। अभियंता क्षेत्र का निरीक्षण भी करेंगे। 33/11 केवी के सुभाषनगर उपकेंद्र पर अधिशासी अभियंता अंकित गंगवार, किला उपकेंद्र पर अधिशासी अभियंता सत्येंद्र चौहान, परसाखेड़ा उपकेंद्र पर अधिशासी अभियंता राम लाल की तैनाती की गई है। शाहदाना उपकेंद्र पर सहायक अभियंता अभिषेक सिंह, महानगर उपकेंद्र पर सहायक अभियंता विक्रांत सैनी, हरूनगला उपकेंद्र पर सहायक अभियंता रविंद्र कुमार, सीबीगंज उपकेंद्र पर सहायक अभियंता रोहित कुमार, कुतुबखाना उपकेंद्र पर सहायक अभियंता संजीव कुमार गुप्ता की ड्यूटी लगाई है। जगतपुर उपकेंद्र पर सहायक अभियंता रविंद्र कुमार और सनसिटी उपकेंद्र पर सहायक अभियंता संजय प्रसाद को तैनात किया गया है।

# फडणवीस और राज ठाकरे की डेढ़ घंटे मुलाकात हुई

## शिवसेना यूबीटी–मनसे गठबंधन पर लग सकता है ब्रेक, उद्धव बोले थे, जनता जो चाहेगी, वो होगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की। ये मीटिंग मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल में करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह कार्यक्रम श्टरू फडणवीस के शेड्यूल में शामिल नहीं था। अचानक हुई इस मीटिंग के बाद राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि पिछले दिनों शिवसेना और मनसे (यूबीटी) के बीच गठबंधन की जो संभावनाएं थीं, उन पर फिलहाल विराम लग सकता है। हालांकि महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और बीजेपी नेता नितेश राणे ने कहा, ये मुलाकात राजनीतिक नहीं हैं। देवेंद्र जी के हर व्यक्ति के साथ अच्छे संबंध हैं। दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने 6 जून को अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के साथ गठबंधन के संकेत दिए थे। उद्धव ने कहा था कि महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी, वही होगा। राज ठाकरे ने 2006 में शिवसेना से अलग होकर मनसे बनाई थी। महाराष्ट्र में इस साल सितंबर तक निकाय चुनावों होने की संभावना है। 2024 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के खराब प्रदर्शन के चलते दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की चर्चा तेज है। 2024 के चुनावों में उद्धव की पार्टी को जहां सिर्फ 20 सीटें मिलीं थीं। वहीं, मनसे का खाता तक नहीं खुला था।

### राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बीच फूट कैसे पड़ी

1989 से राजनीति में सक्रिय हैं राज ठाकरे 1989 में राज ठाकरे 21 साल की उम्र में शिवसेना की स्टूडेंट विंग, भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष थे। राज इतने सक्रिय थे कि 1989 से लेकर 1995 तक 6 साल के भीतर उन्होंने महाराष्ट्र के कोने-कोने के अनगिनत दौरे कर डाले। 1993 तक उन्होंने लाखों की तादाद में युवा अपने और शिवसेना के साथ जोड़ लिए। इसका नतीजा ये हुआ कि पूरे राज्य में शिवसेना का तगड़ा जमीनी नेटवर्क खड़ा हो गया। 2005 में शिवसेना पर उद्धव हावी होने लगे 2002 तक राज ठाकरे और उद्धव शिवसेना को संभाल रहे थे। 2003 में महाबलेश्वर में पार्टी का अधिवेशन हुआ। बालासाहेब ठाकरे ने राज से कहा, उद्धव को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाओ। राज ने पूछा, 'मेरा और मेरे लोगों का क्या होगा।' 2005 तक उद्धव पार्टी पर हावी होने लगे थे। पार्टी के हर फैसले में उनका असर दिखने लगा था।

### राज ठाकरे ने पार्टी छोड़ी, स्व्हस का ऐलान किया

27 नवंबर 2005 को राज ठाकरे के घर के बाहर हजारों समर्थकों की भीड़ इकट्ठा हुई। यहां राज ने समर्थकों से कहा, %मेरा झगड़ा मेरे विट्ठल (भगवान विठोबा) के साथ नहीं है, बल्कि उसके आसपास के पुजारियों के साथ है। कुछ लोग हैं, जो राजनीति की व्रष्ट को नहीं समझते हैं। इसलिए मैं शिवसेना के नेता के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। बालासाहेब ठाकरे मेरे भगवान थे, हैं और रहेंगे।% 9 मार्च 2006 को शिवाजी पार्क में राज ठाकरे ने अपनी पार्टी 'महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना' यानी मनसे का ऐलान कर दिया। राज ने मनसे को 'मराठी मानुस की पार्टी' बताया और कहा– यही पार्टी महाराष्ट्र पर राज करेगी।

# गाजियाबाद में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

- कर्म पर रखें विश्वास, फल की चिंता न करें: कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



जनपद मुख्यालय के दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इसके उपरान्त माननीय कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा गाजियाबाद जिले के मेधावी छात्र–छात्राओं को ?सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने प्रयास सदैव जारी रखें, क्योंकि आपका अधिकार केवल कर्म पर है, फल पर नहीं। जीवन में जितने भी लोग महान बने हैं, वे अपने निरंतर प्रयास और कर्म के बल पर ही आगे बढ़े हैं , चाहे वह महात्मा गांधी हों, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम हों, प्रधानमंत्री हों या मुख्यमंत्री। उन्होंने कहा कि अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय स्वयं को न दें, क्योंकि आपकी सफलता आपके गुरु, माता-पिता, सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश, तथा राजनीतिक इच्छाशक्ति पर भी निर्भर करती है। इस अवसर पर गाजियाबाद महानगर के भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में कहा कि यदि आपको सफल होना है तो निरंतर परिश्रम करना आवश्यक है। जीवन में जब आप सफलता प्राप्त कर लें, तो दो बातों को सदैव स्मरण रखें प्रथम अपने राष्ट्र की संस्कृति और भाषा के विकास में योगदान दें दूसरा अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को बनाए रखें। बैठक में मुख्य रूप से जिलाधिकारी दीपक मीणा, अयान जैन आईएएस, जिला विद्यालय निरक्षक धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# देश में कोरोना के एक्टिव केस 7154 पार, 77 मौतें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु/तिरुवनंतपुरम

देश में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट तेजी से फैल रहा है। 30 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7154 पहुंच गई है। एक हफ्ते से औसतन हर दिन 400 नए केस सामने आए। हालांकि, बुधवार को केवल 33 केस दर्ज हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2165 मामले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीते एक हफ्ते में कोरोना से 30 लोगों की जान गई है। नए वैरिएंट से अब तक 77 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई। महाराष्ट्र में 2, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 1-1 मरीज की मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 21 मौतें हुई हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बुधवार को कहा कि सर्दी-खांसी और गले में दर्द होने पर खुद को क्वारंटीन कर लेना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। राज्य में बढ़ते मामलों के बीच राज्य सरकार केंद्र से संपर्क में है। पीएम मोदी से मिलने के लिए कोविड टेस्ट अनिवार्य देश में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए RT-PCR टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

**उत्तर प्रदेश:** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को कहा- राज्य में कोरोना को कंट्रोल करने के लिए पूरी व्यवस्था हो चुकी है। ऑक्सीजन प्लांट और अस्पतालों के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं।

**पश्चिम बंगाल:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों से बैठक की। ममता ने कहा- राज्य के सरकारी अस्पतालों में इलाज की पूरी व्यवस्था है, ऐसे में लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

**गुजरात:** राज्य सरकार ने कहा- हम कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर और ढ्रष्ट बेड की व्यवस्थाएं कर ली हैं। हम अलर्ट पर हैं, किसी भी स्थिति को नियंत्रित कर सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बताया कि मौजूदा वैरिएंट ओमिक्रॉन वायरस कोविड परिवार का ही है, लेकिन यह इतना गंभीर नहीं है।

**केरल:** स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के लक्षणों वाले मरीजों का इलाज करते समय जून 2023 में जारी की गई कोविड गाइडलाइन पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। साथ ही जुकाम, खांसी और बुखार जैसे लक्षण वाले मरीजों का कोविड टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है।

**कर्नाटक:** गुलबर्गा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने में 25 बेड का कोविड वार्ड बनाया गया है। इनमें से पांच-पांच बेड (वेंटिलेटर समेत), हाई डिपेंडेंसी यूनिट और पांच प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए हैं। बाकी 10 नॉर्मल बेड हैं।

**उत्तराखंड:** राज्य सरकार ने बुधवार को गाइडलाइन जारी कर जिला प्रशासन से अस्पतालों में ऑक्सीजन तथा जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

# देश में राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म

## यूपी–बिहार में लू से 5 की मौत, एमपी के 12 जिलों में हीटवेव का अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ



देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा 48°C तापमान रिकॉर्ड हुआ। 6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49°C दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में आज भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के सभी जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तापमान भी 1-2 डिग्री बढ़ सकता है। यूपी के अधिकतर जिलों में तापमान 40°C के पार है। बीते 24 घंटे में लू (हीटस्ट्रोक) से 4 लोगों की मौत हुई है। आज भी प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को लगातार छठे दिन भीषण गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है। इधर, दिल्ली में पारा 45°C पहुंचने के कारण रेड अलर्ट है। बुधवार को दिल्ली का आया नगर 45.0°C के साथ सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में गर्मी का अलर्ट जारी किया है।

### राजस्थान: आज भी भीषण गर्मी–लू का अलर्ट

राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप आज भी रहेगा। मौसम विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के 13 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। 12 और 13 जून को बीकानेर संभाग में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। बुधवार को श्रीगंगानगर 48 डिग्री तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। बाड़मेर और जैसलमेर से ज्यादा गर्मी जयपुर में रही।

### मध्य प्रदेश: 15 जून को मानसून की एंट्री के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक, मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री 14 या 15 जून को हो सकती है। हालांकि, 12-13 जून को प्रदेश में भीषण गर्मी रहेगी। गुरुवार को ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है।

### बिहार: आज हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट

बिहार में अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। मौसम विभाग ने गुरुवार को पूरे प्रदेश में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 14 जून से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। बुधवार को 6 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार रहा।

### हरियाणा: 9 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट

हरियाणा में बीते कुछ दिन से लू चल रही, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने 13 जून तक 9 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। बुधवार को 6 जिलों का तापमान 44 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का शुभारंभ

## पर्यटन मंत्री 15 जून हरी झंडी दिखाकर पहले जत्थे को करेंगे रवाना

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 जून से अगस्त के दौरान पांच वर्षों के अंतराल के बाद पुनः प्रारंभ हो रही है। कोरोना महामारी के कारण स्थगित रही इस यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 15 जून को तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा गाजियाबाद जनपद के इंदिरापुरम में विभिन्न सुविधाओं से युक्त कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका संचालन उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब है, कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान लिपुलेख, उत्तराखंड एवं नाथू ला. सिक्किम के मार्ग से यात्रियों के 15 जत्थे कैलाश मानसरोवर पहुंचेंगे। प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों के लिए पुख्ता प्रबंध किये गए हैं। यूपीएसटीडीसी ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम में विभिन्न सुविधाओं से युक्त कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन तीर्थयात्रियों को यात्रा पूर्व एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा। पूरी तरह वातानुकूलित भवन में एक समय में 288 व्यक्तियों के ठहरने की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भू-तल पर स्थित भोजनालय में यात्रियों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसा जाएगा। योग प्रशिक्षकों की देखरेख में प्रतिदिन योग सत्र आयोजित होंगे जिससे यात्री शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ व ऊर्जावान रहेंगे। सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भजन संध्या कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से शुरू होकर 25 अगस्त 2025 तक चलेगी।

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी। यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। तीर्थयात्रियों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने, शांति प्रदान करने तथा धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भजन संध्या का आयोजन भी होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है। ताकि, यात्री स्वेच्छापूर्वक पसंद की पुस्तक पढ़ सकें। परिसर में स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित किया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम मेडिकल जांच करेगी। भारत तिब्बत सीमा पुलिस के स्टाफ, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पर्यटन निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी भी सेवा भाव से उपलब्ध रहेंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के उपयोग के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन के साहित्य ब्रोशर किट उपलब्ध रहेंगे।

### शुरू हुई साफ सफ़ाई और सड़कों के विकास का कार्य

मानसरोवर यात्रा के तहत गाजियाबाद के शक्तिखंड चार स्थित मानसरोवर भवन की सफाई और आस पास इलाकों को चमकाने हेतु नगर निगम और प्रशासनिक विभाग लग गए हैं। सड़कों से लेकर स्ट्रीट लाइट और साफ सफाई से लेकर अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य जोरो पर है। वर्षो से उपेक्षा के शिकार के बाद अब पहली बार मानसरोवर भवन के दिन बहुरेंगे।

# आईसीएआर–एनबीएफजीआर की बड़ी वैश्विक उपलब्धि: डब्ल्यूओएएच ने लखनऊ स्थित जलीय पशु स्वास्थ्य प्रयोगशाला को ईयूएस रोग के लिए अंतरराष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में किया मान्यता प्राप्त

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




भारत ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर वैज्ञानिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीएफजीआर), लखनऊ की जलीय पशु स्वास्थ्य प्रयोगशाला को डब्ल्यूओएएच (विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन) द्वारा एपिज़ूटिक अल्सरेटिव सिंड्रोम (ईयूएस) के लिए अंतरराष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। यह ऐतिहासिक घोषणा डब्ल्यूओएएच की 92वीं आम सभा के दौरान पेरिस, फ्रांस में की गई, जिसमें दुनियाभर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह मान्यता न केवल भारत की वैज्ञानिक क्षमताओं की पुष्टि करती है, बल्कि जलीय रोग प्रबंधन में आईसीएआर-एनबीएफजीआर की वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका को भी सुदृढ़ करती है।

### भारत की वैश्विक भूमिका हुई और मजबूत

इस मान्यता से भारत को जलीय रोगों की निगरानी, तकनीकी मार्गदर्शन और नीति-निर्धारण में वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका प्राप्त हुई है। डॉ. काजल चक्रबर्ती, निदेशक, आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्थान की टीम को बधाई देते हुए कहा, यह मान्यता भारत के वैज्ञानिक कद को नई ऊँचाइयों पर ले जाती है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में ट्रांसबाउंडरी रोग नियंत्रण एवं जैव सुरक्षा ढांचे में हमारे योगदान को और सशक्त बनाती है। उन्होंने वैश्विक मानकों और वन हेल्थ दृष्टिकोण के अनुरूप स्थायी जलीय स्वास्थ्य प्रबंधन समाधान विकसित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और क्षमता निर्माण की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

### भारत सरकार को डब्ल्यूओएएच का धन्यवाद

इस ऐतिहासिक नामांकन के अवसर पर डब्ल्यूओएएच के महानिदेशक ने भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की सचिव डॉ. अलका उपाध्याय को औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में आईसीएआर प्रणाली के साथ और अधिक गहन सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

### यह उपलब्धि क्यों है खास?

भारत की पहली जलीय रोगों पर आधारित डब्ल्यूओएएच संदर्भ प्रयोगशाला वैश्विक रोग निगरानी नेटवर्क में भारत की रणनीतिक भागीदारी वैज्ञानिक नवाचार, प्रशिक्षण, और नीति सलाह में नई वैश्विक जिम्मेदारियाँ वन हेल्थ और जैव सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका यह उपलब्धि भारत की वैज्ञानिक दूरदृष्टि, सतत नवाचार और वैश्विक जलीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

### वैज्ञानिक उत्कृष्टता का अंतरराष्ट्रीय सम्मान

ईयूएस, जो कि एफानोमाइसेस इन्वाडेंस के कारण मछलियों में एक गंभीर संक्रमण है, एशिया–प्रशांत क्षेत्र में जलीय जैव सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती रही है। इस क्षेत्र में आईसीएआर–एनबीएफजीआर की प्रयोगशाला द्वारा किए गए नवाचारी अनुसंधान, रोग निदान और नियंत्रण उपायों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए डॉ. प्रभात कुमार प्रधान, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, विदेशी और जलीय पशु स्वास्थ्य प्रभाग, को डब्ल्यूओएएच द्वारा विशेषज्ञ के रूप में नामित किया गया है।

# आयुष्मान घोटाला: 34 अस्पतालों को फर्जी मरीजों के नाम पर 9.94 करोड़!

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

- सिस्टम की आईडी से हुआ खेल रु 4.43 करोड़ हुई अभी तक की वसूली
- सरकारी लॉगिन का दुरुपयोग, सरकारी पैसे पर निजी अस्पतालों की सेहत बनी, ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा

'आयुष्मान भारत'–गरीबों के इलाज की योजना, मगर यहां हुआ बीमार सिस्टम का इलाज! उत्तर प्रदेश में इस राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम पर करोड़ों रुपये का घोटाला सामने आया है। 34 निजी अस्पतालों को फर्जी मरीजों के नाम पर 9.94 करोड़ का भुगतान किया गया, जिसमें से अब तक 4.43 करोड़ की वसूली हो चुकी है। बाक़ी धन की रिकवरी के लिए अभियान तेज़ है।

**सिस्टम से सेंधमारी: फर्जी मरीज, फर्जी इलाज, असली भुगतान!**

इस गोरखधंधे की परतें मई 2025 में खुलीं, जब (स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज) ने आंतरिक ऑडिट में पाया कि 1 से 22 मई के बीच योजना से जुड़े अधिकारियों की लॉगिन आईडी का दुरुपयोग कर हजारों फर्जी एंट्री की गईं। इलाज हुआ नहीं, फिर भी भुगतान हो गया।




### एफआईआर दर्ज, अस्पतालों को नोटिस: एक और 'मेडिकल माफिया' का पर्दाफाश

घोटाले की पुष्टि होते ही 6 जून को हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। 34 निजी अस्पतालों को नोटिस भेजे गए हैं, जिनके खातों में यह अवैध भुगतान पहुंचा। ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, सिस्टम में लॉगिन कर भूतिया मरीजों को भर्ती दिखाया गया और लाखों–करोड़ों की बिलिंग कर दी गई।

### क्या सिर्फ लखनऊ? पूरे प्रदेश में बिछा है फर्जीवाड़े का जाल!

सूत्रों की मानें तो ये घोटाला सिर्फ लखनऊ तक सीमित नहीं, बल्कि इसका नेटवर्क प्रदेश के अन्य जिलों तक फैला हो सकता है। इसी के चलते अब राज्य स्तर पर बड़े भुगतान वाले सभी मामलों का डिजिटल ऑडिट शुरू किया गया है।

### सियासत गरमाई: आयुष्मान भारत नहीं, भ्रष्टाचार भारत बना डाला!

इस खुलासे के बाद विपक्ष ने सरकार पर जबरदस्त हमला बोला है। समाजवादी पार्टी ने कहा कि योगी सरकार की डिजिटल पारदर्शिता के नाम पर भ्रष्टाचार का डिजिटल मॉडल चलाया जा रहा है। कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर सीबीआई या न्यायिक जांच की मांग की है। सरकार ने जवाब में कहा है घोटाले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सिस्टम में सेंध लगाने वालों की जगह सिर्फ जेल में है।

### जन एक्सप्रेस का सवाल: सिस्टम बीमार है या नीयत?

इस घोटाले ने स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। गरीबों के इलाज के नाम पर हो रहा ये छल अब 'राष्ट्रीय शर्म' में तब्दील हो रहा है। जन एक्सप्रेस की विशेष टीम इस मामले की तह तक जाएगी। सवाल अब सिर्फ पैसे की नहीं, न्याय और भरोसे की है। क्या अगली बार जब कोई गरीब अस्पताल का दरवाज़ा खटखटाएगा, तो उसे वाकई इलाज मिलेगा... या फिर सिस्टम पहले ही किसी फर्जी नाम से उसके हक का 'इलाज' खा चुका होगा?

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)